ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:54 उपरांत मूल विक्रम संवत 2083

आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
21.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.32
सूर्यास्त 06.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

मंगलवार, 5 मई 2026, वर्ष 7, अंक 32, पृष्ठ 16 मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

बंगाल-असम में भगवा आंधी



पूर्वी भारत के राजनीतिक मानचित्र पर आज एक ऐसा 'भगवा सूर्योदय' हुआ है, जिसने दशकों पुराने स्थापित समीकरणों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। पश्चिम बंगाल से लेकर असम की वादियों तक चली प्रचंड 'भगवा आंधी' में विपक्ष के तमाम किले ताश के पत्तों की तरह ढह गए। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों से राज्य की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का किला ढह गया है। भाजपा यहां 200 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करके पहली बार सत्ता पर काबिज होने जा रही है। असम के चुनावी नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भगवा रंग अब स्थायी हो चुका है। पहले गठबंधन के सहारे सरकार चलाने वाली भाजपा ने पहली बार स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।

प.बंगाल में पहली बार खिला कमल, असम में हिमंता सरकार दोबारा, पुडिचेरी में भी एनडीए

कोलकाता/ नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की राजनीति में सोमवार को एक नया इतिहास रचा गया। मां, माटी, मानुष के नारे को पीछे छोड़ते हुए बंगाल की जनता ने इस बार 'परिवर्तन' के पक्ष में मतदान किया। भाजपा ने 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में देर रात तक 199 सीटें पर जीत हासिल कर ली है और 7 सीटों पर बढ़त है। इस तरह से उसकी जीत का आंकड़ा 207 तक पहुंचता दिख रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने केवल 69 सीटों पर जीत हासिल की और 11 सीटों पर बढ़त के साथ उसकी झोली में अधिकतम 80 सीट ही आ सकेंगी। कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं और आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) ने भी दो ही सीटों पर विजय हासिल की है।

- **ऐतिहासिक परिवर्तन: तृणमूल के 15 साल के शासन का अंत**

2021 के विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव देखा गया, जहां तृणमूल ने 47.94 प्रतिशत मतों के साथ 213 सीटें जीतकर अपनी पकड़ मजबूत की थी, जबकि भाजपा 38.13 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 77 सीटों पर सिमट गई थी। इस चुनावी मैदान में एक तरफ जुझारू ममता बनर्जी ने अपनी पूरी शक्ति झोंक दी थी, लेकिन सत्ता विरोधी लहर और विकास के वादों के सामने उनकी घेराबंदी विफल रही। आखिरकार, कोलकाता के मुख्यालय से लेकर सुदूर गांवों तक भगवा की लहर दौड़ गई है और बंगाल की धरती पर पहली बार कमल खिला है।

असम में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार असम में सरकार बनाने के लिए तैयार है। राजग ने सोमवार को 126 सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटों पर जीत दर्ज की। उसके सहयोगी दलों बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) को 10-10 सीट पर जीत मिली है। भाजपा एक सीट पर आगे चल रही थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग को 89,434 मतों से हराकर लगातार छठी बार जालुकबारी निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई जोरहाट में अनुभवी नेता और मौजूदा भाजपा विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी से 23,181 मतों के अंतर से हार गए। भाजपा के चुनाव जीतने वाले प्रमुख नेताओं में मंत्री अजंता नियोग (गोलाघाट), रानोज पेगु (धेमाजी), पीजूष हजारिका (जागीरोड), कौशिक राय (लखीपुर), प्रशांत फूकन (डिब्रूगढ़), कृष्णेंदु पॉल (पाथरकांडी) और बिमल बोरा (तिंगखोंग) शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने यूपीपीएल के पूर्व बीटीसी प्रमुख प्रमोद बरो को हराकर तामुलपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विधानसभा चुनाव में राजग के शानदार प्रदर्शन के लिए जनता का आभार जताते हुए सोमवार को कहा कि यह परिणाम सरकार के अच्छे काम और राज्य के विकास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक-दो को छोड़कर विपक्ष में कोई हिंदू विधायक नहीं होगा।

पश्चिम बंगाल

सीट : 294 बहुमत : 147

भाजपा	टीएमसी	अन्य
206	81	06

असम

सीट : 126 बहुमत : 64

भाजपा	कांग्रेस	अन्य
102	21	03

(आंकड़े रुझान और जीत के आधार पर)

सियासी भागीरथी का महासंगम

गंगोत्री से गंगासागर तक अब भगवा

भारतीय राजनीति के मानचित्र पर आज एक ऐसी इबारत लिखी गई है, जिसकी गूंज हिमालय की कंदराओं से लेकर बंगाल की खाड़ी तक सुनाई दे रही है। उत्तराखंड की पहाड़ियों में स्थित गंगोत्री से शुरू हुई भाजपा की वैचारिक धारा अब पश्चिम बंगाल के गंगासागर तक पहुंच कर एक अखंड राजनीतिक प्रवाह में बदल गई है। बंगाल चुनाव 2026 के इन ऐतिहासिक परिणामों ने न केवल सत्ता का केंद्र बदला है, बल्कि भाजपा के गंगोत्री से गंगासागर तक वाले भाजपा के नारे को हकीकत बना दिया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोनार बांग्ला के आह्वान, अमित शाह की अभेद्य रणनीति और योगी आदित्यनाथ के प्रखर नेतृत्व ने मिलकर बंगाल की खाड़ी में वह राजनीतिक सुनामी पैदा की, जिसने दशकों पुराने किलों को ध्वस्त कर दिया। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि यह उत्तर भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पूर्वी भारत की बौद्धिक चेतना के मिलन का प्रतीक बन गई है।

देश के 21 राज्यों में एनडीए का दबदबा

विपक्ष के लिए नई चुनौतीबंगाल की इस जीत के साथ ही भारत के राजनीतिक नक्शे पर भाजपा और उसके सहयोगियों एनडीए का प्रभाव अब 21 राज्यों तक विस्तृत हो गया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अपनी जड़ें मजबूत करने के बाद, अब बंगाल और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य भाजपा के नए 'पावर हाउस' बनकर उभरे हैं। बंगाल की इस जीत ने भाजपा को वह ऊर्जा दी है जिससे वह कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक बार फिर नए सिरे से 'अजेय' होने का दावा कर रही है।

योगी के प्रखर हिंदुत्व और बुलडोजर मॉडल से बंधा जीत का सेहरा

कोलकाता : पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक बढ़त के पीछे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'प्रखर हिंदुत्व' और 'सुरक्षा मॉडल' एक बड़ा कारक बनकर उभरा है। योगी आदित्यनाथ ने इस चुनाव में भाजपा के पक्ष में 20 से अधिक रैलियां और रोड शो किए ।विश्लेषणों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने जिन प्रमुख सीटों पर प्रचार किया, उनमें से 75% से अधिक सीटों पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी सभाओं में 'बुलडोजर' और 'भ्रष्टाचार मुक्त शासन' के यूपी मॉडल की बात की, जिसे बंगाल की जनता ने हाथों-हाथ लिया। सोनामुखी, मालदा और पुरुलिया जैसे क्षेत्रों में उनकी रैलियों ने ध्रुवीकरण और जमीनी कार्यकर्ताओं के उत्साह को नई ऊंचाई दी।

मोदी-शाह-योगी: विजय के तीन शिल्पकार

पीएम मोदी ने जहां बंगाल के घर-घर में विकास की उम्मीद जगाई, वहीं अमित शाह के 'बूथ-मैनेजमेंट' ने हर चुनौती को मात दी। दूसरी ओर, योगी आदित्यनाथ की रैलियों ने पूरे बंगाल में हिंदुत्व और सांस्कृतिक गौरव का वह ज्वार पैदा किया, जिसने चुनाव को पूरी तरह 'भगवा' रंग में रंग दिया। आज ये तीनों नेता बंगाल के मानचित्र पर खड़े होकर देश को एक नए 'राजनीतिक एकीकरण' का संदेश दे रहे हैं।

यूडीएफ ने केरलम में सत्ता हासिल की

सीट : 140 बहुमत : 71

यूडीएफ	एलडीएफ	भाजपा
102	35	03

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरल विधानसभा चुनावों में 102 सीटें जीतकर दो तिहाई से अधिक बहुमत के साथ ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए 10 साल बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। 140 सदस्यीय विधानसभा के सोमवार को घोषित नतीजों के अनुसार कांग्रेस को 63 सीटें मिली हैं जबकि उसके गठबंधन यूडीएफ में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को 22, केरल कांग्रेस को सात और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी को तीन सीटें मिली हैं। यूडीएफ से संबद्ध चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की है। दूसरी ओर माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। एलडीएफ की करारी हार के बाद पिनरायी विजयन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे उनका एक दशक लंबा कार्यकाल समाप्त हो गया। माकपा को 26 सीटें ही मिल पायी हैं।

अब टीवीके सबसे बड़ी पार्टी

थलपति विजय

चेन्नई। अपनी सुपरहिट फिल्मों की तरह, जिनमें वह एक हीरो के तौर पर दुश्मनों का सफाया करते हैं, अभिनेता विजय ने तमिलनाडु के चुनावी मैदान में धमाकेदार शुरुआत की है। विजय ने अपने पहले ही चुनाव में द्रविड़ राजनीति के उस मजबूत किले को ढहा दिया है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

उन्होंने अकेले अपने दम पर तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) को शानदार जीत दिलाई है। उन्होंने न केवल सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को पछाड़ा, बल्कि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) जैसी सशक्त पार्टी को तीसरे नंबर पर धकेल दिया। इस चुनाव में द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन को भी कोलाथुर सीट पर हार झेलनी पड़ी है। उनके साथ ही दिग्गज मंत्री दुरईमुरुगन समेत कई बड़े मंत्रियों को अपने ही गढ़ में शिकस्त मिली है।

स्टालिन को टीवीके उम्मीदवार वी.एस. बाबू ने 9,000 से ज्यादा मतों से हराया है। कोलाथुर से लगातार तीन बार जीत चुके श्री स्टालिन की यह पहली हार है। पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, हालांकि वह बहुमत के लिए जरूरी 118 सीटों के जादुई आंकड़े से थोड़ी पीछे रह गई है। विजय ने खुद चेन्नई की पेरम्बूर और त्रिची पूर्व, दोनों सीटों से भारी मतों से जीत हासिल की है।

विजय ने अपने करोड़ों प्रशंसकों को एक मजबूत वोट बैंक में बदल दिया। उन्होंने खुद को एक 'द्रविड़ विकल्प' के रूप में पेश किया और वह सफलता पाई जो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां 1967 के बाद से कभी हासिल नहीं कर सकीं।

तमिलनाडु

सीट : 234 बहुमत : 118

टीवीके	एडीएमके	डीएमके	अन्य
107	53	65	09

- **द्रविड़ राजनीति के मजबूत किले को ढहाकर विजय की शानदार शुरूआत**

पुडुचेरी में फिर खिला 'कमल' एनडीए की शानदार वापसी

सीट : 30 बहुमत : 16

एनडीए	कांग्रेस	अन्य
18	6	06

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने एक बार फिर एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाले ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस और भाजपा गठबंधन ने अपनी सत्ता बरकरार रखते हुए बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। रंगासामी ने अपनी पारंपरिक सीट थट्टनचावडी से 4,441 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अपनी लोकप्रियता साबित की है ।दिग्गजों की जीत और बड़े उलटफेरइस चुनाव में न केवल रंगासामी ने जीत हासिल की, बल्कि भाजपा के कद्दावर नेता ए. नमस्वयम ने भी मन्नडिपेट सीट से 6,110 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। कांग्रेस के दिग्गज नेता वी. वैथिलिंगम को थट्टनचावडी में करारी हार का सामना करना पड़ा, जहां वे चौथे स्थान पर रहे। विधानसभा अध्यक्ष आर. सेल्वम और विपक्ष के नेता आर. शिवा जैसे बड़े चेहरे भी अपनी सीटें बचाने में नाकाम रहे।

नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर मोदी का किया गया भव्य स्वागत। ● एजेंसी

यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है। उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन है, काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा कि मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता हूं। समारोह में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। पिछले साल 14 नवंबर को, जब बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे, मोदी ने इसी स्थान से भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा बिहार से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक बहती है। उन्होंने कहा कि और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिला हुआ है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के इस उत्सव में भय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत हुई है।

भाजपा मुख्यालय पर जश्न

- **प्रधानमंत्री ने कहा -हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, हमारी रगों में दौड़ता हुआ संस्कार**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन इन पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को दिखा दिया है कि क्यों हमारा देश लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, यह हमारी रगों में दौड़ता हुआ संस्कार है। आज भारत का संविधान भी जीता है। हमारी संवैधानिक संस्थाएं जीती हैं। हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं जीती हैं। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 93 प्रतिशत मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है तथा असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी मतदान के नये रिकॉर्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में महिलाओं की भागीदारी असाधारण रूप से अधिक रही और यह भारतीय लोकतंत्र की सबसे उज्ज्वल तस्वीर के रूप में उभर रही है।

www.amritvichar.com

जनादेश @ 2026

अमृत विचार

मंगलवार, 5 मई 2026

अंग बंग कलिंग जीता, मां माटी मानुष पड़ा फीका

10 साल में तीन से 77 के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगाया सीटों का दोहरा शतक

मनोज त्रिपाठी, अमृत विचार

पश्चिम बंगाल दशकों से भाजपा के लिए एक अधूरे प्रोजेक्ट जैसा था। भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होंने देश में हिंदुत्व की दिशा को धार दी, इसी राज्य के थे। ऐसे में बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ी वैचारिक सफलता की ध्वज वाहक भी है। इस बार पार्टी ने ममता की विफलताओं को उजागर करने के साथ रणनीतिक कौशल दिखाया। आक्रामक अभियान चलाकर हिंदू मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपनी तरफ आकर्षित करने के साथ महिला सुरक्षा को इतना बड़ा मुद्दा बना दिया कि ममता सरकार की कल्याणकारी योजनाएं फीकी पड़ गईं। इसी के साथ पार्टी का अंग-बंग और कलिंग' (बिहार, बंगाल और ओडिशा) में सत्ता हासिल करने का पुराना सपना भी साकार हो गया।

अंग-बंग और कलिंग' का जयघोष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान किया था। किसी समय यही त्रिकोण भारत की दिशा और दशा तय करता था। भाजपा अंग और कलिंग पर तो पहले से ही काबिज ही थी, अब पहली बार बंग पर भी भगवा झंडा फहरा दिया है। पश्चिम बंगाल में साल 2016 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को तीन सीटें मिली थीं। यहां से 2021 के चुनाव में पार्टी 77 सीटों पर पहुंची और इस बार कमाल दिखाते हुए सीटों की संख्या के लिहाज से दोहरा शतक लगाने के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी भवानीपुर में धूल चटा दी।

एम फैक्टर से ही तोड़ा टीएमसी का तिलिस्म

पश्चिम बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए 'मां, माटी, मानुष' का गढ़ा और 2011 के विधानसभा चुनाव में 34 साल पुरानी वाम सरकार को हरा दिया। 2016 और 2021 में भाजपा पर भी यह नारा जमकर भारी पड़ा। लेकिन 2026 के चुनाव में यह नारा भाजपा और टीएमसी के बीच तीखे वैचारिक संघर्ष का केंद्र बन गया। मोदी ने प्रचार अभियान में हमला बोलते हुए कहा कि आज 'मां' रो रही है, 'माटी' असुरक्षित है और 'मानुष' भयभीत हैं। पार्टी ने टीएमसी के नारे को उसके मुस्लिम प्रेम, महिला असुरक्षा और ममता की विफलता का नैरेटिव बना दिया।

75 साल बाद साकार हुआ सपना

वर्ष 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ का गठन किया था। इसी भारतीय जनसंघ ने आगे चलकर मौजूदा भारतीय जनता पार्टी का रूप ले लिया। जनसंघ की स्थापना के 75 साल बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में पार्टी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बंगाल के सपने को साकार कर दिखाया

6 साल ममता के साथी, 6 साल में पलटी पूरी बाजी

तृणमूल कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने वाले नंदीग्राम आंदोलन के मुख्य वास्तुकार रहे शुभेंदु अधिकारी छह साल तक ममता बनर्जी सरकार में नंबर दो रहे, फिर नाराज हुए तो भाजपा के साथ आकर छह साल में ही पूरी बाजी पलट दी। ऐसे में बड़ा सवाल है कि शुभेंदु अब क्या भाजपा सरकार में नंबर वन यानी मुख्यमंत्री बनेंगे या फिर ममता सरकार की तरह नंबर दो की भूमिका में ही नजर आएंगे। शुभेंदु ने वर्ष 2006 में पहली बार कांथी दक्षिण सीट से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था।

- वर्ष 2009 में उन्होंने तमलुक सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीते। 2014 में उन्होंने इसी सीट पर कब्जा बनाए रखा वर्ष 2016 में उन्होंने नंदीग्राम सीट से विधानसभा का चुनाव जीता और ममता सरकार के दूसरे कार्यकाल में परिवहन मंत्री बने। इस दौरान उनको नंबर दो कहा जाने लगा। लेकिन दिसंबर 2020 में भाजपा का दामन थामने और चार माह बाद 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने के बाद उनको न सिर्फ ख्याति मिली, बल्कि भाजपा के लिए भरोसेमंद बन गए। विधानसभा में विपक्ष के नेता बनाए गए। इसके बाद बीते पांच साल शुभेंदु लगातार ममता सरकार पर हमलावर रहे और तृणमूल के गढ़ों में सक्रियता और आंदोलनों के जरिये भाजपा की जमीन मजबूत में जुट गए।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव



राजनीतिक दल	वोट %	कुल वोट
भाजपा	45.84%	28164498
टीएमसी	40.80%	25050526
सीपीआई(एम)	4.41%	2706940
कांग्रेस	3.00%	1844604
बसपा	0.18%	112709
एआईएमआईएम	0.09%	55226
अन्य	5.67%	-----

असम विधानसभा चुनाव वोट प्रतिशत



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव वोट प्रतिशत





22 राज्यों में एनडीए सरकार 17 जगह भाजपा के मुख्यमंत्री

- देश के 22 राज्यों में अब एनडीए की सरकार और 17 राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री होंगे। अब सिर्फ आठ राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, पंजाब, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार नहीं है। इससे पहले 2018 में 21 राज्यों में एनडीए की सरकार थी। लेकिन इन पांच राज्यों के चुनाव के साथ भाजपा ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

लोकसभा चुनाव की परछाई से पीछा छूटा

- वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में बहुमत के आंकड़े से पीछे रह जाने के बाद भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, ओडिशा के बाद अब पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भगवा ध्वज लहराकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है। खासकर पश्चिम बंगाल में मिली जीत ने पार्टी के दायरे को आगे बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास आसमान पर पहुंचा दिया है।

85% रहा योगी का बंगाल में स्ट्राइक रेट

- बंगाल में उत्तर प्रदेश के मुखमंत्री आदित्यनाथ योगी ने पश्चिम बंगाल में जिन 22 सीटों पर प्रचार किया था, उनमें से 19 सीटों पर भाजपा ने विजय का भगवा ध्वज लहरा दिया। उत्तर 24 परगना, हुगली, पुरुलिया व बांकुड़ा में योगी की सभाओं में जुटी भारी भीड़ ने माहौल जोशीला बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी। सोनामुखी (बांकुड़ा), नंदकुमार (पूर्व मेदिनीपुर), कांथी दक्षिण, बाराबनी, और रामपुरहाट उन प्रमुख सीटों में शामिल रहीं, जिन पर योगी की सभाओं के बाद भाजपा ने टीएमसी पर बढ़त बनाई। योगी ने अपनी रैलियों में कानून-व्यवस्था, बुलडोजर, भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया।



हिमंत बने असम में हैट्रिक के नायक

श्रीप्रकाश, गुवाहाटी

असम में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। साल 2014 से लेकर अब तक हुए हर चुनाव में भाजपा की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। इस बार राज्य में अपने दम पर पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनने जा रही है। भाजपा के ही दम पर उसके सहयोगी दल असम गण परिषद तथा बीपीएफ की भी इस चुनाव में स्थिति अच्छी रही है। भाजपा की इस बड़ी जीत के नायक मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा रहे, जिन्होंने 11 साल के भीतर पार्टी को शिखर पर पहुंचा दिया। साल 2015 में जब वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, तो भाजपा के सिर्फ पांच विधायक थे, जो 2011 के चुनाव में जीते थे।

भाजपा ने 2021 चुनाव में संकल्प पत्र में जो वादे किए थे, उन्हें न सिर्फ शत प्रतिशत, बल्कि उससे आगे जाकर पूरा किया। बीते 5 वर्षों में डेढ़ लाख से अधिक बेरोजगारों को सरकारी नौकरियां स्वच्छ तरीके से दी गईं, जबकि घोषणा पत्र में एक लाख नौकरी का ही वादा था। महिलाओं के लिए अरुणोदय योजना का सफल क्रियान्वयन हुआ। प्रत्येक महीने की 10 तारीख को महिलाओं के खाते में 1250 रुपये पहुंचते रहे। 'लखपति बाईदेउ', 'निजूत मोइना' योजनाओं के साथ ही युवाओं के रोजगार, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई से लेकर किसानों तक के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े पुल, ओवरब्रिज, चौड़ी सड़कें, रिंग रोड, ब्रह्मपुत्र में टनल और कई पुल बनवाए या निर्माणाधीन हैं। डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक युद्धस्तर पर काम किया तो संगठन ने भी हर दिन चुनाव प्रचार के तरीके से कार्य किया।

विपक्ष के धराशायी होने का कारण

- राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस नेतृत्व को लेकर खींचतान से कमजोर होती गई। जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने के बदले इसके नेता मुख्यमंत्री के परिवार और भाजपा नेताओं के विरुद्ध प्रचार में लगे रहे। विदेशी घुसपैठियों के विरुद्ध भाजपा सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का कांग्रेस ने लगातार विरोध किया। पार्टी अध्यक्ष गौरव गोगोई नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले जोरहाट में मजार पर माथा टेकने पहुंचे। कांग्रेस की इसी नीति से नाराज पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा और सांसद प्रद्युत बरदलै जैसे दिग्गज नेता चुनाव के मौके पर भाजपा में शामिल हो गए और चुनाव जीत गए। गठबंधन पर भ्रम की स्थिति रही। विपक्षी गठबंधन संयुक्त रूप से चुनाव प्रचार भी नहीं कर सका। ऐसें में कांग्रेस विदेशी घुसपैठी बहुल सीटों तक ही सिमट कर रह गई। रही सही कसर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पूरी कर दी। उन्होंने मुख्यमंत्री की पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए, फिर उन पर डटकर खड़े रहने के बदले भागते फिरे, जिसका उल्टा असर मतदाताओं पर पड़ा।

50 साल बाद देश में कहीं नहीं वाम दल की सरकार

- केरल में यूडीएफ की जीत और एलडीएफ की हार के साथ वाम दलों का आखिरी किला भी ढह गया। ऐसा पहली बार होगा जब 1970 के दशक के बाद देश के किसी भी राज्य में वाम दल की सरकार नहीं होगी। देश में सबसे लंबे समय तक 1977 से 2011 तक पश्चिम बंगाल में सीपीआईएम की सरकार रही थी। इसके साथ ही 1998 से से लेकर 2018 तक त्रिपुरा में भी लेफ्ट फ्रंट की सरकार रही थी। केरल में साल 2016 से 2026 तक दो बार लेफ्ट फ्रंट की सरकार सत्ता में रही।

केरल विधानसभा चुनाव वोट प्रतिशत

भाजपा	11.42%	2466178
भाकपा	6.64%	1434524
सीपीआई(एम)	21.77%	4700662
कांग्रेस	28.79%	6217918
आईयूएमएल	11.01%	2378053
केईसी	2.43%	525323
केईसी(एम)	2.60%	561157
अन्य	15.37 %	---

(रात्रि 11 बजे तक परिणाम-रुझान के अनुसार)

अहंकार और भ्रष्टाचार ने डुबोई ममता दीदी की नैया

जेके सिंह, कोलकाता

अमृत विचार। अहंकार और भ्रष्टाचारियों के बचाव के साथ मुस्लिम परस्ती के कारण ममता बनर्जी का पतन हुआ और पश्चिम बंगाल में भगवा लहर बनी। साल 2011 के बाद से कोलकाता सहित बंगाल में सफेद साड़ी में लिपटी ममता बनर्जी के पोस्टर लगाए जाते थे, जिनमें नीचे लिखा रहता था- ईमानदारी की प्रतीक। लेकिन 2026 आते-आते इस सफेद साड़ी पर भ्रष्टाचार के बहुत सारे धब्बे लग चुके थे।

सरकारी कर्मचारियों ने इस बार टीएमसी का साथ छोड़ दिया, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उनके बकाया डीए का भुगतान नहीं किया गया। नियुक्ति घोटाले के कारण 26 हजार टीचरों की बरखास्तगी गले की हड्डी बन गई। इस मामले में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उनके समर्थन में ममता सुप्रीम कोर्ट तक गई थीं। तत्कालीन शिक्षा मंत्री परेश अधिकारी की बेटी की नियुक्ति अध्यापिका के पद पर अवैध रूप से की गई थी। हाई कोर्ट के आदेश पर उनकी बर्खास्तगी हुई थी। लेकिन इस बार उन्हें फिर टिकट दे दिया गया, नतीजन पुरुलिया जिले में तृणमूल का सूपड़ा साफ हो गया है। राशन घोटाले के प्रमुख अभियुक्त व पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को फिर पार्टी ने टिकट दिया, जिससे उत्तर 24 परगना में टीएमसी की हवा निकल गई।

सोना, सिलिंडर और फ्री यात्रा ने थलपति विजय को सीएम की कुर्सी के करीब पहुंचाया, सत्ता पाने की सीढ़ी कहीं छोटी न रह जाए, इसलिए कर डाले बड़े- बड़े वादे

49 साल बाद तमिलनाडु में एमजी रामचंद्रन जैसा करिश्मा

दिग्विजय सिंह, अमृत विचार

तमिलनाडु में अभिनेता थलपति विजय की ताजपोशी होना तय है। विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम ने इतिहास रच दिया है। थलपति विजय मुख्यमंत्री बनने पर पिछले 49 साल का रिकार्ड तोड़ देंगे। एमजी रामचंद्रन द्वारा 1977 के विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करने के बाद राज्य में अपनी नई पार्टी खड़ी करके अभिनेता से मुख्यमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति होंगे। अभिनेता विजय के सात वादों ने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी के करीब पहुंचा दिया।सोना, सिलिंडर, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा, 12 वीं तक के बच्चों को प्रत्येक वर्ष 15 हजार रुपये की आर्थिक मदद और बेरोजगारी भत्ता जैसे उनके वादे डीएमके को सत्ता से हटाने में बड़े मददगार बने। सत्ता पाने की सीढ़ी कहीं छोटी न रह जाए, इसलिए उन्होंने बड़े- बड़े वादे कर डाले।

'मैदान में कदम रख दिया तो जीतना ही होगा'

थलपति विजय का फिल्म 'बिगिल' के हिट डॉयलाग ' मैंने एक बार मैदान में कदम रख दिया तो जीतना ही होगा' के साथ सीटी बजाना उनकी जनसभाओं में उमड़ती भीड़ का उत्साह आसमान पर पहुंचा देता था। इससे उनकी फैन फालोइंग वोटों में तब्दील हो गई। चुनाव अभियान आगे बढ़ने के साथ जेन-जी और युवा वोटर्स जो अपनी पारंपरिक पार्टियों से नाराज और बदलाव की तलाश में थे, उनके साथ तेजी से जुड़ते चले गए। ऐसे में विजय को लगा कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का वादा करके वे सत्ता के शीर्ष पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने ऐसा किया भी। गांव- गांव, शहर की हर गली में समर्थक युवाओं की मजबूत टोली ने उनके हर वादे को घूम-घूमकर घर- घर तक पहुंचाया। इसलिए उन्होंने न सिर्फ अन्नाद्रमुक और भाजपा नेताओं के गठबंधन प्रस्ताव को ठुकराया बल्कि द्रमुक की सहयोगी पार्टी कांग्रेस के गठजोड़ के प्रयास को भी सिरे से खारिज किया।

- थलपति विजय न सिर्फ सत्तारूढ़ डीएमके मुखिया एमके स्टालिन पर आक्रमक रहे बल्कि अन्नाद्रमुक और भाजपा को भी उन्होंने खूब खरी खोटी सुनाई। वे यह स्थापित करने में कामयाब रहे कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक नहीं बल्कि वे ही सत्ता में आकर वहां के लोगों की तकदीर और तमिलनाडु की तस्वीर बदल सकते हैं। थलपति विजय ने 60 साल उम्र तक की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का वादा किया। कहा कि इस उम्र की ऐसी महिलाएं जो घर की मुखिया होंगी, उन्हें 2,500 रुपये प्रतिमाह देंगे। इसके साथ ही उन्होंने हर परिवार को छह एलपीजी गैस सिलिंडर फ्री में देने की बात कही थी। इसके साथ ही बहन-बेटियों के विवाह के लिए आठ ग्राम सोना देने का वादा किया। सिल्क साड़ी देने की उनकी योजना ने भी मतदाताओं का ध्यान खींचा। सोने की बढ़ती कीमतों के बीच आठ ग्राम सोना फ्री मिलने की बात हर मतदाता को अच्छी लगी। कक्षा 1 से 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए हर साल 15 हजार की मदद का एलान अभिभावकों को लुभा गया तो सरकारी बसों में महिलाओं के लिए फ्री का वादा भी काम कर गया। ग्रेजुएट्स को चार हजार रुपये और डिप्लोमा धारकों को ढाई हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने के वादे ने युवाओं को विजय के साथ आने पर मजबूर किया। 5 एकड़ तक जमीन वाले छोटे किसानों का पूरा कर्ज माफ करने और 5 एकड़ से ज्यादा जमीन वाले किसानों का 50 फीसदी कर्ज माफ करने के वादे ने किसानों को उनकी तरफ मोड़ा। अब देखना यह है कि सत्ता शीर्ष पर बैठने के बाद विजय इन वादों को कब और कैसे पूरा करते हैं।

- पश्चिम एशिया संकट : बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी-12

- चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा-12

- जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिका ने होर्मुज में बनाया अलग मार्ग-13

- घरेलू मैदान पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास करेगी दिल्ली कैपिटल्स-14

आज का मौसम

31.0⁰ अधिकतम तापमान

21.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.32

सूर्यास्त 06.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:54 उपरांत मूल विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 5 मई 2026, वर्ष 7, अंक 32, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये

नई ट्रांसफर नीति लागू, तबादले आज से

योगी कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों पर लगाई मुहर अधिकतम 10% कर्मचारियों के होंगे तबादले

विभागाध्यक्ष और संबंधित मंत्री मिलकर लेंगे निर्णय, कड़ाई से होगा पालन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में पेश किए गए 31 प्रस्तावों में से 29 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। सरकार ने वर्ष 2026-27 की ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है। अब 5 मई से 31 मई तक विभागाध्यक्ष और संबंधित मंत्री मिलकर तबादलों का निर्णय लेगें।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि 31 मई के बाद सामान्य परिस्थितियों में तबादलों पर रोक रहेगी। साथ ही, किसी भी विभाग में कुल स्वीकृत पदों के अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही स्थानांतरण किए जा सकेंगे। इससे मनमानी और अत्यधिक तबादलों पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है। लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों के स्थानांतरण को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे कार्य संस्कृति में सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। नीति के तहत समूह 'क' व 'ख' के ऐसे अधिकारी, जिन्होंने किसी जनपद में 3 वर्ष या मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं, उनका स्थानांतरण अनिवार्य होगा, जबकि विभागाध्यक्ष/मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अवधि इसमें शामिल नहीं होगी। मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अधिकतम अवधि 3 वर्ष होगी। समूह 'क' व 'ख' के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की संख्या के अधिकतम 20% और समूह 'ग' व 'घ' के कार्मिकों के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत कुल कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10% की सीमा तक किए जा सकेंगे। समूह 'ख' व 'ग' के ट्रांसफर यथासंभव मेरिट आधारित ऑनलाइन प्रणाली से होंगे तथा समूह 'ग' में पटल/क्षेत्र परिवर्तन के नियमों का कड़ाई से पालन होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सुविधा अनुसार तैनाती, आकांक्षी जनपदों में प्राथमिकता पोस्टिंग और स्थानांतरण सत्र के बाद समूह 'क' व 'ख' के ट्रांसफर हेतु मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य जैसे प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।

लखनऊ में कैबिनेट बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी।

ऊर्जा क्षेत्र : किसानों को मुआवजा और सोलर प्लांट को मंजूरी

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि कैबिनेट ने ऊर्जा विभाग के तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। हाईटेंशन लाइनों के टावर से प्रभावित जमीन के लिए अब किसानों को मुआवजा मिलेगा। टावर के नीचे की जमीन और उसके एक मीटर क्षेत्र का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाले हिस्से का 30 प्रतिशत मुआवजा तय किया गया है। इसके अलावा जालौन में 500 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसे उत्तर प्रदेश उत्पादन निगम और कोल इंडिया मिलकर विकसित करेंगे। क्षेत्र में बढ़ती जरूरत को देखते हुए 653 करोड़ रुपये की लागत से 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन भी बनेगा।

'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना को स्वीकृति

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने बताया कि 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना शुरू की जाएगी, जिसमें गुणवत्ता और पैकेजिंग सुधार पर जोर रहेगा। इसके तहत व्यंजन महासम्मेलन भी आयोजित होगा। संत कबीर टेक्सटाइल्स एंड अपेरल पार्क के तहत नगीना (बिजनौर), बहेड़ी (बरेली), अमरोहा और मगहर में पार्क विकसित किए जाएंगे, जिसके लिए भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है।

अन्य अहम फैसले

- लखनऊ में 540 करोड़ से आउटर रिंग रोड से टेक्सटाइल पार्क तक 6-लेन सड़क
- लोनिवि में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने को नई व्यवस्था
- फिरोजाबाद में अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी
- एनटीपीसी की परियोजनाओं में फ्लाई ऐश आधारित ईंटों के उपयोग को बढ़ावा
- हाईकोर्ट में ई-सेवा केंद्रों के कर्मचारियों का कार्यकाल 2 से बढ़ाकर 3 वर्ष करने का निर्णय
- वाराणसी में बनेगा टेक्सटाइल पार्क, सहकारी कताई मिल की 251.805 एकड़ भूमि नि:शुल्क हस्तांतरित
- टाटा एंटरप्राइजेज के सहयोग से प्रदेश के 150 राजकीय विद्यालयों में बनेंगे ड्रीम स्किल लैब
- झांसी में 300 जल निगम (नगर) के देय जल मूल्य का भुगतान स्वीकृत
- डिजिटल कचरे के सुरक्षित निस्तारण को ई-वेस्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू
- कुशीनगर में नया नर्सिंग कॉलेज को 0.405 हेक्टेयर भूमि दी गई नि:शुल्क
- ग्रेटर नोएडा में बनेगा 400/220 केवी सबस्टेशन, 653 करोड़ की परियोजना
- बिटुमिन की कीमत बढ़ोतरी पर राहत, ठेकेदारों को मिलेगा समायोजन

अद्भुत दृश्य



अयोध्या में सोमवार दोपहर आंधी-पानी के दौरान राम मंदिर परिसर से एक अद्भुत तस्वीर सामने आई है। कड़कती बिजली के प्रकाश के बीच मंदिर की निराली छटा बिखर गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस पल के साक्षी बने। ट्रस्ट पहले ही दावा कर चुका है कि राम मंदिर को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए मंदिर के शिखर पर तड़ित चालक यंत्र स्थापित किया गया है। यह तस्वीर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर साझा की है।

यूपी में आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 9 लोगों की गई जान

- 22 जिलों में तूफानी बारिश कई जगह पेड़-पोल उखड़े, टंकी क्षतिग्रस्त, शादी के मंडप उड़े
- मौसम विभाग का अलर्ट, 64 जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं और बारिश होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में सोमवार को तेज आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। अयोध्या, सीतापुर व बाराबंकी में ओलावृष्टि हुई, जबकि वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर समेत 22 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश ने कहर बरपाया। इस दौरान नौ लोगों की मौत हुई। कई जगह पेड़-पोल व शादी मंडप उखड़ गए। सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी ढह गई। मौसम विभाग ने 64 जिलों में अगले कुछ दिनों तक तेज हवाएं और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ में सुबह अचानक मौसम बदला और दिन में अंधेरा छा गया। करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश और गरज-चमक का दौर चला, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और जलभराव की स्थिति बन गई। लखनऊ में मड़ियांव के भरत नगर में दीवार ढहने से अंकित शर्मा (34) की मौत हो गई और मिस्त्री चोटिल हो गया। वहीं बिजली गिरने से बहराइच में 52 वर्ष निवासी नत्थनपुर किसान के अलावा गोंडा में आंधी-पानी से तीन व बलरामपुर में ई-रिक्शा चालक तुलाराम (32) की मौत हो गई है। कासगंज में मकान गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि संभल में आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची की जान चली गई। सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई और शादी के मंडप उड़ गए। बाराबंकी में सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश हुई। सुल्तानपुर में 35.3 मिमी और गोंडा में 31.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।

प्रतिकूल मौसम में लोगों के बीच रहें अधिकारी : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में हुई आंधी-बारिश व विपरीत मौसम की स्थितियों को देखते आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। सीएम ने मौसम से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के बीच जाएं और उनसे सीधा संपर्क करें और राहत कार्यों के लिए समन्वय बनाएं।

तूफान में फंसी केशव-ब्रजेश की फ्लाइट

दिल्ली से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 को खराब मौसम के कारण भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस विमान में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान ने तीन बार उतरने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं और कम दृश्यता के कारण सफल नहीं हो सका।

न्यूज ब्रीफ

रुपया 39 पैसे टूटा, अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 39 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति और आर्थिक नरमी की आशंकाएं बढ़ने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 110 डॉलर के आसपास बनी हुई है जिससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 23.40 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली। सरकार का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 5.12 प्रतिशत बढ़कर 23.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। हालांकि यह मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए तय संशोधित बजट लक्ष्य से कम है। 2025-26 के संशोधित अनुमान में संग्रह 24.21 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया था। मूल बजट अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये था।

प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, परिजनों का हंगामा

- बिलारी में गांव में सरकारी स्कूल के पास टहल रहा था रणजीत चौहान
- पैसों के लेन-देन के विवाद में हिंदूवादी नेता की हत्या का आरोप

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार। बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर चांदोरा में सोमवार को गांव में टहल रहे प्रॉपर्टी डीलर की पांच हमलावरों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। घटना से गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ मौके पर पहुंचे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव से फरार हो गए। पैसों के लेन-देन को लेकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। पीड़ित परिवार ने हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर चांदोरा निवासी 32 वर्षीय रणजीत चौहान हिंदूवादी संगठनों से जुड़े हुए थे। इस समय वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। जानकारी के मुताबिक रणजीत चौहान सोमवार की देर शाम गांव के सरकारी स्कूल के पास टहल रहे थे। तभी गांव के ही पांच लोगों ने उन्हें घेर कर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दिया। खुद पर गोली चलते देख रंजीत ने पास के ही घर में घुसकर जान बचाना चाही। हमलावर भी पीछे से घर में घुस गए और रंजीत की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दुस्साहसिक वारदात से गांव और आसपास में दहशत का माहौल हो गया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। वहीं, मृतक के परिजन पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस पर पुलिस ने शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह भी देर शाम को घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों के मुताबिक रणजीत प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। उन्होंने बताया कि पैसे के लेन-देन को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। बताया कि परिवार में गर्भवती पत्नी नेहा के अलावा एक 5 वर्षीय बेटा दक्ष है।

होर्मुज से फंसे पोतों को सुरक्षित निकालने में करेंगे मदद : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज में फंसे अन्य देशों के पोतों को सुरक्षित निकालने में सोमवार से मदद करेगी।

इसके साथ ही ट्रंप ने साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया में किसी भी तरह के हस्तक्षेप से सख्ती से निपटा जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम का उद्देश्य उन विदेशी पोतों की मदद करना है जो प. एशिया में हो रहे घटनाक्रम से किसी भी तरह जुड़े नहीं हैं।

पीएम मोदी के प्रति अटूट जनविश्वास का प्रतीक है जीत : योगी

- सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई, जनता का जताया आभार
- भाजपा मुख्यालय में मना जश्न ढोल-नगाड़ों पर नाचे डिप्टी सीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश 'नए भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि देश की जनता सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद के पक्ष में खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना जनता के इसी विश्वास का परिणाम है। यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री के 'नए भारत' के विजन को और गति देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनादेश देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों के साथ जीत का जश्न मनाया। भाजपा मुख्यालय में दोनों उपमुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य करने के साथ आतिशबाजी भी की।

भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाते सीएम योगी एवं भाजपा कार्यालय में जश्न मनाते दोनों उपमुख्यमंत्री।

चार बच्चों व मां का हत्यारा मुठभेड़ में ढेर

- फायरिंग के बाद हुई जवाबी कार्रवाई में दो पुलिसकर्मी भी घायल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

आमिर

अमृत विचार। चार मासूम बच्चों और उनकी मां की हत्या के आरोपी आमिर को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ सोमवार सुबह टांडा-बांदा हाईवे किनारे अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी विनोद यादव के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। पुलिसकर्मी जाकिर हुसैन और एसआई राजेश यादव भी घायल हुए हैं, जो जिला अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस के अनुसार आरोपी आमिर हत्या और दुष्कर्म के मामलों में जमानत पर है।

बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में बीते दो मई को चार मासूम भाई-बहनों की बेरहमी से ईंट से कूचकर हत्या की गई थी। घटना के बाद बच्चों की मां गासिया खातून संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी, जिससे पुलिस ने शुरुआत में उसी पर हत्या का शक जताया था। मगर तीन मई को गासिया का शव घर से करीब 100 मीटर दूर नाले के किनारे मिला था, उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे मामला और उलझ गया। सीओ नीतीश तिवारी ने बताया कि महिला का पति सऊदी अरब में है। परिवार वालों के मुताबिक उसने वहां पर पाकिस्तानी महिला से शादी कर ली है। इसलिए आरोपी आमिर महिला से शादी करके उसकी जमीन और अन्य संपत्ति हड़पना चाहता था, लेकिन उसने इंकार कर दिया। जिसके बाद उसने चार मासूम बच्चों और गासिया की निर्मम हत्या कर दी। जांच के दौरान सामने आए सुरागों के आधार पर पुलिस ने आमिर को मुख्य आरोपी माना। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। तभी नेवतरिया बाईपास के पास पुलिस टीम ने सूचना पर घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आमिर ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियां उसके सीने में जा लगीं। तीन गोलियां लगने से वह मौके पर ही ढेर हो गया।

पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग एसपी प्राची सिंह लगातार कर रही थीं और टीम को हर मूवमेंट पर निर्देश दे रही थीं। आमिर लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उसके खिलाफ हत्या, रेप और गोवध समेत कई गंभीर मुकदमें दर्ज थे। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी अमिर को गोली लगी।

टिप्पणी

ईडी को नोटिस जारी नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही कार्यालय के अधिकारियों पर साधा निशाना

रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारी खुद को समझते हैं सुपर सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- 37,000 करोड़ के निवेश धोखाधड़ी मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही रजिस्ट्री कार्यालय पर निशाना साधते हुए उसके रवैये को अनुचित करार दिया और कहा कि उसके अधिकारी खुद को सुपर सीजेआई समझते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 37,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश धोखाधड़ी के मामले में आरोपी आयुषी मित्तल उर्फ आयुषी अग्रवाल द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

सीजेआई ने याचिका पर 23 मार्च को पारित एक आदेश का हवाला दिया और आश्चर्य जताया कि रजिस्ट्री अधिकारियों ने यह कैसे समझा कि पीठ ने याचिका पर ईडी और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी नहीं किया। सीजेआई ने कहा, रजिस्ट्री ने बिल्कुल अनुचित व्यवहार किया है। रजिस्ट्री का यह रवैया बिल्कुल ठीक नहीं है। यहां बैठा हर व्यक्ति खुद को 'सुपर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया' समझता है। पीठ ने अपने नए आदेश में कहा, ईडी निदेशक को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है और कहा गया कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया था। (शीर्ष अदालत के) न्यायिक रजिस्ट्रार इस बात का तथ्यान्वेषण करें कि 23 मार्च के हमारे आदेश का अर्थ ईडी को नोटिस जारी न करना कैसे है। प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजा जाए। याचिकाकर्ता आयुषी मित्तल, उनके पति और उनकी कंपनी पर बड़े पैमाने पर निवेश संबंधी धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। बचाव पक्ष का दावा है कि निवेशकों को धनराशि का एक बड़ा हिस्सा लौटा दिया गया है, लेकिन फिलहाल ईडी द्वारा 'फ्रीज' किए गए बैंक खातों में कई सौ करोड़ रुपये फंसे हुए हैं।

पीठ ने 23 मार्च को ईडी को कार्यवाही में पक्षकार बनाने का दिया था आदेश

पीठ ने 23 मार्च के अपने आदेश में मामले में पक्षकार राजस्थान सरकार के वकील द्वारा ईडी को कार्यवाही में पक्षकार बनाने के मौखिक अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। इसका उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि याचिकाकर्ता और उसके परिवार से संबंधित सभी चल और अचल संपत्ति को विधिवत कुर्क किया गया है या नहीं। पीठ ने दोहराया कि संपत्ति का ''विस्तृत विवरण'' प्रदान किए जाने तक वह जमानत याचिका के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी। अदालत ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए कानूनी प्रतिनिधि को याचिकाकर्ता, उसके पति, उनके बच्चों, माता-पिता, भाई-बहनों और सास-ससुर की अचल संपत्ति का विस्तृत ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था। अदालत ने कंपनी के निदेशकों, प्रबंधकों और प्रमुख कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण भी मांगा था। पीठ ने कहा था, जब तक ये संपूर्ण विवरण उपलब्ध नहीं कराए जाते, हम जमानत याचिका पर विचार नहीं करेंगे। न्यायिक रजिस्ट्रार को रजिस्ट्री के भीतर प्रशासनिक चूक की जांच करने का कार्य सौंपा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अदालत के पिछले निर्देशों की अनदेखी क्यों की गई। पीठ ने कहा कि वह याचिका को मई में किसी दिन सूचीबद्ध करेगी।

श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी
प्रधानमंत्री भारत

योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

नितिन नवीन जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी

पंकज चौधरी जी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश

चौधरी भूपेन्द्र सिंह जी
निवर्तमान अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश

अजीत कुमार उर्फ राजू यादव
पूर्व मंत्री

चौधरी हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी संभल

पश्चिम बंगाल, असम और पुंडूचेरी विधानसभा चुनाव में
भारतीय जनता पार्टी
की शानदार जीत और
तमिलनाडु व केरलम में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए
समर्पित कार्यकर्ता बंधुओं को

शुभकामनाएं

हर्षवर्धन वार्ष्णेय
चेयरमैन
नगर पंचायत, बबराला (संभल)

अमृत विचार

शहर में आज

- जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार की उपस्थिति में शिक्षामित्रों का सम्मान व बढ़े मानदेय का वितरण पंचायत भवन सभागार में 11 :00 बजे।
- हरिनाम संकीर्तन होली का मैदान हाथी वाला मंदिर पर शाम 5 :00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

न्यूज ब्रीफ

महायोजना तैयार कराने का आज होगा प्रस्तुतीकरण

मुरादाबाद, अमृत विचार : आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के द्वारा मुरादाबाद विकास क्षेत्र का विस्तार किया गया है। इसमें शामिल नये राजस्व गांवों की महायोजना तैयार करने का कार्य एमडीए ने निजी फर्म मेसर्स वीके सुप्रीम कंन्सल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कराया गया है। महायोजना तैयार कराने के कार्य का प्रस्तुतीकरण मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में स्टेक होल्डर्स, जन प्रतिनिधियों, विभिन्न एसोसिएशन और विभागों के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में कंसल्टेंट के द्वारा किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव पंकज वर्मा ने बताया कि बैठक में सीधी उपस्थिति के अलावा जूम ऐप के लिंक के माध्यम से आनलाइन भी शामिल हो सकते हैं।

बार-बार बदलता मौसम बढ़ा रहा बीमारियों का खतरा

मुरादाबाद, अमृत विचार : आए दिन मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। कभी तेज धूप तो कभी बादल और उमस भरी गर्मी के कारण लोग सर्दी, जुकाम, खांसी और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों के अनुसार दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसे में संक्रमण तेजी से फैलता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह के अनुसार इन दिनों गले में खराश, सिरदर्द, बुखार और बदन दर्द की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बताया कि पसीना आने के बाद ठंडी हवा या एसी में बैठना, ठंडे पेय पदार्थों का अधिक सेवन और खानपान में अनियमितता बीमारियों को बढ़ावा दे रही है।

एजीएम में विवाद के बाद दोनों खेमों में बढ़ी खींचतान, 2018 के बाद से संगठन के चुनाव न होने पर उठाए जा रहे सवाल

एमएचईए के सांगठनिक चुनाव को लेकर निर्यातकों में टकराव बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

एजीएम में पदाधिकारियों से सवाल पूछते निर्यातक। (फाइल फोटो)

- संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवाल, निर्यातकों में चर्चाएं तेज
- संरक्षक बोले- संशोधित बायलॉज से 2027 में प्रस्तावित हैं चुनाव

अमृत विचार : हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एमएचईए) की एजीएम में हुए विवाद के बाद अब संगठन के भीतर चुनाव को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। दो गुटों के बीच चल रही खींचतान ने संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और निर्यातक समुदाय में भी इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

निर्यातक विशाल अग्रवाल ने कहा कि एमएचईए के वर्ष 2018 के बाद से चुनाव नहीं कराए गए हैं, जबकि यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। उनका कहना है कि यदि बीच में चुनाव हुए हैं तो उसका प्रमाण सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि सदस्यों के बीच स्थिति स्पष्ट हो सके और भ्रम की स्थिति समाप्त हो। दूसरी ओर एमएचईए के संरक्षक नजमुल इस्लाम का कहना है कि 2018 के बाद कार्यकारिणी को नियमानुसार विस्तार दिया गया था। बाद में बायलॉज में संशोधन कर चुनाव की अवधि दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई। इसके आधार पर अगला चुनाव दिसंबर 2027 में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि संबंधित अभिलेख रजिस्ट्रार कार्यालय में उपलब्ध हैं और इच्छुक सदस्य वहां से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एजीएम के दौरान हुई तीखी बहस के बाद यह मामला और संवेदनशील हो गया है। संगठन के भीतर अलग-अलग राय सामने आने से समन्वय की स्थिति कमजोर पड़ती दिख रही है।

संगठन की साख पर असर की आशंका

लगातार सामने आ रहे मतभेदों और सार्वजनिक विवादों से संस्था की छवि प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े इस संगठन में बढ़ती असहमति को लेकर सदस्य भी समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं, ताकि सामान्य कार्य बहाल हो सके।

चुनाव प्रक्रिया पर अलग-अलग व्याख्या

संस्था के नियमों की व्याख्या को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद है। एक पक्ष नियमित चुनाव को आवश्यक मानते हुए पारदर्शिता की बात कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष संशोधित प्रावधानों के तहत वर्तमान व्यवस्था को सही ठहरा रहा है। यही अंतर विवाद को लगातार बढ़ा रहा है।

एमईआईएस के बाद रोडटेप भी कमजोर, निर्यातक चिंतित

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखना बन रहा चुनौतीपूर्ण, मुनाफे पर भी असर

मुरादाबाद, अमृत विचार : सरकार की निर्यात प्रोत्साहन नीतियों में समय–समय पर हुए बदलाव का असर अब स्पष्ट रूप से निर्यातकों पर दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडिया स्कीम (एमईआईएस) के बंद होने और उसके स्थान पर लागू रोडटेप योजना में कमी आने से निर्यात क्षेत्र में चिंता का माहौल है। एमईआईएस योजना के तहत निर्यातकों को उनके वार्षिक निर्यात पर लगभग पांच प्रतिशत तक प्रोत्साहन राशि मिलती थी, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने में मदद मिलती थी। यह योजना वर्ष 2014 में बंद कर दी गई थी, जिसके बाद निर्यातकों ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर इसे दोबारा लागू करने की मांग उठाई थी। इसके बाद वर्ष 2015 में योजना पुन: शुरू की गई, लेकिन वर्ष 2020 में इसे स्थायी रूप से समाप्त कर दिया गया। इसके स्थान पर वर्ष 2021 में रोडटेप योजना लागू की गई, जिसका उद्देश्य निर्यात पर लगे अप्रत्यक्ष करों की वापसी करना था। इस योजना के तहत शुरुआत में निर्यातकों को लगभग 1.5 प्रतिशत तक कर वापसी मिलती थी, लेकिन वर्ष 2025 में इसे घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे निर्यातकों के लाभ में कमी आई है। दि हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के सचिव सतपाल के अनुसार सरकार की इन योजनाओं में लगातार हो रहे बदलाव से निर्यातकों को दीर्घकालिक योजना बनाने में कठिनाई हो रही है। एमईआईएस के समय मिलने वाला प्रोत्साहन निर्यातकों के लिए काफी सहायक था, लेकिन वर्तमान में प्रोत्साहन कम होने से लागत का दबाव बढ़ गया है।

तेज बारिश में गिरी छत, दंपती और तीन बच्चे जखमी

मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने मलबे से सभी को बाहर निकाला, दंपती जिला अस्पताल में भर्ती, दोनों की हालत नाजुक

मलबे में दबे पति–पत्नी को निकालते लोग। ● अमृत विचार

मलबे में दबा हुआ सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार: तेज बारिश में भरभरा कर मकान की छत गिर गई। इसके नीचे सो रहे दंपती एवं उनके तीन बच्चे मलबे में दब गए। इसकी जानकारी होने पर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए और मशक्कत करके सभी को मलबे से बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पति-पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि तीनों बच्चे सुरक्षित हैं।

पाकबड़ा क्षेत्र के गांव रतनपुर कला के निवासी अशरफ बैटरी रिक्शा चलाते हैं। वह रविवार की देर रात पत्नी हिना, बेटी मायरा, बेटे ईशान एवं जियान के साथ घर पर सो रहे थे।

तेज बारिश के कारण छत पर पानी भरने से मकान की छत भरभरा कर गिर गई। उसके मलबे में सभी दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हिना बेहोश हो गईं। इसकी सूचना जैसे ही पड़ोसियों को मिली वह तुरंत प्रभावित परिवार की मदद के लिए पहुंच गए। काफी देर मशक्कत के बाद फावड़ा की मदद से परात में मलबे को भरकर हटाया गया। इसके बाद उसमें दबे अशरफ और उसके परिवार के सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया। कुछ देर बाद पत्नी को होश आया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। एंबुलेंस से पति-पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। तीनों बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। उनका उपचार गांव में ही कराया जा रहा है। मलबे में दबने से अशरफ की एक बकरी भी मर गई।

बारिश में लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था, छह घंटे से अधिक गुल रही सप्लाई, पानी की किल्लत

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में आई बारिश और तेज हवा से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। कई इलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। रात में फाल्ट के कारण लोगों की नींद भी खराब हुई और सुबह तक दैनिक कार्य प्रभावित रहे। पीतल नगरी, टैक्सी स्टैंड, टाउन हॉल, दौलतबाग और पीटीसी विद्युत केंद्र से जुड़े क्षेत्रों में रविवार की रात करीब 2 :30 बजे अचानक फाल्ट हो गया। इसके चलते सुबह करीब 9 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। करीब छह घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को पानी की किल्लत और अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी क्रम में साईं मंदिर रोड, आस्था कॉलोनी और नवीन नगर मुख्य पार्क के पास भी लाइन में खराबी सामने आई। विवेकानंद 11 केवी लाइन में आए फाल्ट के चलते पीटीसी और पीवीआर विद्युत केंद्र से जुड़े सभी फीडरों की सप्लाई ठप हो गई। इससे इन क्षेत्रों में सुबह तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। बिजली आपूर्ति ठप होने से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई, जिससे सुबह के समय लोगों को पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ा। दुकानदारों और छोटे व्यापारियों का भी कामकाज प्रभावित हुआ। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि रात में आए फाल्ट को ठीक करने के लिए टीमों को तुरंत लगाया गया था, लेकिन बारिश के चलते रात में पेट्रोलिंग में दिक्कत आई और फाल्ट सही नहीं किए जा सके। सुबह बारिश रुकने के बाद फाल्ट ठीक कराकर अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

ठंडी हवा से मौसम सुहाना, धूप का असर कम रहा

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार रात करीब डेढ़ बजे शुरू हुई तेज बारिश ने मौसम बदल दिया। सुबह आठ बजे तक चली बारिश के चलते मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। सोमवार को मौसम सुहाना रहा।

सोमवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिनों की तुलना में कम है। दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। दोपहर के समय कई बार बादल छाए, जिससे बारिश की उम्मीद बनी। ठंडी हवा चलने से धूप का असर भी कम रहा। बाजारों और सड़कों पर भी मौसम का असर साफ दिखा, लोग मौसम का आनंद लेते नजर आए।

मौसम का लुत्फ लेती स्कूटी सवार महिला।

यज्ञ संग क्रोध न करने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : स्टेशन रोड पर महिला आर्य समाज की ओर से सोमवार को साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग किया गया। पंडित वीरेंद्र आर्य ने पूनम शास्त्री की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया। सुदेश आर्य ने भजन प्रस्तुत किया।

पंडित वीरेंद्र आर्य ने सामवेद के मंत्रों की व्याख्या करते हुए क्रोध के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामान्य अवस्था में मनुष्य का मस्तिष्क संतुलित रूप से कार्य करता है, लेकिन क्रोध की स्थिति में उसकी कार्यप्रणाली विपरीत दिशा में जाने लगती है।

क्रोध व्यक्ति की विचार शक्ति को कमजोर कर देता है और उसे उत्तेजित बनाता है, जिससे शरीर में नकारात्मकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि क्रोध न केवल स्वयं के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे अन्य लोगों को भी नुकसान पहुंच सकता है। बुद्धि हरण क्रोध का भोजन है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए। इस मौके पर शन्नो गुप्ता, ऊषा गुप्ता, भावना रुहेला, आशा जैमिनी, पूनम रस्तोगी, मीरा सोती, गायत्री आर्य, रक्षा गोयल, कमलेश गोयल, आशा गुप्ता, नीलम गुप्ता, सुधा आर्य आदि रहीं।

स्टेशन रोड स्थित महिला आर्य समाज के यज्ञ में आहुति देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

दो साल डीएम रहे अनुज अब पैंसिया को कमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अनुज सिंह ने कुंदरकी में सकुशल संपन्न कराया था उपचुनाव
- संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर चर्चा में रहे डॉ. राजेंद्र

अमृत विचार: शासन की ओर से जारी तबादला सूची में संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को मुरादाबाद का डीएम बनाया गया है। संभल जामा मस्जिद के पूर्व में हरिहर मंदिर होने के दावे के बाद उसका सर्वे कराने को लेकर वह सुर्खियों में रहे। वहीं मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह को मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के रूप में महत्वपूर्ण तैनाती मिली है।

अनुज सिंह ने 25 जून 2024 को मुरादाबाद के जिलाधिकारी के रूप में चार्ज लिया था। इसके बाद सरकारी तंत्र को सुधारने की दिशा में एक के बाद एक कई कदम उठाए। सरकारी भूमि को संरक्षित करने के लिए निर्णय चर्चा में रहे। अनुज के कार्यकाल में कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव हुआ।

वहीं राजेंद्र पैंसिया 2016 बैच के आईएएस अफसर हैं। संभल के डीएम रहने के दौरान वह मंदिर-मस्जिद विवाद और कानून-व्यवस्था पर सख्ती को लेकर काफी चर्चा में रहे। वह मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं।

यशवंतपुर-योगनगरी ऋषिकेश स्पेशल के फेरे विस्तारित

मुरादाबाद, अमृत विचार : गर्मी के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकालीन स्पेशल गाड़ी संख्या 06597/06598 (यशवंतपुर-योगनगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर) के संचालन फेरों में विस्तार किया है।

मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने बताया कि स्पेशल गाड़ी संख्या 06597 (यशवंतपुर-योगनगरी ऋषिकेश स्पेशल) ट्रेन सात मई से नौ जुलाई तक संचालित होगी। वहीं स्पेशल गाड़ी संख्या 06598 (योगनगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर स्पेशल) के फेरों में विस्तार करते हुए नौ मई से 11 जुलाई तक संचालित किया जाएगा।

अपात्रों से धनराशि व उपहार वापस लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुख्यमंत्री सामूहिक प्रोत्साहन विवाह योजना में फर्जीवाड़ा पर की कार्रवाई
- दो दंपतियों के खाते से 60 हजार वापस लिए, सभी 38 के उपहार अधिग्रहित

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक प्रोत्साहन विवाह योजना में फर्जीवाड़े के मामलों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जांच में अपात्र पाए गए 38 दंपतियों में से दो के खाते में गई 60-60 हजार की धनराशि वापस ले ली गई है। इसके अलावा सभी 38 अपात्र दंपतियों को उपहार स्वरूप दिया गया सामान भी विभाग ने अधिग्रहित कर लिया है।

जिला समाज कल्याण प्रभारी अधिकारी पंखुरी जैन ने सोमवार को बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान रोक दिया गया है। वहीं योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को राहत देते हुए विभाग ने 1634 लाभार्थियों के खातों में 9. 79 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। कुछ लाभार्थियों के खातों में आधार लिंक न होने के कारण धनराशि पहुंचने में दिक्कत आ रही है। बताया कि जिन खातों में तकनीकी कारणों से राशि नहीं पहुंच पाई है, उन्हें दुरुस्त कर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

मजदूरों के बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री और राशन किट

मुरादाबाद, अमृत विचार: रोटरी क्लब मुरादाबाद नव्यम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत बुद्धि विहार में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहे मजदूरों के बच्चों को शिक्षण सामग्री, हाइजीन किट और राशन किट वितरित की गई।

असिस्टेंट गवर्नर डिस्ट्रिक्ट-3100 एडवोकेट शरमिताभ सिन्हा ने बताया कि मजदूरों के बच्चों का कोई स्थायी ठिकाना नहीं होता है। इस कारण उनके पास जाकर कुछ वक्त बिता कर अक्षर ज्ञान दिया जा रहा है। उन्हें स्वच्छता की कमी व गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। क्लब के सदस्य रवि चौधरी, अभिनव गुप्ता, सौरभ चौधरी, गौहर अली, सौरभ विज, तरुण कुमार ने बच्चों संग खेल खेले और अनजान व्यक्तियों से सावधान रहने को कहा।

नाले में डूबकर युवक की मौत, 4 दिन बाद मिला शव, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस का दावा - सीसीटीवी फुटेज में 30 अप्रैल को हादसा स्थल के आसपास दिखा था मृतक
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से अनुसार डूबने से हुई युवक की मौत, परिजनों ने जांच के लिए दी तहरीर

अमृत विचार : मझोला क्षेत्र के श्रीराम चौक के पास नाले में डूबकर युवक की मौत हो गई। युवक का शव सोमवार को सुबह नाले में पड़े होने की जानकारी पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर शव को निकलवाया। इस दौरान लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की शिनाख्त 26 वर्षीय अमन उर्फ विक्की के रूप में की। पुलिस का दावा है कि 30 अप्रैल को युवक नाले के आसपास दिखाई पड़ा था। संभवतः तभी नाले में गिर गया होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। मौके पर पहुंचे परिजनों का रोकर बुरा हाल था।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार की केसरी कुंज कॉलोनी के 26 वर्षीय अमन उर्फ विक्की पुत्र अशोक कुमार का सोमवार कोमझोला थाना क्षेत्र के श्रीराम चौक के पास नगर निगम के नाले में शव पड़ा मिला। मझोला पुलिस ने शव को नाले से निकाल कर शिनाख्त कराई और परिजनों घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। मृतक की बहन प्रीति ने बताया कि भाई अमन काफी दिनों से अलग हरथला में किराये के मकान में रहता था। उसका घर भी कम आना-जाना होता था, इसलिए उसकी जानकारी नहीं रहती थी। परिवार वालों के उसके नशे की लत का विरोध करने पर भाई घर से चला गया था।

मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई है। इसमें मृतक 30 अप्रैल को नशे की हालत में नाले के पास दिखा था। संभवतः उसी समय नाले में गिर कर डूब गया होगा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से युवक की मौत की पुष्टि हुई है। परिजनों ने जांच के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

अवाक्करपुर में विकास कार्यों में अनियमितता

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले के विकासखंड मुरादाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत अवाक्करपुर की ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामवासियों की शिकायतों के आधार पर मामले की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें अनियमितताएं सही मिली हैं। इस पर प्रधान को नोटिस जारी किया गया है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत के लिए स्वीकृत 1,18,545 रुपये की धनराशि के उपयोग में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई थी। आरोप था कि धनराशि का उपयोग कार्य में न कर कागजों में फर्जी तरीके से दर्शाया गया। हालांकि स्थलीय निरीक्षण में कार्य कराया जाना पाया गया, लेकिन कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिली और टाइल्स क्षतिग्रस्त पाई गईं।

छात्राओं को दिए आत्मनिर्भरता के टिप्स

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार : पंचायत भवन के सभागार में सोमवार को नव गुरुकुल फाउंडेशन फॉर सोशल वेलफेयर द्वारा कक्षा 12 उत्तीर्ण छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राजकीय विद्यालयों की 250 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने छात्राओं को मानसिक, भौतिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्हें भविष्य में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सह-जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा एवं वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक राकेश चंद्र मौर्य उपस्थित रहे। संस्था के प्रतिनिधियों राम और किरण ने छात्राओं को फाइनेंस, वेब डेवलपमेंट तथा बीसीए जैसे कोर्सों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था विभिन्न एनजीओ के सहयोग से इन कोर्सों के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध कराती है, जिससे विद्यार्थी निशुल्क या न्यूनतम शुल्क पर प्रवेश लेकर अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बताया गया कि संस्था द्वारा तीन चरणों में टेस्ट आयोजित कर छात्राओं का चयन किया गया है। चयनित छात्राएं पुणे और बैंगलूर स्थित संस्थानों में निःशुल्क कोर्स करने का अवसर प्राप्त करेंगी।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में डॉ.मनीषा जैन ने किशोरियों को माहवारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. मुक्ता अग्रवाल, बलवीर सिंह, डॉ. अनुज अग्रवाल, कपिल एवं सृजीत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पंचायत भवन में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में बोलतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी।

- चयनित छात्राओं का पुणे और बेंगलुरु के संस्थानों में कराया जाएगा निशुल्क कोर्स

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

तीन राज्यों में चुनाव जीतने पर भाजपा कार्यालय पर जश्न मनाते पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता। • अमृत विचार

बंगाल चुनाव की जीत पर डांस करती भाजपा महिला कार्यकर्ता। • अमृत विचार

आशियाना में भाजपा की जीत पर खुशी मानते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

पश्चिम बंगाल और असम में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम जानने के लिए सुबह से ही टीवी और मोबाइल से चिपके रहे लोग, ढोल-नगाड़ों पर जमकर झूमें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरलम के विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर शहर में जमकर जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यालय पर ढोल और नगाड़ों के साथ पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जमकर थिरके।

इसके रुझानों और परिणाम देखने के लिए लोग टीवी व मोबाइल से सुबह से ही चिपके रहे। जीत हार के रुझानों पर लोगों की धड़कनें बढ़ती घटती रहीं। सबसे अधिक दिलचस्पी लोगों की पश्चिम बंगाल की मतगणना को लेकर रही।

पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना सोमवार सुबह जैसे ही शुरू हुई लोगों में उत्सुकता बढ़ गई। जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ी कभी किसी दिग्गज नेता के आगे पीछे होने पर स्थानीय नागरिकों की बेसब्री बढ़ती रही। सबसे अधिक दिलचस्पी लोगों को पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव को लेकर रही। मतगणना के दौरान वहां की हर गतिविधि पर लोग टकटकी लगाए रहे। घरों व कार्यस्थलों के अलावा बाजार में दुकानों पर भी यही नजारा दिखा। तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने थलापति विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की एकतरफा व प्रचंड जीत की भी लोगों में खूब चर्चा रही।

बर्तन बाजार में भाजपा की जीत पर खुशी मनाते व्यापारी। • अमृत विचार

- पार्टी कार्यालय पर बजा ढोल-नगाड़ा, जमकर थिरके भाजपा पदाधिकारी
- जश्न मनाते हुए कार्यकर्ताओं में बांटी मिठाई, जगह-जगह छलका उत्साह

वहीं भारतीय जनता पार्टी महानगर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में पार्टी को प्राप्त हुई विजय पर सोमवार को जश्न मनाया गया। बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में मिष्ठान वितरण के साथ ढोल-नगाड़ों पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि यह विजय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण एवं संगठन की मजबूती का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इतने वर्षों बाद पार्टी को मिली यह ऐतिहासिक सफलता कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत और जनता के विश्वास को दर्शाती है। असम में पुनः प्रचंड बहुमत की सरकार बनने पर उन्होंने प्रदेश की जनता का आभार जताया। कहा कि यह जीत देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सुशासन और विकासपरक नीतियों पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी।

इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, अमित शर्मा, शम्मी भटनागर, धर्मेंद्र मिश्रा, नवदीप टंडन, अभिषेक चौबे, सुनीता शर्मा, निमित्त जायसवाल, अर्चित गुप्ता, दीक्षांत चौधरी, सोमपाल प्रजापति, गजेंद्र सिंह, कपिल गुप्ता, विजयलक्ष्मी पंडित, हेमराज सैनी, सिमरन कौर, अश्वनी शर्मा, वनिता मल्होत्रा, राजू कालरा, चकित चौधरी, दीपक चौधरी, सतेंद्र, अभिषेक राठौर, अमन ठाकुर, सुमित ठाकुर, हरिओम सैनी, उदित शर्मा, कपिल कुमार, अरुण पंडित, राजीव गुप्ता, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, नवीन चौधरी, राजेश गुप्ता, सिद्धार्थ शर्मा, राजीव शर्मा, राजेंद्र कश्यप, भरत टंडन, मनीष गुर्जर, सुनीता सैनी, पूर्णिमा खन्ना, कविता गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी, पार्षद आदि मौजूद रहे।

कैंप कार्यालय में टीवी पर चुनाव परिणाम देखते महापौर विनोद अग्रवाल।

भाजपा की जीत पर खुशी जताई

मुरादाबाद, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पार्टी के पदाधिकारियों ने खुशी जताई। भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक राजेश रस्तोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाकर खुशी जाहिर की। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस जीत का श्रेय उनके नेतृत्व और नीतियों को दिया। राजेश रस्तोगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास और सुशासन को ध्यान में रखते हुए भाजपा को चुना है।

पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम ऐतिहासिक जनादेश

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के यूपी के प्रदेश महामंत्री ने जताया हर्ष

मुरादाबाद, अमृत विचार: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम ऐतिहासिक जनादेश है। यह परिणाम भयमुक्त, राष्ट्रवादी एवं विकासोन्मुखी जनभावनाओं का परिचायक है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने जारी बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में आए जनादेश का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ स्वागत करता है।

इन चुनावों के परिणाम देश की लोकतांत्रिक चेतना की परिपक्वता का सशक्त प्रमाण हैं। व्यापक जनभागीदारी एवं युवाओं की सक्रिय उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारत का मतदाता अधिक सजग, जिम्मेदार और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्ध हो चुका है।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में प्राप्त जनादेश एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत देता है। यह परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि भयमुक्त, विकासोन्मुख और राष्ट्रवादी शासन व्यवस्था की स्थापना का स्पष्ट संदेश है।

व्यापारियों ने राहगीरों को बांटे 21 किलो लड्डू

मुरादाबाद, अमृत विचार : संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत की खुशी में व्यापारियों ने जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने किया। व्यापारियों ने राहगीरों को 21 किलोग्राम मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की। व्यापारियों ने हाथों में गदा लेकर खुशी मनाई। प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि भाजपा की यह जीत ऐतिहासिक है। यह परिणाम जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। इस दौरान सुनील अग्रवाल, दीपक कत्याल, मूलचंद चौहान, मोहित खन्ना, संजय सहगल, अरुण कुमार रस्तोगी, संजीव खन्ना, शिवम गुप्ता, संजय, प्रियम गुप्ता, दिव्यांशु, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड ड्राइव को बढ़ावा, वीडियो वैन रवाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी चलेगा जागरूकता अभियान

अमृत विचार : आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड मेकिंग ड्राइव को प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को एलईडी वीडियो वैन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पहल योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जन जागरूकता के उद्देश्य से की गई।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने वैन को रवाना करते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आयुष्मान कार्ड बनवाकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। एलईडी वीडियो वैन जिला अस्पताल, पीलीकोठी, महाराणा प्रताप चौक, रेलवे स्टेशन, बुधबाजार, पुराना रोडवेज, डबल फाटक, नया रोडवेज, हनुमान मूर्ति, रामपुर दोराहा, दलपतपुर होते हुए मुंडापांढे तक विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर योजना के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। इस दौरान डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पीताम्बर सिंह, जिला शिकायत प्रबंधक पुनीत जैन व जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक रचित कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

जिला समन्वयकों से मिला अनुदेशकों का प्रतिनिधिमंडल

मुरादाबाद, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की जिला कार्यकारणी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नवनियुक्त जिला समन्वयकों चिरंजीव ठाकुर (बालिका शिक्षा), निखिल गुप्ता (प्रशिक्षण), शिवम शुक्ला (सामुदायिक सहभागिता) से शिष्टाचार मुलाकात की। एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष विष्णु भारद्वाज के साथ समन्वयकों से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, और नवीन शैक्षणिक पहलों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजब सिंह, जिला उपाध्यक्ष विष्णु भारद्वाज, जिला महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज कुमार, ऋषि कपूर आदि लोग मौजूद रहे।

मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पैर में लगी गोली, रविवार रात स्वार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी
- पुलिस को देखकर झाड़ियों में छिपकर फायर करने लगा अकरम उर्फ कालिया

अमृत विचार: स्वार थाना पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ के बाद गोकशी के आरोपी अकरम उर्फ कालिया को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी है, घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से तमंचा, कारतूस और पशु काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि रहमतगंज इलाके में जाहरवीर मंदिर से स्टोन क्रेशर जाने वाले रास्ते के पास एक व्यक्ति गोवंशीय पशुओं का वध करने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस की तीन टीमों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखकर आरोपी अकरम उर्फ कालिया झाड़ियों में छिप गया। इसके बाद पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की तो आरोपी के पैर में गोली लग गई।

उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी अकरम उर्फ कालिया निवासी मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस, रस्सी, प्लास्टिक, कुल्हाड़ी, छुरी और गंडासा सहित पशु काटने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। आरोपी पर विभिन्न थानों में करीब नौ मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी वाली टीम में उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह, मनोज कुमार मिश्र व आदर्श गुप्ता, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, संदीप कुमार, गुलाब सिंह व अमित कुमार, सात कांस्टेबल शामिल रहे।


पुलिस हिरासत में अकरम उर्फ कालिया।

दुष्कर्म के आरोपी का सपा से संबंध नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा थाना पुलिस ने बालिका से दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को जेल भेजा था। आरोपी के समाजवादी पार्टी से जुड़े होने की बात सामने आई थी। जिसे सपा जिलाध्यक्ष ने बयान जारी कर नकारा। उन्होंने कहा कि आरोपी से समाजवादी पार्टी का कोई लेना देना नहीं है। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने सोमवार को मीडिया को बताया कि इस मामले में आरोपी सभासद का भाई समाजवादी पार्टी से जुड़ा हुआ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पार्टी को बदनाम करने की साजिश हो सकती है। संबंधित सभासद ने चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

☎ 9412554796
0591 3591634

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0762932 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0639514 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। शमशुद्दीन पुत्र श्री शमशाद निवासी कुआखेड़ा माफी डिलारी जिला मुरादाबाद

सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0840683 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। अक्षित कुमार चौधरी पुत्र श्री देवेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम अकबराबाद नजीबाबाद बिजनौर उ.प्र.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

छात्रों को आज से यातायात नियमों का पाठ पढ़ाएगी पुलिस

मुरादाबाद, अमृत विचार : यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान पांच से 11 मई तक जनपद के विभिन्न स्कूलों में संचालित किया जाएगा।

अभियान में उपनिरीक्षकों को अलग-अलग विद्यालयों में तैनात किया गया है, जहां वे छात्र-छात्राओं को तीन दिनों तक यातायात नियमों की जानकारी देंगे। अभियान के बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ट्रैफिक ने सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि इस दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, ट्रैफिक सिग्नल के पालन तथा सुरक्षित आवागमन के बारे में जागरूक किया जाएगा।

बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: रविवार देर रात शाहबाद तहसील क्षेत्र के नवाबपुरा गांव में तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। इसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर है। शाहबाद पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पटवाई थाना क्षेत्र के लालपुर पट्टी कादर निवासी आकाश राजपूत (23) पुत्र रामपाल मुरादाबाद के कठघर थाना क्षेत्र के मिलक खड़गपुर निवासी दोस्त रिंकु के साथ बाइक से दावत खाकर घर लौट रहे थे। वहीं शाहबाद के हिम्मतपुर गांव निवासी इरशाद (35) बाइक से आ रहे थे। रविवार रात करीब 11 बजे नवाबपुरा गांव में दोनों की बाईकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी शाहबाद ले गई, वहां इरशाद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि आकाश और एक अन्य युवक को जिला अस्पताल भर्ती कराया। लेकिन कुछ ही देर में आकाश को भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल में मोर्चरी पर भेजा। रोते बिलखते परिजन भी मोर्चरी पहुंच गए। दोनों युवक मजदूरी करके परिवार का पोषण करते थे। शाहबाद थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में तहरीर आएगी तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मोर्चरी पर मौजूद शोकाकुल परिजन। • अमृत विचार

मृतक आकाश।

मृतक इरशाद।

रोटरी क्लब ने बांटी शैक्षणिक सामग्री, छात्राओं के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कार्यक्रम में बच्चों को कराया गया अल्पाहार

अमृत विचार : रोटरी क्लब संस्कृति मुरादाबाद द्वारा रामगंगा विहार स्थित विहान बालिका श्रमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर छात्राओं को कॉपी, पेन, पेंसिल सहित अन्य आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। सामग्री पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलकता नजर आया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वल्पाहार भी कराया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष निधि बंसल ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। वहीं, सचिव राघव अग्रवाल ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. पल्लव अग्रवाल, रोटेरियन दिलीप सिंघल, मुकुल बंसल, अभिषेक अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, क्राति, प्रशंसा एवं प्रशांत मित्तल समेत कई लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

जान बचाने को पड़ोस के घर में घुसा था रंजीत

बिलारी, अमृत विचार : रंजीत पर जैसे ही हमलावरों ने फायर करना शुरू किया तभी वह जान बचाने को पड़ोस के मुनीश तोमर के घर में घुस गया ।परंतु आरोपी भी उसके पीछे घर में घुस गए जहां उन्होंने गोली और फरसे से उसकी निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गए। घटना को कई लोगों ने देखा।

बिलारी देर शाम हुए हत्याकांड से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है जिसको लेकर अधिकारियों ने गांव में पुलिस तैनात कर दी है।

जर्जर सड़क की मरम्मत को लिखा पत्र

कांठ , अमृत विचार : क्षेत्रीय विधायक ने लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर कांठ से सलेमपुर जाने वाले जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने पत्र में अवगत कराया कि कांठ से अकबरपुर मार्ग से जुड़ी सलेमपुर जाने वाली सड़क की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन मरम्मत के बाद भी सड़क जल्द ही पुन: क्षतिग्रस्त हो गई। इस संबंध में विधायक ने अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर भी वार्ता कर समस्या से अवगत कराया और सड़क की स्थिति को देखते हुए शीघ्र प्रभावी मरम्मत कराने की मांग की, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

कार से टकराई बाइक एक घायल

कांठ , अमृत विचार : कांवड़ पथ पर एक बाइक कार से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, तथा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु सीएचसी कांठ लाया गया। धामपुर बिजनौर निवासी दिनेश कुमार पुत्र मूलचंद अपने परिवार के तीन सदस्यों के साथ कांवड़ पथ से होकर थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुचावली में अपनी रिश्तेदारी में जा रहा थे। उनकी कार जैसे ही कांवड़ पथ स्थित ग्राम महेंद्री सिकंदरपुर के तिराहे पर पहुंची, कैच की पुलिया होकर थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी अनुज बाइक से अपने गांव जाते हुए सामने से आ रही कार से टकरा गया। दुर्घटना में बाइक सवार अनुज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार तीन लोगों के मामूली चोंटे आई।

जनता के विश्वास व नीतियों की विजय

देहात क्षेत्रों में ढोल- नगाड़े बजाकर झूमे भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता, एक दूसरे को मिठाई खिलाई

संवाददाता, बिलारी/कांठ

एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई। • अमृत विचार

एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई • अमृत विचार

अमृत विचार: पश्चिम बंगाल और असम में भजपा की जीत पर भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई । देर शाम तक ढ़ोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाइयां बांटी।

सोमवार को जैसे ही पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनी तभी से भाजपाई गदगद हो गए। भारतीय जनता पार्टी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा बिशन सिंह फार्म हाउस पर एकत्रित होकर भव्य रूप से जीत का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त की।

मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि यह जनादेश देश की जनता के विश्वास एवं पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों की विजय है। सफलता कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण एवं संगठन की मजबूती का परिणाम है। यह विजय पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। इस दौरान विकास गुप्ता एडवोकेट, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह ऋषिपाल सिंह, सुरेश सैनी, विश्वास यादव, राजीव सैनी, किशन लाल प्रजापति, हरिओम सैनी, नेपाल सिंह, मनोज सक्सेना, दीपक सक्सेना, देवदत्त दिवाकर, गिरीश बाबू, इमरान पाशा, अमित पाल, अभिनव चौधरी, शलभ गुप्ता, रवि पासी, श्री हसन, राजेंद्र काशी, अतुल शर्मा, हरिशंकर आर्य, दिनेश चौधरी, निहाल सिंह, प्रशांत चौधरी, अजय ठाकुर, अनिल कुमार, शरद गुप्ता, नवनीत यादव, हेमंत शर्मा, राजीव गुप्ता, राजीव शर्मा, अभिलाष गौड़, मनोज प्रजापति, मनोज ठाकुर, वीरपाल कोहली सुमित गुप्ता उमेश यादव पंकज चौहान उपस्थित रहे।

- बंगाल, असम में ऐतिहासिक जीत पर मनाया जश्न

वहीं कांठ में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने ढोल, आतिशबाजी व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल एवं असम में मिली प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में सोमवार को कांठ मंडल कार्यालय वरिष्ठ पूर्व विधायक रामकृष्ण माहेश्वरी के क्रेशर पर विजय उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और जीत पर उत्साह व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल एवं असम में मिली प्रचंड जीत पर वक्ताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी एवं हुकुम सिंह, मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, मनीष चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय कुमार बिश्नोई, रोहतास विश्नोई, अशोक कुमार विश्नोई, प्रमोद कुमार विश्नोई, सत्यवान राजपूत, रिजवान अल्वी, अनुज बिश्नोई, देवेंद्र चौहान, प्रमोद चौहान, अमरीश शर्मा, साजिद, दीपक चौहान आदि उपस्थित रहे।

भुगतान में गड़बड़ी को रिकॉर्ड में की ओवरलैपिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तेवर पट्टी में अनियमितता का मामला, ग्राम पंचायत अधिकारी को नोटिस जारी

अमृत विचार : जिले के कुंदरकी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा में विकास कार्यों एवं वित्तीय लेनदेन में अनियमितता का मामला सामने आया है। जिला पंचायत राज अधिकारी, ने पंचायत अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जांच में ग्राम प्रधान पर लगे आरोपों की पुष्टि हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम वासियों की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर संयुक्त जांच कराई गई। जांच में पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों में श्रमिकों के नाम पर भुगतान में गड़बड़ी की गई। एक ही श्रमिक द्वारा अलग-अलग कार्यों में एक ही अवधि में कार्य दिखाकर मजदूरी भुगतान लिया गया, जिससे रिकॉर्ड में ओवरलैपिंग पाई गई। इसके अलावा, ग्राम पंचायत में मानदेय भुगतान में भी गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। ग्राम प्रधान द्वारा विभिन्न अवधि का मानदेय कई बार निकाले जाने का मामला पकड़ में आया है, जिसमें तिथियों एवं अवधि में स्पष्ट ओवरलैपिंग पाई गई है। पंचायत सहायक के मानदेय भुगतान में भी गड़बड़ी का आरोप है। जांच में यह भी सामने आया कि पंचायत सहायक को उस अवधि में भी मानदेय दिया गया, जब वह अन्यत्र अध्ययनरत था, जिससे फर्जी भुगतान की आशंका व्यक्त की गई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने नोटिस जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर अभिलेखीय साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

असम-बंगाल की ऐतिहासिक जीत से खुशी

एक दूसरे को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार: असम और बंगाल में बीजेपी की जीत ने पूरे देश को गदगद कर दिया। भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने भव्य जश्न आयोजित कर भारत माता की जय के जोशीले नारों से हवा गुंजायमान कर दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह शानदार जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटल नेतृत्व और करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के निष्ठावान परिश्रम का जीता-जागता प्रमाण है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, अरविंद कुमार पुंडीर, संजय दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, पीयूष गौतम, नक्से अली, सुऐब शावरी, आमिर खान, विनीत कुमार, विपिन दिवाकर, राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

50 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : उत्तराखंड काशीपुर गोवंश स्क्वॉड टीम ने काशीपुर ठाकुरद्वारा सीमा के अंतर्गत 50 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गोवंश स्क्वॉड के परिक्षेत्रीय चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज बेलवाल टीम के साथ आईटीआई थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि काशीपुर ठाकुरद्वारा रोड पर स्थित सीमा क्षेत्र पर स्थित गुलड़िया गांव निवासी जरीफ पुत्र शकील अहमद व खाना ठाकुरद्वारा के गांव फरीदनगर निवासी सद्दाम पुत्र सकीर नदी किनारे जानवर को काटकर मांस बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर टीम जब मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने पुलिस को आता देख मांस से भरी पोटली छोड़कर फरार हो गए। तलाशी लेने पर मौके से करीब 50 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस ने काफी तलाश की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे।

जमकर आतिशबाजी, मिठाई का वितरण कर मनाया जश्न

कोतवाली के निकट समर्थकों के साथ जश्न मनाते ठाकुर अजय प्रताप सिंह।

मिठाई वितरण करते पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान व अमित चौहान ।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : पश्चिम बंगाल, असम व पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर ठाकुरद्वारा में जश्न तो खूब हुआ, लेकिन यह जश्न एकजुटता से ज्यादा बंटवारे की कहानी कहता नजर आया।

नगर में देहात क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में ठाकुरद्वारा मुरादाबाद काशीपुर मार्ग स्थित तिकोनिया चौराहे पर एकत्र हुए। हाथ में झंडा लहराते हुए आतिशबाजी छोड़ी गई और मिठाई का वितरण हुआ।

- दो खेमों में बंटे दिखे ठाकुरद्वारा के भाजपाई

इन सबके बीच कार्यकर्ता दो खेमों में बंटे नजर आए। एक ने कोतवाली के गेट पर मिठाई वितरण कर खुशी-का इजहार किया तो दूसरी तरफ दूसरे खेमे ने आतिशबाजी छोड़ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का इजहार किया। दोनों ओर खुशी का माहौल जरूर दिखा, मगर भीतर ही भीतर संगठन की दरारें भी साफ झलक गईं। एक ओर ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में समर्थकों ने जुलूस निकालकर और मिठाई बांटकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया, तो दूसरी ओर पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान के पुत्र अमित चौहान ने समूह के साथ समानांतर कार्यक्रम कर यह संदेश दे दिया कि पार्टी के भीतर तालमेल से ज्यादा ताकत की होड़ चल रही है।

सामूहिक कार्यक्रम की बजाय अलग-अलग मंचों पर उत्सव मनाया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, अमित चौहान, डॉ. वीर सिंह सैनी, डॉ. ओमपाल सैनी, कमलेश कुमार, दीपक वाल्मीकि, दिनेश प्रजापति, मनोज चौहान, आशुतोष अग्रवाल, शिवेंद्र गुप्ता, संजीव चौहान, धर्मेंद्र पाल, प्रदीप पाल, पवन पुष्पद, , पंकज गुप्ता, सुधीर नायक, गौरव वर्मा ,डॉ. आफताब हाशमी, इकराम कुरैशी, फैज कुरैशी, हेमेंद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र लंबा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शटडाउन के बाद भी दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। कोतवाली क्षेत्र के गांव दुल्हापुर पट्टी चौहान (दुल्हापुर मड़िय्यो) में 11 हजार वोल्ट की लाइन पर काम कर रहे लाइनमैन की करंट लगने सेमौत हो गई।

मृतक सर्वेश कुमार (40) निवासी सूरजनगर, रविवार दोपहर करीब तीन बजे शटडाउन लेकर बिजली लाइन की मरम्मत कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लाइन पर काम शुरू करने से पहले विधिवत शटडाउन लिया गया था, जिससे लाइन में करंट नहीं होना चाहिए था। लेकिन अचानक सप्लाई चालू हो गई और करंट की चपेट में आकर सर्वेश कुमार पोल पर ही बुरी तरह झुलस गए। कुछ ही पलों में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र क्रिश काम्बोज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर संबंधित जेई और एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

- जेई और एसडीओ समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट

उनका कहना है कि काम शुरू करने से पहले अधिकारियों को स्पष्ट रूप से सूचना दी गई थी और शटडाउन सुनिश्चित कराया गया था, इसके बावजूद सप्लाई चालू कर दी गई, जो घोर लापरवाही का मामला है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जेई, एसडीओ समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दस्तावेज व सफाई व्यवस्था में मिलीं खामियां

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

ब्लॉक परिसर का निरीक्षण करते जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक।

अमृत विचार : सोमवार को जिला विकास अधिकारी और डीसी एनआरएलएम ने ब्लॉक परिसर का निरीक्षण किया। दस्तावेजों के रखरखाव व सफाई व्यवस्था में खामियां पाई गई। जिस पर अधिकारियों ने दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ब्लॉक पहुंचे। आवास पटल, एनआरएलएम, आधार फीडिंग आदि के पटल का निरीक्षण किया, कर्मचारियों से बिदुवार समीक्षा करते हुए आधार फीडिंग की जानकारी ली। ग्राम पंचायतों में श्रमिक दिवस में वृद्धि के निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने ब्लॉक क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कार्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और आधार फीडिंग की समीक्षा की। उन्होंने साफ-सफाई, कार्यों में तेजी लाने और विकास योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डीसी एनआरएलएम केएन पाण्डेय ने महिला समूह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेई मुस्तफा, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, एडीओ नेम सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक उमेश यादव, नवीन चौहान, एकाउंटेट देवेंद्र यादव, एडीओ कॉपरोटिव राम आशीष प्रताप सिंह, एपीओ देवराज सिंह, वरिष्ठ सहायक अनिल कमार, हरीश कुमार, जेई एमआई मनप्रीत कौर आदि स्टाफ मौजूद रहे।

- जिला विकास अधिकारी और डीसी एनआरएलएम ने किया ब्लॉक का निरीक्षण

शुरू हुई आफत: चंद घंटों की बारिश में स्टेट हाईवे बना तालाब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

पानी के बीच से गुजरते बाइकसवार।

अमृत विचार : रविवार रात हुई चंद घंटों की बारिश ने मुरादाबाद-काशीपुर स्टेट हाईवे की पोल खोल दी। रामपुर तिराहा से काशीपुर की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग जगह-जगह जलभराव के कारण तालाब में तब्दील हो गया, जिससे छोटे-बड़े वाहनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि इस सड़क की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब सात महीने पहले ही कराई गई थी। इसके बावजूद पहली ही अच्छी बारिश में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए और जलभराव की स्थिति बन गई। सड़क पर पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे, जिससे वाहन चालकों के लिए खतरा और बढ़ गया है। रामपुर तिराहा काशीपुर मार्ग के रहने वाले मोहम्मद उमर ने बताया कि इस मार्ग से उत्तराखंड की ओर जाने वाले वाहनों की संख्या अधिक रहती है, लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि चार पहिया और भारी वाहन भी धीरे-धीरे निकलने को मजबूर हैं।

- राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी

स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते थोड़ी ही बारिश में सड़क की हालत खराब हो गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी ली जा रही है और जल्द ही टीम भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा, ताकि आवागमन सुचारु रूप से बहाल किया जा सके।

बारिश से सोनकपुर स्टेडियम में जलभराव, खिलाड़ी लौटे निराश

मुरादाबाद अमृत विचार : रविवार रात से हुई तेज बारिश ने शहर के खेल ढांचे की पोल खोल दी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे सोमवार सुबह अभ्यास के लिए पहुंचे खिलाड़ियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। सुबह के समय कई खिलाड़ी नियमित अभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंचे, लेकिन मैदान की स्थिति देखकर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। खिलाड़ियों का कहना है कि इस तरह की समस्या हर बार बारिश के बाद सामने आती है, जिससे उनकी तैयारी पर असर पड़ता है। शाम के समय भी हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ और जलभराव जस का तस बना रहा। खिलाड़ियों और अभिभावकों ने स्टेडियम की जल निकासी व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित प्रबंधन किया जाए, तो इस समस्या से बचा जा सकता है। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्टेडियम से पानी निकालने का कार्य कराया जा रहा है, जिससे जल्द से जल्द खिलाड़ियों को अभ्यास की सुविधा मिल सके।

रविवार रात हुई बारिश से किसानों को राहत

कांठ, अमृत विचार : क्षेत्र में रविवार रात हुई बारिश ने किसानों को राहत दी है। इस बरसात से गन्ने की फसल को बड़ी राहत मिली है, जिससे खेतों में नमी बढ़ी है और फसल की बढ़वार में तेजी आने की उम्मीद है। कांठ छजलैट क्षेत्र के आसपास कई गांवों के किसानों ने इस बारिश को लाभकारी बताया है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बरसात अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। किसानों का कहना है कि बारिश से फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गन्ने के साथ-साथ सब्जी फसलों को भी इसका लाभ मिलेगा, जिससे उत्पादन बेहतर होने की संभावना है। किसानों के अनुसार, समय पर हुई इस बारिश से सिंचाई का खर्च कम होगा और फसल की गुणवत्ता में सुधार आएगा। इस बरसात से क्षेत्र में कृषि गतिविधियों के लिए सकारात्मक माहौल बना है।

न्यूज डायरी

उर्स में उमड़े अकीदतमंद

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव तिसावा चांदपुर के जंगल में स्थित हजरत शेख सलाउद्दीन की दरगाह पर सोमवार को सालाना उर्स बड़े ही अकीदत और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। उर्स के मौके पर दूर-दराज से पहुंचे हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस दौरान मुल्क और मिल्लत की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ हुई। इस मौके पर पहुंचे विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने चादरपोशी कर अमन और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सूफी संतों की दरगाहें हमेशा भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देती हैं। यहां हर धर्म और वर्ग के लोग आते हैं और फैज हासिल करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके वालिद मरहूम विधायक हाजी मोहम्मद इरफान द्वारा दरगाह के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था, और आगे भी वह दरगाह के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान सज्जादानशीन खलील प्रधान, मुजीब पाशा, सद्दाम सैफी, फिरोज, वसीम, आसिफ ,नासिर ,हारून, शाहिद पहलवान ,मुकीम पहलवान, फकीर बाबा, इरशाद पहलवान, सोहेल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

जमीन बेचने के नाम पर जिला जज के चालक से धोखाधड़ी

कांठ, अमृत विचार : जमीन के पूरे रुपए लेने और बैनामा कराने के बाद भी जिला जज के चालक से धोखाधड़ी कर जमीन का दाखिल खारिज निरस्त कर दिया और चेक भी ले लिया। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। बलराम सैनी पुत्र स्वर्गीय मेवाराम निवासी बसेरा हिमगिरी कॉलोनी थाना सिविल लाइन ने थाना कांठ क्षेत्र में रफायतपुर के जंगल में खेती की जमीन का बैनामा फतेह सिंह पुत्र खूब सिंह निवासी ग्राम लालापुर पीपलसाना थाना ठाकुरद्वारा से कराकर खरीदी 41300 का कुल खर्च आया था। यूको बैंक का चेक फतेह सिंह को दिया था। बैनामे में ग्राम दरियापुर के महिपाल, अमित चंद गवाह है। खरीदी गई जमीन का दाखिल खारिज भी बलराम सैनी के नाम हो गया था परंतु इसके बाद फतेह सिंह ने नायब तहसीलदार कांठ के न्यायालय में एक झूठा प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसे जमीन का पूरा पैसा नहीं मिला है। इसी आधार पर नायब तहसीलदार ने खरीददार बलराम सैनी का नाम खतौनी से निरस्त कर दिया और फतेह सिंह का नाम दोबारा चढ़ा दिया। जब इस बात की जानकारी खरीदार को हुई तो उसने थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का उपयोग पंजीकृत करने की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में उपयोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

50 लाख की रंगदारी या जमीन का चल रहा खेल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पिछले दो दिनों से सुलग रहा जमीन विवाद अब खुलकर सियासी जंग में बदल गया है। जो मामला शनिवार तक खोखा रखने की कार्रवाई भर लग रहा था, वह रविवार रात आते-आते 50 लाख रुपये की कथित रंगदारी के आरोप में दर्ज मुकदमे तक पहुंच गया। पुलिस ने नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। परख ज्वैलर्स के मालिक अवनीश कुमार सिंघल का आरोप है कि यह सिर्फ जमीन का विवाद नहीं, बल्कि दबाव और उगाही की पटकथा है। कहा कि पालिकाध्यक्ष पिछले चार महीनों से उन पर 50 लाख रुपये देने का दबाव बना रहे ।विवाद की शुरुआत शनिवार को तब हुई, जब पालिका की टीम पुलिस के साथ कोतवाली के सामने स्थित विवादित जमीन पर कैबिन रखने पहुंची। व्यापारी ने इसे पैतृक संपत्ति बताया, जबकि प्रशासन सरकारी जमीन बताकर कार्रवाई पर अड़ा रहा। मौके पर हंगामा, नारेबाजी और फिर कोतवाली घेराव तक की नौबत आ गई। पुलिस ने तहरीर और प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर रंगदारी और जान से मारने की धमकी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। व्यापारी अवनीश सिघंल का आरोप है कि उनसे पालिकाध्यक्ष ने 50 लाख रुपये मांगे, न देने पर रास्ता बंद करने की धमकी दी। पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी ने राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि संबंधित जमीन खसरा नंबर 51 के तहत नगर पालिका की संपत्ति है और वे केवल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। बताया कि उन्होंने जो शिकायतकर्ता से बात की थी उसका कॉल रिकार्ड निकाल लिया जाए।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने जा रहे किसानों को घरों में किया नजरबंद

भोजपुर, अमृत विचार : थाना पुलिस ने जंतर-मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन करने जा रहे भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के मंडलाध्यक्ष नाजिर पाशा और उनके समर्थकों को घरों में नजरबंद कर दिया। इस दौरान उनके आवास पर भगतपुर एवं भोजपुर के थाना प्रभारी समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा। भाकियू संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ नेता हरियाणा निवासी रवि आजाद को हरियाणा पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नेता की रिहाई की मांग को लेकर किसान सोमवार को जंतर-मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन करने जाने की योजना बना रहे थे। इसके लिए किसान भाकियू संयुक्त मोर्चा के मंडलाध्यक्ष नाजिर पाशा के आवास पर इकट्ठे हो रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार,उप निरीक्षक इजहार अली एवं भारी पुलिस फोर्स को लेकर नाजिर पाशा के आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। आक्रोश को भांपते हुए सीओ ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह ने भगतपुर थाना प्रभारी को आवास पर लगा दिया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री शाकिर अली, जिलाध्यक्ष रोहित देवल,मंडल उपाध्यक्ष हसनैन मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

9 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, वादों का होगा निस्तारण

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिले में आगामी 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव एवं सिविल जज (प्रवर वर्ग) अम्बरीष श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर होगा। इसमें आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखित अधिनियम से संबंधित प्रकरण, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वाद, विद्युत एवं जल बिल से संबंधित विवाद (चोरी से संबंधित मामलों सहित) को सुना जाएगा। पारिवारिक, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी वेतन विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित प्रकरण, राजस्व वाद (जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित वाद) तथा अन्य सिविल वाद जैसे किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश एवं विशिष्ट अनुतोष से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी ऐसे विवादों का भी निस्तारण किया जा सकता है, जो अभी न्यायालय में लंबित नहीं हैं।

किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा बीज

रामपुर, अमृत विचार : किसानों को ढैंचा, धान, उड़द, मूंग, अरहर, ज्वार, बाजरा, मक्का, सांवा, कोदो, मंडुआ, रागी, संकर बीज एवं बीज मिनीकिट कृषकों को निशुल्क एवं 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगी। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि बीजों के वितरण के लिए लाभार्थियों का चयन ई लॉटरी से किया जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से किसानों को बीज वितरण पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। जो किसान इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें कृषि दर्शन-1 पोर्टल agriculture.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को पॉज मशीन के माध्यम से जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों द्वारा बीज मिनीकिट का वितरण किया जाएगा।

भारत माता की जय व वंदे मातरम से वातावरण गुंजायमान

पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर एक दूसरे को गले लगा दी बधाई, बंटी मिठाई, खूब हुई आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता रामपुर

अमृत विचार: सोमवार को पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत पर राम विहार स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्साह मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, ढोल नगाड़ों की धुन पर थिरके और जमकर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

कार्यालय परिसर में भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस विजय को लेकर कार्यकर्ताओं में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया, मानो यह जन-जन की आकांक्षाओं की जीत हो। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक विजय वहां की जनता द्वारा वर्षों से चले आ रहे गुंडाराज, भ्रष्टाचार एवं माफिया राज के अंत का स्पष्ट संकेत है। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि जनता अब भय, अन्याय और तुष्टिकरण की राजनीति को अस्वीकार कर विकास, सुशासन और पारदर्शिता के मार्ग को अपना चुकी है। यह लोकतंत्र की मजबूती और जनविश्वास की जीत है। विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि विजय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल है।

विधायक राजबाला सिंह ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा और अधिक दृढ़ता एवं संकल्प के साथ जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि यह विजय जनता के अटूट विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। इस दौरान पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, मोहित सैनी, अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, हंसराज पप्पू, सुभाष भटनागर, बीना भारद्वाज, बरेली के निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, मोहन कुमार लोधी, मोहनलाल सैनी, सुनीता सैनी, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विवेक रुहेला, विकास दीक्षित, अर्जुन रस्तोगी, रविंद्र सिंह रवि, अमित दिवाकर, राजीव मांगलिक, शकुंतला लोधी, पारुल अग्रवाल, विवेक बिश्नोई, श्वेता शर्मा, विकास दीक्षित, शुभम सक्सेना, विक्रम सिंह, ओमप्रकाश लोधी, कपिल गुप्ता, योगेंद्र गंगवार, संजय यादव, देवेंद्र चौधरी, डॉली रंधावा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा जिला कार्यालय पर खुशी का इजहार करते पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

मिठाई खिलाते। जिला प्रभारी राजा वर्मा, शहर विधायक सहित अन्य ।

सैफनी में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

सैफनी, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल में भाजपा को बहुमत मिलने पर सोमवार को भाजपाइयों ने नगर की सर्राफा मार्केट में जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर प्रवीण जोशी, राज जोशी, पंकज शर्मा, अनिल रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, महिपाल सैनी, शोभित व बंटी रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

एक नए युग का हुआ आगाज

रामपुर, अमृत विचार : बंगाल में भाजपा की प्रचंड विजय, तृणमूल कांग्रेस और उसकी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भय, आतंक, भ्रष्टाचार ,घमंड, तुष्टिकरण की राजनीति के प्रतिउत्तर में हुई है। आईआईए चेयरमैन और भाजपा नेता श्रीश गुप्ता ने कहा कि जनता त्रस्त थी, उसे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। बांग्लादेशी घुसपैठियों को ममता बनर्जी का समर्थन था। सारे उद्योग धंधे बंद हो रहे थे, बेरोजगारी चरम पर थी, विकास शून्य था। इंफ्रास्ट्रक्चर जीरो था। कभी देश की राजधानी और प्रमुख औद्योगिक केंद्र रहा बंगाल खस्ताहाल हो चुका था। अब बंगाल भी देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह विकास के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

श्रीश गुप्ता व उद्यमी एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए। ● अमृत विचार

सैफनी में खुशी मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

मिलक में बंटी मिठाई, हुई आतिशबाजी

मिलक, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के बाद सोमवार शाम मिलक नगर के तीन बत्ती चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और जमकर आतिशबाजी कर जीत का इजहार किया। इस दौरान जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से चौराहा गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। हाथों में भाजपा का झंडा लिए युवाओं ने विक्ट्री साइन दिखाकर खुशी जताई। भाजपाइयों ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और सुशासन के मॉडल पर मुहर लगाई है। इस अवसर पर कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, प्रेम शंकर पांडे, मनोज पांडे, ममता अत्रि, बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, सभासद डॉ. राम बहादुर गंगवार, मुन्नी देवी, ऋषि पांडे, हेमा रानी, दीपा रस्तोगी, जीतू पांडे, सुरेश पटेल आदि मौजूद रहे।

स्वार में भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

स्वार, अमृत विचार : असम, पश्चिम बंगाल और पांडिचेरी में भाजपा की जीत पर सोमवार को नगर में भाजपाईयों ने खुशी जताई। नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर के नेतृत्व में बिलासपुर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। ढोल नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर कर मिष्ठान वितरण किये। साथ ही आतिशबाजी कर पार्टी की जीत का उत्साह व्यक्त किया। देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि यह जीत देश की जनता के भाजपा और प्रधानमंत्री की नीतियों पर विश्वास का परिणाम है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत सैनी, ब्रजकिशोर दिवाकर, राजेंद्र गोस्वामी, पंकज जोशी, दिलीप अरोड़ा, महेंद्र सैनी, अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, सूरज वाल्मीकि, रिंकू सैनी, हरीश मौर्य, जानकी प्रसाद, अतर सिंह, दीपक चंद्र समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीर खालसा सेवा समिति ने शहर विधायक को दी बधाई

रामपुर, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल में भाजपा जीत पर सोमवार को वीर खालसा सेवा समिति ने शहर विधायक आकाश सक्सेना को मिठाई खिलाकर बधाई दी। समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि शहर विधायक ने बंगाल में पार्टी को किया। आपने जिस सीट पर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया, वहां पार्टी ने भारी बहुमत से विजय प्राप्त की है। इस मौके पर गुरमीत सिंह, सेवा सिंह, नारायण सिंह, कमलजीत सिंह, मनिंदर सिंह, अमनदीप सिंह, नरेंद्र पाल लकी, कुलविंदर सिंह सहित मौजूद रहे।

शहर विधायक को सम्मानित करते वीर खालसा समिति के पदाधिकारी।

किसानों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए भारतीय किसान यूनियन अंबावता के कार्यकर्ता ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- भाकियू अंबावता के नेतृत्व में समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अंबावता जुड़े किसानों ने प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने मंडी की समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि ग्राम सभा संकरा की सरकारी साप्ताहिक बाजार बृहस्पतिवार को लगती है। उस पर मंडी समिति द्वारा टीन शेड का निर्माण कई वर्ष पूर्ण कराया गया था, जो जर्जर की हालत में है। बारिश के कारण बरसात का पानी सब दुकानदारों के ऊपर गिरता है, इससे सामान खराब हो जाता है।

बाजार कम होने से राजस्व को नुकसान हो रहा है। इसी तरह मंडी समिति द्वारा कई सड़क जो नेशनल हाईवे से गांव को जोड़ रही हैं, जर्जर हो गई है। बरसात से पहले उनके भी मरम्मत कराई जाए। इस समय यूरिया खाद के लिए किसान परेशान हैं, खाद गोदाम में भारी पड़ी हैं, लेकिन अधिकारी किसानों को समय से खाद नहीं दे पा रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में शकील अहमद, हड़ताल सिंह यादव, महबूब अली, मोहम्मद ठेकेदार, आरिफ अली, नवाब अली, मोहम्मद रफीक, बिलाल खान, गुलवेश खान, फैजान मियां, रामचंद्र, सूरजपाल, राकेश कुमार, जाकिर अली, इरफान अली, नौबतराम, सज्जू खान, नन्हे राम, रफत खान आदि मौजूद रहे।

पूरे दिन टीवी से चिपके रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बंगाल, असम समेत पांच राज्यों के चुनाव परिणाम जानने के लिए पूरे दिन लोग टीवी से चिपके रहे। हर खासो आम का फोकस बंगाल चुनाव पर था दोपहर बाद बंगाल में भाजपा के प्रत्याशी 100 का आंकड़ा पार गए थे जबकि, टीएमसी के प्रत्याशी 95 पर अटके हुए थे। लोगों को पहले से उम्मीद हो गई थी कि बंगाल में भाजपा सरकार बना लेगी। सुबह से लोग टीवी खोलकर बैठ गए थे और चैनल बदल-बदलकर बंगाल चुनाव में हार जीत की जानकारी लेते रहे। पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, राजीव मांगलिक समेत तमाम नेताओं ने देखा और भाजपाई दोपहर में आंकड़े देखकर जीत को लेकर आश्वस्त हो गए थे। पूर्व विधायक बीना भारद्वाज ने बताया कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जनता बदलाव चाहती है और जिसे चाहती है उसके सिर ताज रख देती है।

पश्चिम बंगाल झांकी यूपी की विजय बाकी

रामपुर, अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पश्चिम बंगाल की जीत को लेकर कहा कि भाजपा के प्रति बढ़ते जनविश्वास का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव तो झांकी हैं, अभी उत्तर प्रदेश के चुनाव बाकी हैं। यहां भी भाजपा प्रचंड जनादेश प्राप्त कर प्रदेश और देश के विकास की धारा तय करेगी। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि राज्य की जनता भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। विशेष रूप से उन सीटों का उल्लेख किया जिनकी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि उन सभी क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों ने विराट जीत दर्ज की है, जो पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत रणनीति का परिणाम है। इनमें दिनहाटा और सिताई सीट शामिल हैं।

मंदिर-मस्जिद के रास्तों से हटेगा रोड़ा

संवाददाता, बिलासपुर

गणमान्य नागरिकों से वार्ता करते उपजिलाधिकारी अरुण कुमार। ● अमृत विचार

- बिलासपुर में मुख्य रास्ते पर निर्माण सामग्री को लेकर चल रहा गतिरोध

अमृत विचार : नगर में मंदिर और मस्जिद के समीप मुख्य रास्ते पर फैली निर्माण सामग्री को लेकर चल रहा गतिरोध अब खत्म होने की राह पर है। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पालिका और प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। पालिका ने दोनों पक्षों को तीन दिन के भीतर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

मोहल्ला कायस्थान में काफी समय से मंदिर और जामा मस्जिद के बीच वाले रास्ते पर निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी थी। इससे न केवल पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही थी, बल्कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक भी फिसलकर चोटिल हो रहे थे। नागरिकों ने शिकायत नगर पालिका प्रशासन से की थी। जिसके बाद पालिका की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। वहीं दूसरी ओर सोमवार को उपजिलाधिकारी अरुण कुमार, अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह तथा पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां मौके पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर और मस्जिद से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने वार्ता की।

अधिकारियों ने दोनों पक्षों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं ही रास्ते से कंक्रीट और रोड़ा हटवा लेंगे, जिसके लिए उन्होंने तीन दिन की मोहलत मांगी। वहीं, पालिका प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है। कि यदि तीन दिनों के भीतर रास्ता पूरी तरह साफ नहीं किया गया, तो पालिका की टीम जेसीबी के माध्यम से सामग्री हटवा देगी।

इस स्थिति में आने वाले खर्च और जुर्माने की जिम्मेदारी संबंधित पक्षों की होगी। ईओ का कहना है कि दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से तीन दिन के भीतर कांक्रीट और रोड़े को हटाने को कहा है। उन्हें तीन दिन का समय देते हुए नोटिस भी दिया गया है।

कामर्शियल गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी से परेशानी

सिलेंडर की कीमत वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि से नाराज व्यापारियों ने तहसील में प्रदर्शन किया। बाद में बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल कम किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

सोमवार को उत्तर-प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल और नगराध्यक्ष सुदर्शन मदान के नेतृत्व में व्यापारी तहसील पहुंचे। जहां बढ़ी कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि ने व्यापारी की कमर तोड़ दी है। होटल, रेस्टोरेंट, ठेले, रेहड़ी संचालकों समेत अन्य खाद्य कारोबार काफी प्रभावित हुए हैं। आम जनता की थाली महंगी हो रही है और होटलों का संचालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। मांग की कि बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल कम किया जाए। ताकि छोटे व्यवसाय और होटल उद्योग पुनः सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, हाफिज ताहिर, शिशुपाल सिंह, इम्तियाज हुसैन, सुनील गुप्ता, तिलकराज जैन, दुष्यंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कांग्रेसियों का फावड़ा, हंसिया के साथ प्रदर्शन

खाद संकट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- किसानों को खाद दिए जाने में अनियमितताएं बरते जाने का आरोप, ज्ञापन डीएम को सौंपा

अमृत विचार: खाद संकट होने पर कांग्रेसियों ने हाथों में फावड़ा व हंसिया लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों का आरोप है कि किसानों को खाद दिए जाने में अनियमितताएं बरती जा रही है।

कांग्रेसी सोमवार की सुबह करीब 10:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि प्रति किसान केवल 2 बोरा एनपीके दिया जा रहा है। किसान महंगे दामों पर खुले बाजार से खाद लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। समितियों पर खाद के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है जिसमें श्रम एवं समय दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक खाद दिया जाए।

खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए कठोर कार्रवाई की जाए। कागजी प्रक्रिया सरल बनाकर एकमुश्त पंजीकरण की व्यवस्था लागू की जाए। खाद वितरण में छोटे मझोले किसानों को प्राथमिकता मिले। ताकि, छोटे मझोले किसान खाद के लिए परेशान नहीं हों और समय से अपनी फसलों में खाद पानी लगा सकें। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि किसानों की समस्या का निस्तारण होना चाहिए। इस दौरान बाकर अली खां, शादाब, मोहम्मद फुरकान, आसिफ खां, इफ्तिखार राजा, अबरार हुसैन, अलताफ, शहजाद शाकिर खां, दुर्गेश कुमार, राजीव आर्य, भूपेंद्र सिंह, अरसलान खान आदि मौजूद रहे।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

बंद मकान से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

बिलासपुर, अमृत विचार: चोरों ने बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव नगरिया कलां निवासी सुनील कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह बीते गुरुवार को परिवार के साथ दवाई लेने बरेली गया था। देर हो जाने के कारण वह रात में ससुराल में रुक गया था। इसी बीच रात्रि में अज्ञात चोरों ने उसके बंद मकान को निशाना बनाते हुए मुख्य गेट का ताला तोड़ भीतर घुस गए और अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी समेट ले गए। बताया कि चोर घर से सोने की चेन, कानों के कुंडल, नाक की लौंग, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक गैस सिलेंडर और 35 हजार रुपये की नकदी ले गए हैं।

चोरी किए गए कुल सामान की कीमत दो लाख रुपये से भी अधिक है। घटना की जानकारी उसके घर लौटने पर हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

लाइनमैन हटाने की मांग

बिजली घर में लेखाकार को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

- बिजली घर में किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: प्रधानों ने भोट पजाबा फीडर पर तैनात लाइनमैन को हटाए जाने की मांग को लेकर बिजली घर में प्रदर्शन किया। इसके बाद अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन लेखाकार को सौंपा।

सोमवार को बड़ी संख्या में प्रधान खंड विकास कार्यालय में एकत्र हुए। इसके पश्चात वह राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की ब्लाक अध्यक्ष रेशू भारती के नेतृत्व में बिजली घर पहुंचे। जहां पर उन्होंने भोट बिजली घर के पजावा फीडर पर तैनात लाइनमैन को हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह की गैरमौजूदगी में ज्ञापन उनके लेखाकार को सौंपा। जिसमें आरोप लगाते हुए कहा कि लाइनमैन का आम जनमानस के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। समस्याओं के प्रति भी कतई गंभीर नहीं है। उन्होंने अधिशासी अभियंता से लाइनमैन को हटाकर अन्य किसी लाइनमैन को तैनात किए जाने की मांग की है। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुड्डी बेगम, सुखदेव सिंह, मोहम्मद हसन, नबी हसन, सिब्ते हसन, इस्तेखार अहमद, रियाज अहमद, महेश कुमार, गुरविंदर सिंह, मोहम्मद जैनी खां आदि प्रधान मौजूद रहे।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

जिलाधिकारी व डीआईओएस के साथ जिले के मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● जिले के नौ मेधावियों को डीएम ने किया सम्मानित

अमृत विचार: यूपी बोर्ड व सीबीएसई परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित ''प्रतिभा सम्मान समारोह'' में डीएम ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट-2026 के नौ टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देगी।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल में कनिष्का 93.67 प्रतिशत के साथ जिला टॉपर बनीं, वहीं 93.50 प्रतिशत के साथ समीक्षा कुमारी दूसरे और 93 प्रतिशत अंकों के साथ दीक्षा तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा इंटर में सेजल 90.20 प्रतिशत के साथ जिला टॉपर रहीं तो मन्तशा ने 89.80 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और सहरीन ने 89.60 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा पायदान पर रहीं। वहीं सीबीएसई 10वीं में शौर्य चौहान ने 497 अंक लाकर जिले में टॉप-10 में जगह पक्की की। यूपी बोर्ड परिणाम में बेटियों ने वर्चस्व कायम करते हुए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में टॉप-3 के सभी स्थानों पर कब्जा जमाया है। वहीं सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंकों की झड़ी लगाकर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। डीएम ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि उपलब्धि कड़े अनुशासन, उनकी निरंतर लगन और उनके शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का सम्मिलित परिणाम है। नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम और जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल सहित सभी मेधावियों के गौरवान्वित अभिभावक और स्कूलों के प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे।

स्कूलों और डांस क्लासेज में डांस सिखाने के लिए महिला टीचर अनिवार्य

सुरक्षा को लेकर आयोग के निर्णयों को आधी आबादी ने सराहा

● जिम, योग और आर्ट सेंटर में भी महिला ट्रेनर जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला आयोग ने सख्ती की है। आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने स्कूलों और डांस क्लासेज में डांस सिखाने के लिए महिला टीचर का रखना अनिवार्य हो गया है। आयोग के इस कदम को आधी आबादी ने खूब सराहा है।

जिम, योगा, ब्यूटी पार्लर, बुटीक में महिला स्टॉफ काम करेगा। इसके अलावा जिम, योग सेंटर, कोचिंग सेंटर और बुटीक में डीवीआर के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। ब्यूटी पार्लर और सैलून में महिलाओं का मेकअप, हेयर कटिंग और अन्य सेवाएं महिला स्टॉफ द्वारा दी जाएंगी। बुटीक में महिलाओं की नाततौल के लिए महिला टेलर होंगी अब महिलाओं का नाप पुरुष टेलर नहीं ले सकेंगे। डांस क्लासेज में लड़कियों को डांस सिखाने के लिए महिला डांस ट्रेनर रखना होगा। इसके अलावा लड़कियों की स्कूल बसों में एक महिला टीचर का होना जरूरी होगा। महिलाओं ने आयोग के इस फैसले को सराहा है कहा कि टेलर और डांस क्लासेज में पुरुष ट्रेनर अक्सर बैड टच करते थे लड़कियां शर्म के कारण कुछ नहीं बोल पाती थीं इससे महिलाओं को रोजगार भी खूब मिलेगा। इस मुद्दे पर अमृत विचार ने बुद्धिजीवी महिलाओं से बातचीत की है, जिसमें महिलाओं ने महिला आयोग के फैसलों को अच्छा बताया है।

जिम, योगा सेंटर, कोचिंग सेंटर, बुटीक में डीवीआर सहित सीसीटीवी कैमरे लगने से बहुत बदलाव आएगा। महिलाएं इन जगहों पर आसानी से अपना वर्क आउट कर सकती हैं। **- अपर्णा श्रीवास्तव**

उत्तर प्रदेश महिला आयोग का यह कदम सराहनीय है इससे महिलाएं खासकर युवा वर्ग की लड़कियां सुरक्षित रहेंगी। टेलर, डांस टीचर अधिकांश पुरुष वर्ग से अब नहीं होंगे।

- वीरांगना मांगलिक

महिला आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। इससे महिलाएं अपने मन पसंद का नाप और कपड़े सिलवाने में झिझकेंगी नहीं और बैड टच से सुरक्षित रहेंगी।

- गीता अग्रवाल

महिला आयोग को यह कदम तो बहुत पहले उठा लेना चाहिए था। लेकिन, देर आए दुरुस्त आए, आयोग का यह फैसला महिलाओं के हित में मील का पत्थर साबित होगा।

- यश बाला

प्रदेश में संचालित सभी महिला जिम, स्पा मसाज सेंटर, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग शॉप (बुटीक) जैसे प्रतिष्ठानों पर, महिला कर्मचारी ही कार्य करेंगे। प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे, प्रतिष्ठानों के प्रत्येक कार्य स्थलों पर लगाए जाएंगे। **- सुनीता सैनी**, सदस्य महिला आयोग उ.प्र.

बारिश से मौसम खुशगवार, घंटों ठप रही बिजली

लोगों को पेयजल आपूर्ति को लेकर हुई परेशानी, मौसम वैज्ञानिकों का 6 तक बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

गांधी समाधि के पास जलभराव के बीच गुजरता वाहन। ● अमृत विचार

कचहरी में हुए जलभराव के बीच से गुजरती महिला एवं बाइक सवार।

अमृत विचार: सोमवार तड़के 3 बजे से सुबह करीब 8 बजे तक गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश होती हुई। बारिश के कारण करीब 7 घंटे तक बिजली ठप रही। बिजली नहीं आने सुबह को पेयजल आपूर्ति नहीं हुई जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई इसके अलावा इन्वर्टर भी ठप हो गए। पेट्रोलिंग के बाद फाल्ट पकड़ में आया और पूर्वाह्न 11 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई।

तड़के से गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश होने से मौसम खुशगवार हो गया लेकिन, जगह-जगह जलभराव हो गया। गांधी समाधि, कलेक्ट्रेट के सामने राहे रजा, मिस्टन गंज, कचहरी, पुराना गंज जलमग्न हो गए। सुबह करीब 8 बजे बारिश थमने के कुछ देर बाद पानी उतर गया लेकिन, कचहरी में जलभराव रहा जिसके कारण वकीलों और वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बारिश के तड़के से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और सुबह पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। इसके अलावा इन्वर्टर भी जवाब दे गए और लोगों के घरों में इन्वर्टर की बिजली भी ठप हो गई।

बिजली ठप होने और पेयजल आपूर्ति नहीं मिलने से गृहणियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिकों ने 4 मई से 6 मई तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। 6 मई के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी का अनुमान है।

आम की फसल को बारिश से मिला लाभ

झमाझम बारिश से आम की फसल को लाभ मिला है। पिछले दिनों आई आंधी में आम की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा था। लेकिन अब बारिश से आम की फसल पर बहार आ जाएगी। बाग के रखवाने भूरा और रमेश सैनी बताते हैं कि बारिश से आम फूलेगा और हल्की आंधी में नहीं गिरेगा। कहा कि आम की फसल को इस समय पानी की जरूरत थी। कुदरत ने आम की फसल के लिए पानी का इंतजाम कर दिया। इससे बागातियों के लाखों रुपये बच गए हैं जोकि, बिजली और डीजल पर खर्च होते। कहा कि बारिश से आम की फसल तेजी से पनपेगी और बागातियों को इसका लाभ मिलेगा।

हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान	29 डिग्री से.
न्यूनतम तापमान	21 डिग्री से.
आद्रता	52 प्रतिशत
वायु वेग	14 किमी. प्रति घंटा

गरज चमक के साथ अचानक तेज हवा और हल्की वर्षा की संभावना है। रामपुर समेत बरेली, मुरादाबाद, बदायूं, संभल अमरोहा, पीलीभीत, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में बारिश होने का अनुमान है।

- डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

सैदनगर ब्लॉक के करनपुर प्राथमिक विद्यालय में पानी को निकालतीं शिक्षिका।

वर्षा से पीड़ित किसानों को वितरित किए चेक

रामपुर, अमृत विचार: विकास भवन में सोमवार को स्वीकृत आवेदनों वाले किसानों को जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने चेक वितरित किए। मार्च और अप्रैल में हुई असामयिक वर्षा के कारण 1030 किसानों की फसलों में नुकसान हुआ था जिसमें 148 आवेदन बीमा कंपनी ने स्वीकृत कर लिए हैं। 710 किसानों के आवेदन बीमा कंपनी स्तर पर लंबित हैं। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा और जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ने चेक वितरित किए।

पीड़ित किसान सुगरा बेगम निवासी ग्राम जुठिया को 27795 रुपये, जलील अहमद ग्राम जुठिया को 24453 रुपये, विजेंद्र सिंह निवासी ग्राम मानकपुर बंजरिया को 26973 रुपये, सगीर अहमद निवासी सहरिया को 2606 रुपये, अलय निवासी करिंगा को 5929, रामौतार निवासी लदौरा नारायणपुर को 8127 रुपये का चेक दिया गया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर लीड बैंक मैनेजर शिवांग जोशी, अजय कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रभु श्रीराम से सीखें भाइयों में प्रेम कैसा हो

श्रीराम कथा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता बिलासपुर

● बिलासपुर में श्रीराम कथा के चौथे दिन साध्वी जयंती ने दिए प्रवचन

अमृत विचार : सोमवार को नगर के मोहल्ला शिवबाग मंडी में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने प्रभु की कथा के महत्व से प्रभु भक्तों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का चरित्र हमें श्रेष्ठ बनने का संदेश देता है।

उन्होंने बताया कि एक भाई कैसा होना चाहिए, एक राजा कैसा होना चाहिए, एक पुत्र कैसा होना चाहिए, यह समस्त गुण प्रभु के व्यक्तित्व में देखने को मिलते है। साध्वी ने कहा कि श्री राम अपने पिता के वचनों का मान रखने के लिए वनवास की ओर प्रस्थान करते है और उधर भरत अपने भाई श्री राम को वापस लाने के लिए उनसे विनती करते हैं। यह घटना हमारे आज के समाज के लिए एक बहुत बड़ी उदाहरण है। जहां पर आज के समाज में संपत्ति को पाने के लिए भाई-भाई आपस में लड़ते है। वहीं पर राम कथा में हमें सीखने को मिलता है कि भाइयों का प्रेम कैसा होना चाहिए। हमारा हमारे समाज के प्रति क्या दायित्व होना चाहिए। ऐसे गुण हमारे जीवन में ब्रह्म ज्ञान से ही आ सकते है। ब्रह्मज्ञान से तात्पर्य उस ईश्वर को अपने भीतर देखने से है। जब एक पूर्ण गुरु हमारे जीवन में आता है, तब वह हमें ब्रह्मज्ञान की दीक्षा देकर हमारे घट में ही परमात्मा का प्रत्यक्ष दर्शन करवा देते है। इसी को आत्मज्ञान कहते है। समापन आरती के साथ किया गया। डॉ. शिवदेव शोरी, सुनील गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, मधु गुगलानी, अरविंद गुप्ता, रोशन लाल, राजपाल, हिमांशु मौर्य, मनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रेमी के साथ मिलकर पति को शराब में दिया था जहर

संवाददाता, मसवासी

● नहर से बरामद हुआ कुलवंत सिंह का शव, पत्नी-प्रेमी गए जेल

अमृत विचार : स्वार थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात का खुलासा हुआ है। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को शराब में जहर मिलाकर हत्या कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव खानपुर उत्तरी के मजरा रज्ज्वला निवासी कुलवंत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब हत्या में तब्दील हो गया है। मृतक की मां चंद्रावती पत्नी रामप्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। कुलवंत 25 अप्रैल को गांव से काशीपुर के गांव खड़कपुर स्थित अपनी झोपड़पट्टी जाने के लिए निकला था। वहीं पहले से मौजूद पत्नी गुड्डी ने प्रेमी कपिल कुमार मौर्य निवासी मसवासी के साथ मिलकर साजिश रची। आरोप है कि दोनों ने कुलवंत को शराब में जहर मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी घबरा गए और सबूत मिटाने के इरादे से शव तूमरिया डाम के पास बड़ी नहर में फेंक दिया। कई दिनों तक लापता रहने के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच तेज की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में कई टीमों का गठन किया गया। रविवार को पुलिस ने नहर में सर्च ऑपरेशन चलाकर शव बरामद कर लिया। इसके बाद शक के आधार पर पत्नी गुड्डी और उसके प्रेमी कपिल मौर्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

सांसद ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

रामपुर, अमृत विचार : रामपुर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने स्वार, सैदनगर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय जनता से संवाद किया, विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। कई शोकाकुल परिवारों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने हाजी नगर से आए वर-वधू और उनके परिजनों को मुबारकबाद दी तथा उनके सुखद भविष्य की कामना की। इसके बाद सांसद मदरसा सिराज-उल-कुरान पहुंचे। यहां मदरसे के उलेमा और मौलाना ने सांसद का इस्तकबाल किया। उन्हें एक स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समाज की तरक्की में मदरसों के योगदान को सराहा। दौरे के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और प्रमुख व्यक्तित्व सांसद के साथ मौजूद रहे। इस दौरान अय्यूब हाजी, मतलूब अली, डॉ. मतलूब, शुएब किंग, जमील सैफी, नासिर शेख, जुबैर, सैफ अली, सुहेल, अरबाज अली, सलीम बाबू आदि मौजूद रहे।

मकान बिक्री को लेकर शाहबाद तहसील में हंगामा

संवाददाता, शाहबाद

● मां-बेटियों पर अधिवक्ता से मारपीट का आरोप

अमृत विचार : शाहबाद तहसील परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मकान के बैनामे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि बैनामा रुकवाने पहुंची मां और उसकी तीन बेटियों ने अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई। घायल अधिवक्ता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

नगर के मोहल्ला फर्राशान एसडीएम कॉलोनी निवासी वीरो देवी ने हकीमान निवासी मुनेश गुप्ता से मकान खरीदा था। सोमवार को बैनामे की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए दोनों पक्ष तहसील शाहबाद पहुंचे। यहां अधिवक्ता सतेंद्र यादव चेंबर में बैनामे की ड्राफ्टिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुनेश गुप्ता की पत्नी अलका, बेटियां प्रियांशी, अल्पीका और प्रियल पहुंच गईं। आरोप है कि चारों ने बैनामा रुकवाने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने समझाकर मामला शांत करा दिया। कुछ देर बाद दोबारा प्रक्रिया शुरू हुई तो चारों मां-बेटियां फिर पहुंच गईं और अधिवक्ता के साथ मारपीट कर दी। घटना से तहसील परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। कुछ देर माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

विवाद के चलते तहसील पहुंची महिलाओं ने बैनामे का विरोध किया। विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। तहसील परिसर में मारपीट की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक शाहबाद

पर्चा बनवाने को कतार में खड़े रहे फिर डॉक्टर नहीं मिले

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने को लगी लोगों की कतार। ● अमृत विचार

हड्डी रोग कक्ष के बाहर बैठे मरीज।

● हड्डी रोग विशेषज्ञ रिजर्व पुलिस लाइन में गए, मरीज होते रहे परेशान

अमृत विचार : जिला अस्पताल में मरीज डॉक्टरों के नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। सोमवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ पुलिस लाइन में रिक्रूट का परीक्षण करने गए थे और मरीज उनके कक्ष के बाहर बैठकर परेशान होते रहे। मरीज बोले डॉक्टरों को पुलिस लाइन जाना था तो कक्ष के सामने एक तख्ती लटकवा देते कि आज वह नहीं मिलेंगे। मरीजों ने कहा कि सुबह से पर्चा बनवाने के लिए कतार में खड़े रहे और जब पर्चा मिला तब डॉक्टर नहीं मिले।

रविवार की छुट्टी के बाद जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी दोपहर तक करीब 850 पर्चे बन चुके थे। पर्चे बना रहे भजन ने बताया कि यदि पर्चे मेन्युअल बन रहे होते तो करीब 14-15 सौ तक बन चुके होते। बताया कि आनलाइन पर्चा बनने में 5 से सात मिनट का समय लग रहा है। जबकि मेन्युअल पर्चा बनाने में डेढ़ से दो मिनट लगते थे। अभी लोग इतने एडवांस नहीं हुए हैं कि घर पर बैठकर जिला अस्पताल का पर्चा ऐप के माध्यम से बना लें। इसलिए तमाम पर्चे जिला अस्पताल में बनाए जा रहे हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. लखविंदर सिंह के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ थी। डॉ. लखविंदर को दिखाने आईं मरीज जमाल फातिमा ने कहा कि वह तीन दिन से परेशान हो रही हैं। बुद्ध जयंती पर जिला अस्पताल में छुट्टी थी शनिवार को डॉक्टर साहब नहीं मिले फिर रविवार को छुट्टी थी और सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में रिक्रूट का परीक्षण करने चले गए हैं। जबकि, उनके कक्ष के बाहर कोई तख्ती नहीं लटकी थी और मरीज उनके इंतजार में बैठे थे। कोई कर्मचारी डॉक्टर साहब का मोबाइल नंबर भी नहीं दे रहा है। फोन नंबर मिल जाता तब डॉक्टर से पूछा जा सकता था कि आज वह आएंगे या नहीं आएंगे। जिला अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा होने के कारण मरीजों को बहुत परेशानी हो रही है।

जिला अस्पताल से बाहर जाने या छुट्टी पर रहने के दौरान डॉक्टरों को अपने कक्ष के बाहर तख्ती लगानी चाहिए ताकि, मरीजों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़े। **- डॉ. बीसी सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल

एआई सभी क्षेत्रों में ला रहा क्रांति

रामपुर, अमृत विचार : मोहम्मद अली जौहर विवि में सोमवार को अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा दि इंपैक्ट एंड स्कोप ऑफ एआई एंड एमएल इन करियर विषय पर सेमिनार हुआ। प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि एआई अब चिकित्सा, कृषि, विधि, प्रबंधन एवं मानविकी सहित सभी क्षेत्रों में क्रांति ला रहा है। अब एआई हमारे फोन में, गूगल मैप्स में, यूट्यूब के सुझावों में, यहां तक कि डॉक्टर की मदद में भी मौजूद है। ये पढ़ाई को आसान बनाता है, किसानों को मौसम की जानकारी देता है, और बड़ी-बड़ी कंपनियों का काम मिनटों में कर देता है। प्रोजेक्ट मैनेजर फैजान खावर ने जानकारी दी। संचालन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय की बीटेक की छात्रा सुहाना खान ने किया। इस मौके पर डॉ. एसएन सलाम, डॉ. गुलरेज निजामी, डॉ. समीना, डॉ. तनवीर इरशाद आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

राष्ट्रीय आय परीक्षा में जिला टॉपर आरती को भेंट की साइकिल

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय आय में योग्यता आधारित प्रवेश परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय आगापुर की छात्रा आरती ने 131 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि पर नोडल प्रभाकर गौतम ने छात्रा के निवास स्थान ज्वालानगर पहुंकर पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। छात्रा के पिता एवं उनकी मेंटर शिक्षिका प्राथमिक विद्यालय रामनगर की शोभा रानी शर्मा भी मौजूद रहीं। साइकिल मैन सत्येंद्र पांडे उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्बी, एआरपी संघ के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, मनोज कुमार निमेष एवं मीडिया प्रभारी आफाक हुसैन सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रा का मनोबल बढ़ाया।

निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने जाने पर डॉ. राजवीर का स्वागत

रामपुर, अमृत विचार : जूनियर हाईस्कूल संघ रामपुर के पांचवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने जाने पर शिक्षकों ने डॉ. राजवीर सिंह का शॉल ओढ़ाकर व शील्ड देकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सोमवार को शिक्षकों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार पहुंचकर स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक स्वार के मंत्री तनवीर अहमद, प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी मोहम्मद सईद सागर, वरिष्ठ शिक्षक नेता सईद रहमानी, जिला मंत्री नफासत अली, डॉ. राकेश बाबू, प्रतिभा कुमारी, ऊषा सैनी, सर्वेश कुमार, कुमारी तबस्सुम, रेशमा बी, राजीव कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

बच्चों ने पढ़ाया यातायात का पाठ

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। स्कूली बच्चों को एक दिवसीय यातायात अधिकारी बनाया गया। बच्चों ने पुलिस कर्मियों के साथ चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। रामपुर पुलिस ने जनता से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

133वां वार्षिकोत्सव आज

रामपुर, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला सराय गेट स्थित श्री बाबा लक्ष्मण दास जी महाराज का 133वां वार्षिकोत्सव 5 और 6 मई को मनाया जाएगा। बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर 5 मई को सुबह 10 बजे आरती होगी। जबकि शाम 7 बजे से भजन संध्या और रात 9 बजे बाबा का श्रृंगार और आरती होगी। पुलकित अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को बाबा लक्ष्मण दास की समाधि में सुबह 10:30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भंडारा होगा।

फ्री मेडिकल कैंप में कराई जांच

मिलक, अमृत विचार : सोमवार को बिलासपुर रोड स्थित गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ के सौजन्य से चतुर्थ फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। मुख्यातिथि उप्र राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सिंह सैनी, विशिष्ट अतिथि बीना भारद्वाज पूर्व विधायक, भाजपा नेता राजीव मांगलिक ने दीप प्रज्वलित कर शिविर उद्घाटन किया। शिविर में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसमें सी एल गुप्ता हॉस्पिटल, मुरादाबाद, डालमिया हॉस्पिटल, रामपुर, साहनी हॉस्पिटल, रामपुर तथा नयन ज्योति हॉस्पिटल, मिलक का विशेष सहयोग रहा। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। स्कूल प्रबंधक तजिंदर कौर, चेयरमैन मनजीत सिंह छाबड़ा और वाईस चेयरमैन जतिंदर सिंह का सहयोग रहा। शिविर की प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष कंचन सक्सेना और जिलाध्यक्ष संजय शर्मा रहे, जबकि संचालन वीरांगना मांगलिक, संगीता अग्रवाल एवं सारिका रस्तोगी ने किया। कैंप सफल बनाने में राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ पदाधिकारी जया गुप्ता, गीता अरोड़ा, नेहा रस्तोगी, ममता सिंह, सुनीता भटनागर ने योगदान दिया।

अमृत विचार
मुरादाबाद , मंगलवार,5 मई 2026

न्यूज ब्रीफ

ट्रक में घुसी पिकअप चालक घायल

डिडौली, अमृत विचार : सोमवार तड़के थाना क्षेत्र के जोया में एक ढाबे के सामने खड़े ट्रक में तेज रफ्तार पिकअप वाहन जा घुसी, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पिकअप चालक शहनाबाज पुत्र अय्यूब निवासी पुरानी चौकी हापुड़ दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। इसी दौरान जोया स्थित एक ढाबे के पास उसे नींद की झपकी आ गईद्य जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप में फंसे चालक को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जोया में भर्ती कराया।

स्थापना द्वार की मांग सौंपा ज्ञापन

गजरौला , अमृत विचार : सोमवार को प्रजापति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष पति एवं संबंधित वार्ड सभासद को भगवान श्री दक्ष प्रजापति की भव्य प्रतिमा स्थापना के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भगवान दक्ष प्रजापति समाज के आराध्य देव हैं तथा उनकी प्रतिमा स्थापना से नगर में सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा। नगर पालिका पक्ष द्वारा ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए उचित स्तर पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर डॉ .उत्तम सिंह प्रजापति, रजनीश प्रजापति, उमेश प्रजापति, विजयपाल प्रजापति, उमेश प्रजापति, सुरेश प्रजापति रहे।

जातिसूचक अभद्र टिप्पणी से आक्रोश

हसनपुर, अमृत विचार कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी पीड़ित दिनेश ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार1 मई को गौतम बुद्ध पूर्णिमा पर अपने घर आयोजित कार्यक्रम का वीडियो मिली क्लब अल्लीपुर खादर नामक व्हाट्सऐप ग्रुप में साझा किया था। सोमवार को युवक ने उसी ग्रुप में एक ऑडियो क्लिप डाली, जिसमें उसने अनुसूचित जाति के प्रति अत्यंत आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस अभद्र टिप्पणी से समाज में गहरा रोष व्याप्त है। पीड़ित ने पेनड्राइव में सुरक्षित ऑडियो साक्ष्य के साथ कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

शराब की दुकान हटवाने को महिलाओं का प्रदर्शन

कहा शराब पीकर पति घर में मचाते हैं उत्पात, बच्चों की शिक्षा पर भी पड़ रहा गलत असर, दी चेतावनी

संवाददाता गजरौला

शराब की दुकान पर तालाबंदी कर हंगामा करती महिलाएं। ● अमृत विचार

शराब की दुकान के बाहर बैठकर धरना दे रहीं महिलांओं को समझाती पुलिस।

अमृत विचार :औद्योगिक नगरी गजरौला से सटे गांव सलेमपुर गोसाई की महिलाओं को ग्रामीण परिवेश की तो कह सकते हैं, लेकिन उनकी समझ समाज को आइना दिखाने की है। वह चाहंती है कि समाज से नशा रूपी बुराई मिट जाए। क्योंकि वह नशे का दंश हर दिन उस वक्त झेलती हैं, जब उनका पति, भाई, बेटा या पिता शराब पीकर घर में प्रवेश करता है और नशे की हालत में मारपीट करता है। ये वजह है कि सोमवार को महिलाओं के सब्र का बांध टूट गया और वह एकजुट होकर गांव में स्थित शराब की दुकान बंद कराने को निकल पड़ी। महिलाओं का उग्र रूप देखकर सेल्सैन दुकान बंद करके भाग निकला। महिलाओं ने जल्द दुकान न बंद होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

सोमवार को गांव की अनीता और बबिता के नेतृत्व में सभी महिलाएं एकजुट हुईं और शराब की दुकान की ओर निकल पड़ी। गांव में स्थित

● **चेतावनी दी, यदि समय रहते दुकानें बंद न हुईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा**

दुकान पर पहुंचकर महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। महिलाओं का उग्र रूप देखकर सेल्समैन कांप उठा और दुकान बंद करके भाग गया। ये ही नहीं दुकान पर बैठे शराब के शौकीनो का भी नशा दूर हो गया और वह भी धीरे धीरे वहां से खिसक लिए। महिलाओं ने सेल्समैन को चेतावनी दी कि यदि दोबारा दुकान खुली मिली तो वे लोग डंडे से बात करेंगी। महिलाओं की धमकी सुनते दुकान के आसपास मंडरा अन्य लोग भी चले गए। महिलाओं से भयभीत सेल्समैन ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं मानी। उन्होंने कहा कि जब तक शराब की दुकान बंद नहीं हो जाती वे लोग यहीं पर धरना देतीं रहेंगी। थाना पुलिस ने आबकारी विभाग की टीम को भी मौके पर बुला लिया। आबकारी इंस्पेक्टर ने महिलाओं से वादा किया कि वे जल्द ही गांव से शराब की दुकान हटवा देंगे। तब महिलाओं ने उनसे कहा कि वे लोग आठ दिन का समय देतीं है, यदि आठ दिन में दुकान गांव से नहीं हटी तो वे लोग उग्र आंदोलन करने को विवश होंगी।

शराब से बर्बाद हो रहे परिवार

गांव की अनिता, अंगुरी, बबिता, सुनिता, गुड़िया, पुष्पा, सुमन, सविता, सीमा, मिथलेश, आसमां आदि महिलाओं ने बताया कि उनके परिवार के कुछ लोग शराब पीते हैं। शराब के नशे में घर में आकर झगड़ा और मारपीट करते हैं। इससे उनके बच्चों की शिक्षा पर भी खासा असर पड़ता है। वहीं प्रतिदिन गृह क्लेश होने से भी दिक्कत होती है। बताया कि उन लोगों के पति कमाते हैं, शराब में फूंक देते हैं। बच्चों के स्कूल की फीस जमा नहीं हो पाती है। घर के खर्चे पर भी असर पड़ता है। बताया कि यदि ध्यान न दिया गया तो वे लोग शराब की दुकान को स्वयं हटाने के लिए बाध्य होंगी।

आंधी-बारिश से चौपट हुई बिजली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● **कई मोहल्लों में आठ घंटे गुल रही बिजली आपूर्ति, लोग हुए परेशान**

अमृत विचार: तेज आंधी और बारिश ने जिले की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। देर रात आए मौसम के कहर के चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई मोहल्लों में करीब आठ घंटे तक अंधेरा पसरा रहा।

बताया जा रहा है कि कलक्ट्रेट बिजलीघर से जुड़े फीडर में देर रात करीब साढ़े बारह बजे फाल्ट आ गया, जिसके चलते सुबोध नगर, पुष्कर नगर, बदावला समेत कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों के घरों में पानी की टंकियां खाली हो गईं, जबकि इनवर्टर भी जवाब दे गए। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। उधर, कलक्ट्रेट फीडर की लाइन पर दो पेड़ गिरने से कलक्ट्रेट, जिला अस्पताल, विकास भवन और कचहरी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई। हालांकि विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए इन प्रमुख स्थानों की बिजली आपूर्ति को सुबह कार्यालय खुलने से पहले ही बहाल कर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात खराब रहे। दौलतपुर बिजलीघर से जुड़े एक गांव में तेज आंधी के कारण चार बिजली खंभे टूट गए और ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया, जिससे आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। वहीं गुलड़िया बिजलीघर क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर तीसरे दिन भी नहीं बदला जा सका, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मौसम खराब होने के कारण मरम्मत कार्य में बाधा आई। सुबह करीब चार बजे आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोबारा मौसम बिगड़ने से आपूर्ति फिर बाधित हो गई। अंततः सुबह करीब 11 बजे अधिकांश क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी गई। एसडीओ राजकुमार ने बताया कि अस्पताल, कचहरी, कलक्ट्रेट और विकास भवन की बिजली आपूर्ति समय रहते चालू कर दी गई।

स्मार्ट मीटर का विरोध भाकियू भूमि ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता हसनपुर

● **किसानों ने कहा स्मार्ट मीटरों से आता है अधिक बिल**

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन भूमि के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन के बाद उप जिलाधिकारी कार्यालय में किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। भाकियू ने बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कड़ा विरोध किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटरों के कारण उपभोक्ताओं के बिल अत्यधिक आ रहे हैं जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। मांग करते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए। और जिन उपभोक्ताओं के गलत बिल आए हैं। उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए। जिला अध्यक्ष शमशेर अली सैफी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बेहद कम हो रही है। जर्जर जर्जर लाइनो के कारण आपूर्ति सुचारू नहीं है। भाकियू ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार पर्याप्त बिजली देने और बिजली लाइनों के मरम्मत की मांग की है। संगठन ने गैस की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने की मांग की है। इसके अतिरिक्त एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग भी उठाई गई। ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा न हो ।प्रदर्शन करने वालों में अब्दुल कादिर, असद, इरशाद, राजा, रिहान, अर्बन, राज हुसैन, मोहम्मद अफसर, शोएब, सलीम, मोहम्मद अली ,यामीन आदि कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

बंगाल जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

गजरौला, अमृत विचार: बंगाल में पार्टी की जीत पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जमकर जश्न मनाया। आतिशबाजी के साथ ही मिठाई बांटी। एमडीए कालोनी स्थित कैंप कार्यालय पर विधायक राजीव तरारा ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई। ढोल की थाप पर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने डांस किया। इस दौरान डॉ.रविभूषण शर्मा, वैभव गोयल, हर्ष सिंघल, प्रशांत सिंघल, सतवीर सिंह, शशि चौहान, रामकृष्ण चौहान, अशोक चौधरी, हरेंद्र सिंह, सुशील सिद्धू, हैप्पी बंसल, सतीश त्यागी, निहार त्यागी, मनमोहन सेन, उत्तम सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे। वहीं नगर की टीचर्स कॉलोनी में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी व उनके पति चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी छोड़कर बधाई दी।

भाजपा की जीत पर जमकर झूमे कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते भाजपाई। ● अमृत विचार

● **एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार**

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत पर जनपद में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहर के पक्का बाग, कल्याणपुर रोड स्थित शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो के आवास पर सोमवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने विजयी राज्यों की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास की नीतियों की जीत है। इस दौरान जिला महामंत्री भूप सिंह बेनीवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, गन्ना चेयरमैन कमल सिंह, ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चरण सिंह, जिला मंत्री अनुज चौधरी, विकास बाबू प्रजापति, मंडल अध्यक्ष गौरव गुर्जर, हरि राजीव चौधरी, अमित शर्मा, नरेंद्र धारीवाल, सभासद प्रमोद गुप्ता, कैलाश गुर्जर और सत्यपाल सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बंगाल समेत तीन राज्यों में जीत पर मनाया जश्न

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी राजीव सिसोदिया उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में हसनपुर से विधायक महेंद्र खड़गवंशी, धनोरा विधानसभा के विधायक राजीव तरारा, हिमांशु त्यागी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, जिला महामंत्री प्रेम सिंह सैनी, राजीव चौहान, ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर ढिल्लों, मीनाक्षी चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से महिला समेत दो की मौत

संवाददाता गजरौला

● **हादसे में एक घायल, गंभीर होने पर हायर सेंटर भेजा**

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार दो महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया ।मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी नवीन अग्रवाल पुत्र छत्रपाल व मोहल्ला कंचनबाजार निवासी पुष्पा पत्नी स्वर्गीय विनोद कुमार सोमवार की दोपहर किसी काम से दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वह गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर गांव बिजौरा के पास पहुंचे तो पीछे से आई तेज रफ्तार रोडवेज ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार पुष्पा व नवीन अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुष्पा का बेटा विनित घायल हो गया। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। रोडवेज बस में सवाल यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

मृतक के परिजनों को तलाश कर रही पुलिस

रहरा अमृत विचार: सड़क हादसे में घायल की निजी चिकित्सक के यहां मौत के बाद शव की शिनाख्त हो पाई है। रहरा पुलिस मृतक की बाइक के कागजों से उसके परिजनों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। बताते चलें कि 28 अप्रैल को रहरा गवां मार्ग पेट्रोल पंप के नजदीक बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद रहरा पुलिस ने घायल को मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया था। जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया बताया कि अज्ञात मृतक की क्षतिग्रस्त बाइक थाने में खड़ी है। बाइक के कागजों पर बाइक स्वामी का नाम लालमन निवासी गामरी दिल्ली आ रहा है।

मिठाई बांटकर भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता।

सैदनंगली, अमृत विचार: पश्चिम बंगाल, असम समेत अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर सैदनंगली नगर पंचायत में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और जीत की बधाइयां दीं। जीत के जश्न के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास की जीत है। इनमें धारा सिंह, फजले अब्बास, नईम इदरीसी, भगवत खड़कवंशी, नीरज कश्यप, अमित भाटी, फरीद कुरैशी, राशिद अली, शेखर गुप्ता, राजू खड़कवंशी, निकेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर महिला घायल

गजरौला, अमृत विचार:क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं निवासी अशोक की पत्नी सरोज सोमवार की सुबह ट्रेन में सवार होकर बिजनौर से दवाई लेने के लिए गई थी। इस दौरान बिजनौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने घायल महिला को बिजनौर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरपीएफ प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि ट्रेन से उतरते समय महिला घायल हो गई थी। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीन राज्यों में भाजपा ने फहराया परचम, जश्न

मिठाई खिलाकर बधाई देता भाजपा कार्यकर्ता।

हसनपुर, अमृत विचार: नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। सोमवार को पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों में पार्टी की शानदार सफलता के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशियां मनाईं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने विचार रखे। जश्न के माहौल में विक्रांत शर्मा, इशांत सैनी, रानू रस्तोगी, बॉबी शर्मा, पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, राहुल सैनी, विपिन सैनी, संजय सहदेव, नितिन सैनी, राहुल दक्ष, सौरभ सैनी, लोकेश अग्रवाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तेज हवा से जर्जर पोल बुग्गी पर गिरा

संवाददाता मंडी धनौरा

बुग्गी पर गिरा टूटा बिजली का पोल। ● अमृत विचार

● **युवक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती**

अमृत विचार: क्षेत्र के गांव शहजादपुर में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज हवा के चलते एक जर्जर बिजली का खंभा रास्ते से गुजर रही बुग्गी पर गिर गया, जिससे उस पर सवार एक नौकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि किसान को मामूली चोटें आईं। गनीमत रही कि उस समय बिजली आपूर्ति बंद थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव शहजादपुर निवासी किसान हितेश सोमवार सुबह करीब नौ बजे अपने नौकर जगदीश कुमार के साथ बुग्गी पर सवार होकर खेत से पशुओं का चारा लेने जा रहे थे। जैसे ही वे गांव से लगभग 100 मीटर दूर फंदेड़ी मार्ग पर पहुंचे, अचानक तेज हवा का झोंका आया और सड़क किनारे खड़ा जर्जर बिजली का खंभा उखड़कर सीधे बुग्गी पर गिर गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा बीच से टूटकर दो हिस्सों में बंट गया। इस हादसे में नौकर जगदीश कुमार के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि किसान हितेश को हल्की चोटें लगीं। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने डायल 108 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। ग्रामीणों में रोष, पहले भी की जा चुकी थी शिकायत घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिला प्रवक्ता फूलवस सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले में एसडीओ राजन कुमार का कहना है कि यह प्रकरण अभी उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, चालक घायल

अमरोहा, अमृत विचार: रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 9 पर रविवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही एक कार रजबपुर बाईपास के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति में थी और अचानक चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया, जिससे कार सीधे डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। हालत गंभीर है।

श्री झारखंड महादेव मंदिर में गूंजे जयकारे

कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और आस्था के रंग में सराबोर रहा। वृंदावन से आई कथा वाचिका पूनम ने शिव-पार्वती विवाह का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान वाचिका ने बताया कि शिव-पार्वती का विवाह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक कल्याण और धर्म स्थापना का प्रतीक है। विवाह प्रसंग के सजीव वर्णन से पूरा कथा पंडाल शहर-हर महादेवश् के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर और भजनों पर झूमकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कथा के दौरान आयोजित दिव्य विवाह उत्सव ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया ।इस अवसर पर संदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, विजय, गिरजा शंकर, शगुन, पृथी, मुकेश, अमित, प्रियंका, आंचल गुप्ता, सलोनी अग्रवाल, माया देवी, वंदना, पूजा अग्रवाल, चंचल और राज अग्रवाल सहित नगर व क्षेत्र के अनेक गणमान्य भक्त उपस्थित रहे।

करंट लगने से किसान की मौत

हसनपुर, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव भैंसरोली में एक हृदयविदारक घटना सामने आई। हरियाणा के गांव शेखपुर-बागपुर में वेल्डिंग मिस्त्री का काम करने वाले 42 वर्षीय मजदूर हरिराज की नलकूप पर सिंचाई करते समय हाई वोल्टेज करंट लगने से मौत हो गई। हरिराज 30 अप्रैल को ही होली के बाद अपने घर लौटे था। रविवार देर शाम हरिराज गांव से 700 मीटर दूर स्थित अपने नलकूप पर गन्ना फसल की सिंचाई के लिए गए थे। जैसे ही उन्होंने स्टार्टर दबाया,तभी हाई टेंशन विद्युत करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गए। उनके बेटे गौरव ने पिता को तड़पता देख शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन के द्वारा आनन-फानन में गंभीर रूप से झूठों से हरी राज को नगर के निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

किसानों को वितरित किए गए क्षतिपूर्ति चेक

बहजोई, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में किसानों को फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति चेक वितरित किए गए। असमोली, रजपुरा, बनियाखेड़ा और बहजोई विकास खंड के किसानों को योजना का लाभ मिला। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित किसानों को लगभग 8 हजार रुपये से लेकर 39 हजार रुपये तक की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी भी रहे।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

चंदौसी,अमृत विचार : कोतवाली के मोहल्ला गणेश कॉलोनी निवासी विशाल पुत्र मनोज कुमार ने रविवार की रात 10 .30 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब विशाल की हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई । वह तत्काल उसे सरकारी अस्पताल लेकर दौड़े । जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। विशाल की हालत नाजुक बताई गई है।

जमीन के विवाद में दो भाइयों में मारपीट

चंदौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के एक गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर दो सगे भाई आपस में भिड़ गए। पुलिस में दोनों भाइयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। गांव मोहम्मदपुर बाबई निवासी सत्यवीर व दूसरे पक्ष के सागर सिंह व रवि उर्फ महेंद्र दोनों सगे भाई हैं । दोनों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर रविवार की रात विवाद हो रहा था। मौके पर पहुंच कर लोगों ने समझने का प्रयास किया गया तो दोनों पक्ष और अधिक लड़ाई झगड़ा करने लगे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकड़कर थाने ले आई।

पुलिस लाइन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने नवीन पुलिस लाइन के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन पुलिस लाइन का निर्माण विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है।

बिजली गिरने से मकान की छत गिरी, बच्ची की मौत, दो घायल

मलबे में दब गई थी बच्ची, घायलों को किसी तरह निकाला, काशीपुर गांव में घटित हुई घटना, बारिश और तेज हवा से तरबूज की फसल को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

मकान की छत गिरने के बाद चारपाई पर पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

रश्मि का फाइल फोटो।

अमृत विचार: जनपद संभल के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात झमाझम बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। थाना जुनावई क्षेत्र के गांव काशीपुर में घर की छत गिरने से मलबे में दबकर 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसी कमरे में सो रहे उसके भाई और भाभी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 3:30 बजे तेज बारिश और गर्जना के बीच अचानक आकाशीय बिजली घर पर गिर गई, जिससे कमरे की छत भरभराकर गिर पड़ी। उस समय रश्मि (11) पुत्री विजयपाल अपने भाई दीपक और भाभी रजनी के साथ सो रही थी। छत गिरने से तीनों मलबे में दब गए और चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दीपक और उसकी पत्नी रजनी को मलबे से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन रश्मि काफी देर तक मलबे में दबी रही। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल दीपक और रजनी का इलाज जारी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि रश्मि गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा थी और पढ़ाई में काफी होनहार थी। परिजनों ने बताया कि रश्मि की मां राजकुमारी का करीब दो वर्ष पहले बीमारी के चलते निधन हो चुका है। वह आठ भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। पिता विजयपाल अलीगढ़ में ईंट भट्टे पर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही सोमवार सुबह पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची। थाना प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बिजली गिरने से छत गिरने की बात सामने आई है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

बच्ची की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

बारिश से मक्का को फायदा, तरबूज को नुकसान

सौंधन, अमृत विचार : रविवार देर रात आई तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र के कुछ किसानों को जहां फायदा हुआ है वहीं कुछ को नुकसान भी है। सौंधन निवासी किसान विजयपाल ने बताया कि उन्होंने करीब 40 बीघा जमीन ठेके पर लेकर तरबूज की खेती की थी। फसल पूरी तरह तैयार थी और जल्द ही मंडी में बिक्री की तैयारी चल रही थी, लेकिन रविवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में पानी भर गया और तेज हवाओं के कारण बेलें टूट गईं, जिससे पूरी फसल नष्ट हो गई। इसी तरह किसान प्रमोद की 10 बीघा और नन्नू सैनी की करीब 15 बीघा तरबूज की पालेज भी बारिश की चपेट में आकर बर्बाद हो गई। वहीं दूसरी ओर मक्का की खेती करने वाले किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है।

कुछ घंटों की बारिश में ही बहजोई जलमग्न

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई क्षेत्र में बीती रात हुई कुछ घंटों की तेज बारिश ने नगर की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। थोड़ी ही देर की बारिश में शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। सबसे ज्यादा असर बीएसए कैंपस में देखने को मिला, जहां पूरा परिसर पानी से भर गया और तालाब जैसा दृश्य बन गया। वहीं काली मंदिर स्थित मिनी स्टेडियम भी जलमग्न हो गया, जिसके चलते बच्चों और युवाओं की खेल गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गईं। नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने बताया कि जल्द ही जल निकासी की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

संभल के सौंधन में तरबूज की फसल में बरसात से नुकसान के बारे में बताता किसान।

भाजपा की जीत पर जश्न में डूबे कार्यकर्ता, बांटी मिठाई, जमकर थिरके

कार्यालय संवाददाता, संभल

- ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी
- गांव से लेकर शहर तक जश्न मनाते रहे भाजपाई

अमृत विचार: भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू के नेतृत्व में बंगाल, असम और पुडुचेरी सहित विभिन्न प्रदेशों में पार्टी की ऐतिहासिक जीत को लेकर जोरदार विजय उत्सव मनाया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की जीत से एक काले दौर का अंत हुआ है और अब वहां शांति, सुरक्षा और विकास का नया अध्याय शुरू होगा। इस अवसर पर मंजू दिलेर, विरलेश यादव, चरण सिंह भारती, सोनू चाहल, सौरभ गुप्ता, तेजपाल सैनी, आलोक भारती, अक्षित अग्रवाल, सजन श्री माली, हिमांशु कश्यप, अरविंद प्रजापति, कमल दिवाकर, सतीश जाटव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संभल में ढोल बजाते भाजपा जिलाध्यक्ष व जश्न में शामिल अन्य पदाधिकारी।

शंकर कालेज चौराहा पर आतिशबाजी छोड़ते भाजपा कार्यकर्ता।

तीन प्रदेशों में पार्टी की जीत पर निकाला विजय जुलूस

बबराला, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत से उत्साहित भाजपा मंडल के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम को विजय जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव और नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने किया। नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पार्टी की बड़ी उपलब्धि है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी को पूरी तरह से नकार दिया। इस मौके पर अखिलेश अग्रवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव, ऊषा शर्मा, योगेश गुप्ता, आशुतोष वार्ष्णेय, प्रशांत वार्ष्णेय, हरिओम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

भाजपा की जीत पर ढोल पर झूमे कार्यकर्ता

संभल, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में ऐतिहासिक विजय पर संभल नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। नगर अध्यक्ष कशिश कौशल के नेतृत्व में शंकर स्कूल चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की और मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ता नाचते-गाते नजर आए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष कशिश कौशल गोपाल शर्मा, शोभित गुप्ता, कैलाश चंद गुप्ता, सुनील राजपूत, निधि शर्मा, सतीश जाटव, शान अली, आलोक भारती, प्रभात सर्राफ, अक्षित अग्रवाल, दिनेश कुमार जाटव, प्रतीक गुप्ता, हर्षित शर्मा, हिमांशु कश्यप, मनी अरोड़ा, अर्पित सक्सेना, नितिन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाइक में आग लगने से मची अफरा- तफरी

चंदौसी, अमृत विचार : रेलवे फाटक 35 बी पर रविवार देर एक मिस्त्री की बाइक में अचानक आग लग गई । दमकल ने मौके पर पहुंच कर बाइक में लगी आग को बुझाया।

मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी आरिफ बाइक मिस्त्री है। बाईपास रोड पर उसकी बाइक मिस्त्री की दुकान है । वह रात 10 के करीब दुकान बंद करके घर आने को निकला। जब वह रेलवे फाटक 35 बी पर पहुंचा तो उसने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाई । करीब 10:30 बजे वह जैसे ही कुछ आगे बढ़ा तो बाइक में अचानक धुआं निकलने लगा । जब तक वह कुछ देख पता तो उसमें से लपटे उठने लगी । सूचना मिलने पर दमकल मौके पर पहुंची और उसने बाइक में लगी आग पर काबू पाया ।

महाराणा प्रताप की पेंटिंग से छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता,संभल

संभल में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

- विभिन्न संगठनों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

अमृत विचार: संभल शहर के मोहल्ला हल्लू सराय स्थित महाराणा प्रताप पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पेंटिंग के साथ शरारती तत्वों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले को लेकर विभिन्न संगठनों के लोगों ने उप जिलाधिकारी निधि पटेल से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

लोगों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पार्क में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। इसके तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। साथ ही पार्क में महाराणा प्रताप की स्थाई मूर्ति स्थापित करने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में पार्क की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर भी चिंता जताई गई। लोगों ने कहा कि पार्क में टूटे हुए झूलों की मरम्मत कराई जाए और लंबे समय से खराब पड़े फव्वारे को भी ठीक कराया जाए। इसके अलावा अधिकांश लाइट खराब होने से अंधेरा रहता है, जिन्हें जल्द दुरुस्त कराने की मांग की गई। पार्क के सभी पोलों पर तिरंगा लाइट लगाने और सौंदर्यीकरण कराने की भी मांग उठाई गई। इस दौरान सर्व समाज राजपूत संगठन, प्रजापति संगठन और ब्राह्मण समाज के लोगों ने भागीदारी की। प्रमुख रूप से इंजीनियर अमित पवार, राजा ठाकुर, अभी ठाकुर, सर्वेश ठाकुर, मंगल प्रजापति, मोहित ठाकुर, आयुष ठाकुर, अजीत ठाकुर, प्रिंस, अवधेश, वंश ठाकुर, मयंक, धर्मवीर, परमानंद, अमन, अमरीश ठाकुर, गुड्डू पवार, सोनू, ओम ठाकुर, विवेक ठाकुर, इंद्रप्रताप आदि रहे।

तेज आंधी-बारिश से बिजली व्यवस्था ठप, 25 गांव प्रभावित

बहजोई: अमृत विचार: बहजोई क्षेत्र में बीती रात करीब 2:30 बजे तेज आंधी, बारिश और तेज हवाओं के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। मझोला पूरा 33 केवी पावर हाउस से सप्लाई अचानक ठप हो जाने से बहजोई बिजलीघर से जुड़े करीब 25 गांव अंधेरे में डूब गए।

बिजली विभाग के अनुसार तकनीकी खराबी के चलते करीब साढ़े तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। सुबह करीब 6 बजे कुछ देर के लिए बिजली आई, लेकिन फिर आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद सुबह 7:30 बजे से बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल हो सकी। रामगढ़ गांव में दो, रमपुरा में एक और कनेटा में एक सहित कुल चार बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं अर्जनपुर जूना गांव में बिजली गिरने से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। सूचना पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद आपूर्ति को सामान्य किया जा सका। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त खंभों और ट्रांसफार्मर को जल्द बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आंधी से टूटा बिजली का खंभा।

डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को दी गई विदाई

संभल/ बहजोई, अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के जनपद मुरादाबाद स्थानांतरण के अवसर पर भावभीनी विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार सहित जनपद के तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह के दौरान अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए अनुभव साझा किए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने जिलाधिकारी के सफल कार्यकाल के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी समेत अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे।

कई समस्याओं को लेकर सभासदों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता,चंदौसी

- नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

अमृत विचार: शहर की समस्याओं को लेकर सोमवार को नगर पालिका सभा में सभासदों ने अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सभासदों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

सभासदों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी के कम दबाव और गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत की गई है। साथ ही, पाइपलाइन में लीकेज की समस्या को भी उजागर किया गया है। नए वाटर कूलर लगाने और पुराने खराब पड़े कूलरों को तुरंत ठीक कराने की मांग की गई थी। ताकि जनता को शुद्ध पानी मिल सके। नालों की वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए, जलभराव से बचने के लिए नालों की सफाई का कार्य तुरंत शुरु कराया जाए, इसके अलावा मालगोदाम रोड, सीता आश्रम रोड और हाईवे पर स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रस्ताव जो पहले ही पास हो चुके हैं, उन्हें बिना देरी के शुरू करने की मांग की गई है । साथ ही नाला निर्माण के कार्य में जूनियर इंजीनियर और ठेकेदार की लापरवाही की शिकायत की गई है और हाल ही में हुए सभी नाला निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में तरुण कुमार नीरज निशांत शर्मा, संचित रस्तोगी, नवकांत शर्मा, अमन कोरी, शिवकुमार सैनी,शहबाज खान आदि रहे।

एसिड अटैक के दोषी पति को 10 साल का कारावास

संवाददाता,चंदौसी

- 50 हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

अमृत विचार : थाना संभल के एक मोहल्ला में पति ने पत्नी पर तेजाब डाला था जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई थी । महिला के पिता ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी । सोमवार को न्यायालय ने पति को दस वर्ष के सश्रम के कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड से दंडित किया है।

संभल कोववाली निवासी वादी आदिल के अनुसार को उसका दामाद एहसान निवासी बहजोई उसके साथ ही रहता था। इसके अलावा घर में पुत्री हिना व पुत्र जावेद उर्फ कल्लू रहते है। वह और उसके मां व दहेज को लेकर पत्नी को प्रताड़ित करते आ रहे थे । 21 मार्च 2024 को रात करीब एक बजे, उसका दामाद एहसान गाली-गलौज और मारपीट कर रहा था। जब विरोध किया गया, तो आरोपी एहसान ने तेजाब पुत्री पर तेजाब फेंक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। तेजाब डालने से उसकी पुत्री बुरी तरह झुलस गई। पिता ने पुत्री के पति एहसान, सास अख्तरी देवर उस्मान के खिलाफ कोतवाली संभल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी सुनवाई जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह की अदालत में हो रही थी। जबकि पीडित पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित पर भी कर रहे थे । सोमवार को दोनों पक्षों की डाले सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना ।

न्यायालय ने दोषी मानते हुए एहसान को 10 . सश्रम कारावास की सजा तथा 50 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है । 50 हजार रुपए पीड़िता को दिए जाने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं । जबकि साक्ष्य के अभाव में सास अख्तरी व देवर उस्मान को दोष मुक्त किया है।

छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष का कारावास, 20 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

चंदौसी, अमृत विचार : थाना कुढ फतेहगढ़ के एक गांव में किशोरी को घर में खींच कर अश्लील हरकत की वारदात हुई थी ।पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी सुनवाई जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी की दो से मानते हुए चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड दंडित किया है । थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता के पिता के अनुसार गांव का एक युवक जीशान व उसके दो साथी काफी समय से उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड करते आ रहे थे। 9 दिसंबर2021 को जब पीड़िता दूध निकालने घर जा रही थी, तब जीशान और उसके साथियों ने उसे जबरन अपने घर में खींच लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने उसके साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाए, तो वह उसे जान से मार देगा ।लोक-लाज के डर से पीड़िता ने शुरुआत में किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों के बाद उसने 15 दिसंबर को अपनी मां को पूरी बात बताई। इसके बाद पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अवधेश सिंह की अदालत में हो रही थी। जबकि पीड़ित पक्षी ओर से एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह द्वारा पैरवी की जा रही थी । सोमवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को जोशी मानते हुए 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है व 20 हजार रुपये के अर्थ जन्म से दंडित किया है ।

17 जनसेवा केंद्रों की आईडी की जाएगी बंद

बबराला , अमृत विचार: गुन्नौर तहसील क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही बरतने वाले जनसेवा केन्द्र संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उप जिलाधिकारी विकास चंद्र ने सहयोग न करने वाले 17 जनसेवा केंद्रों की आईडी बंद करने की संस्तुति की है।

एसडीएम के अनुसार जिन केंद्रों पर कार्रवाई की गई है उनमें दिनौरा, हरदासपुर, हैमदपुर, उधरनपुर खागी, बसंतपुर डांडा, हैमदपुर, जलालपुर टप्पा वैश्य, भिरावटी आदि गांवों में स्थित जनसेवा केंद्र और सीएससी केंद्र शामिल हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि फार्मर रजिस्ट्री अभियान शासन की प्राथमिकता में है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी जनसेवा केंद्रों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

मौलाना की हत्या मामले में कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता,संभल

संभल में बैठक के दौरान चर्चा करते उलेमा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बरेली में मौलाना तौसीफ रजा मज़हरी की ट्रेन में सफर के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा हत्या किए जाने की घटना के विरोध में सोमवार को कादरी मंज़िल, कोट पूर्वी में आयोजित बैठक में उलेमा और धार्मिक विद्वानों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

तंजीम उलमाऐ अहले सुन्नत के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फैजान अशरफ हामिदी और मौलाना कारी इरफान लतीफी ने अपने संबोधन में कहा कि यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि समाज की शांति, कानून व्यवस्था और धार्मिक सहनशीलता पर भी गंभीर आघात है। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनता है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि घटना में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में शामिल उलेमा ने मृतक मौलाना की मगफिरत के लिए दुआ की और परिजनों को सब्र अता करने की दुआ की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में न्याय मिलने में अनावश्यक देरी हुई तो संगठन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने को मजबूर होंगे। बैठक में मौलाना जिया-उल-मुस्तफा अशरफी, मौलाना शोएब रजा अमजदी, मुफ्ती इमरान रजा मंजरी, मौलाना मुफ्ती माहिर हुसैन मरकजी, मुफ्ती आदिल रजा मिस्बाही, मौलाना नफीस अशफाकी, मौलाना बुरहान अशरफ हमीदी, मुफ्ती महबूब इलाही मरकजी, मौलाना नाजिम हुसैन मरकजी, मौलाना तारिक रजा, कारी वसीम रजा, कारी सोहराब गजाली, कारी वसीम अकरम, मुहम्मद आजम अत्तारी और मुहम्मद वासिफ रजा आदि मौजूद रहे।

दुखी मत हो, तुम जो भी खोते हो, वह किसी और रूप में वापस आ जाता है।
-रूमी, सूफी

परिवर्तन की नई बयार

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक उर्वर भूमि ने एक बार फिर इतिहास रचा है। चुनाव परिणामों ने न केवल सत्ता का केंद्र बदल दिया है, बल्कि पिछले डेढ़ दशक से चले आ रहे एकक्षत्र राजनीतिक विमर्श पर भी विराम लगा दिया है। पिछले 15 वर्षों से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के अभेद्य दुर्ग में 'कमल' का यह उदय भारतीय लोकतंत्र की उस अंतर्निहित शक्ति का प्रमाण है, जहां जनता की खामोशी बड़े-बड़े किलों को ढहाने का माद्दा रखती है। किसी भी लोकतंत्र में 15 साल का समय एक लंबा कालखंड होता है।

टीएमसी के शासनकाल के शुरुआती वर्षों में जो परिवर्तन' का उत्साह था, वह धीरे-धीरे 'सत्ता विरोधी लहर में तब्दील होता गया। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा के दावों पर सवाल खड़े किए, तो वहीं शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के मामलों ने राज्य के शिक्षित युवाओं और मध्यम वर्ग के भरोसे को हिलाकर रख दिया। भाजपा ने इन जख्मों को पहचानकर अपनी चुनावी रणनीति बुनी और भ्रष्टाचार मुक्त बंगाल के नारे को सीधे जन-जन तक पहुंचाया। इस जनादेश का एक महत्वपूर्ण पहलू मतों का ध्रुवीकरण और सामाजिक समीकरणों का बदलाव है। बंगाल की राजनीति पारंपरिक रूप से पहचान और अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। टीएमसी का मजबूत आधार माना जाने वाला मुस्लिम मतदाता वर्ग इस बार कुछ क्षेत्रों में बिखरे हुए नजर आए, वहीं दूसरी ओर मतुआ समुदाय और आदिवासी बेल्ट में भाजपा की पकड़ और अधिक मजबूत हुई। यह इस बात का संकेत है कि मतदाता अब केवल लोकलुभावन योजनाओं के सहारे नहीं, बल्कि स्थायी बुनियादी ढांचे और रोजगार के ठोस अवसरों की तलाश में हैं। बंगाल की राजनीति का एक काला पक्ष हमेशा चुनावी हिंसा रहा है। इस बार के चुनावों में भी हिंसा की खबरें सुर्खियों में रहीं, लेकिन जनता ने भारी मतदान के जरिए यह संदेश दे दिया कि वे भयमुक्त वातावरण चाहते हैं। ममता बनर्जी की हार के पीछे एक बड़ा कारण उनके कैडरों पर लगे दबंगई के आरोप भी रहे। भाजपा के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती इस राजनीतिक हिंसा के चक्र को तोड़कर एक शांतिपूर्ण शासन व्यवस्था स्थापित करना होगा। 15 साल बाद सत्ता में आए इस बदलाव को संभालना नई सरकार के लिए आसान नहीं होगा। बंगाल पर चढ़ा भारी कर्ज, औद्योगिक पिछड़ापन और केंद्र के साथ राज्य के रिश्तों को पटरी पर लाना प्राथमिकता होगी।

ममता बनर्जी ने विपक्ष में रहकर जिस आक्रामकता की राजनीति की है, वही आक्रामकता अब वे एक सशक्त विपक्षी नेता के तौर पर सदन में दिखाएंगी। ऐसे में नई सत्ता को सुशासन की कसौटी पर खुद को हर दिन साबित करना होगा। जनादेश से स्पष्ट है बंगाल विकास की एक नई पटकथा लिखना चाहता है। यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि उस आम बंगाली मानस की है, जिसने बदलाव के लिए अपना मत दिया। सत्ता का यह हस्तांतरण केवल कुर्सियों का बदलाव नहीं होना चाहिए, बल्कि यह बंगाल के गौरव और आर्थिक पुनरुद्धार की नई शुरुआत होनी चाहिए।

प्रसंगवश

रिश्तों के ताने-बाने में पनपती विकृतियां

हाल ही में कानपुर में एक पिता ने अपनी 11 साल की दो मासूम जुड़वां बेटियों की निर्मम हत्या कर दी। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन समाज में पनपती विकृतियां अब आपसी रिश्तों पर भी हावी होती प्रतीत हो रही हैं। यह बर्बादी की एक नई कहानी है, जो अब धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है। ये अपने-आप में पहली घटना नहीं है, बल्कि ऐसे सैकड़ों मामले दरकते रिश्तों की अपनी दास्तां बयान करते हैं। जिन रिश्तों और संबंधों को किसी समय प्रेम, विश्वास और सुरक्षा से बांधा जाता था, वही अब स्वार्थपरक अनैतिक आचरण में लिप्त हो, कलयुग कहे जाने वाले समय की कालिख बनने का काम कर रहे हैं। यह हमें सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि आखिर ये समाज कहा जा रहा है और हम कहां जा रहे हैं?

डॉ. मोनिका शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

कानपुर घटनाक्रम में हत्या के पीछे तनाव और नशे को जांच का आधार बनाया गया है, लेकिन देश का कोई भी कोना ऐसे मामलों से शायद ही अब अछूता हो। इससे पहले दिल्ली के नोएडा में आरुषि तलवार और गुरुग्राम में राधिका यादव की अपने ही पिता द्वारा जघन्य हत्या जैसे मामले भरोसे के इन रिश्तों की कहानी बयां करते हैं। राजस्थान के अलवर और मेरठ में पत्नी के प्रेमी संग पति की हत्या, लखनऊ में बेटे द्वारा कारोबारी पिता की हत्या कर टुकड़े ड्रम में रखने जैसे दिल दहला देने वाले प्रकरणों ने जनमानस को हिला कर रख दिया है।

असल में अब समाज में रिश्तों का कत्ल एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिनके स्वरूप अलग-अलग देखे जा सकते हैं। जहां आपसी विवाद, प्रॉपर्टी और पैसा, अनैतिक संबंध, अहंकार और भरोसे की कमी के कारण भाई-भाई, बेटे-पिता, पिता-बेटी और पति-पत्नी के रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। पिछले सालों में बढ़ने वाला नशे का प्रचलन भी इसका एक बड़ा कारण बन रहा है, जिसमें व्यक्ति अपराध करने से पहले यह नहीं समझ पाता कि सामने सगे-संबंधी हैं या कोई और। ऐसा लगता है जैसे कि रिश्तों का कत्ल करने की होड़ मची हुई है। ऐसा करने में कोई भी रिश्ता किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं है।

इस तरह की अनैतिक घटनाएं जैसे सगे-संबंधियों को मार देना या संपत्ति के लिए अपनों की हत्या सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं। अत्यधिक स्वार्थ, लालच और अहंकार के कारण व्यक्ति अपनों के प्रति संवेदनहीन हो रहा है। रिश्तों में प्यार और भरोसे की कमी के कारण वे बोझ बन कर अंततः टूट जाते हैं। आपसी सम्मान और प्रेम में कमी आ रही है, जिससे रिश्तों की परिभाषा बदल रही है और सामाजिक सौहार्द खत्म हो रहा है। परिणाम स्वरूप परिवार तबाह हो रहे हैं और समाज शर्मसार हो रहा है। इस तरह के मामले बताते हैं कि भौतिक सुख-सुविधाओं की चाह में इंसानियत खत्म हो रही है।

देश में हर रोज कहीं न कहीं हो रही इस तरह की घटनाएं बता रही हैं कि परिवार और समाज में सुरक्षा का भाव दिनों-दिन कम हो रहा है। तनाव के चलते रिश्तों में खटास होने से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। मानवता पर सवाल उठने लगे हैं। प्यार और स्नेह की जगह अब नफरत ले रही है, जो समाज के लिए खतरनाक है। यह आवश्यक है कि हम अपने रिश्तों में आपसी विश्वास, समझ और प्रेम को बहाल करें, ताकि समाज में एक-दूसरे के प्रति सम्मान बना रहे।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

बीजेपी का विस्तार और क्षेत्रीय क्षत्रपों का नया स्वरूप

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम देश की राजनीतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं।

2026 के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता वापसी की घटना मात्र नहीं हैं, बल्कि ये देश की राजनीतिक दिशा और मतदाता के बदलते मनोविज्ञान का एक ऐसा विस्तृत दस्तावेज हैं, जिसने भविष्य की राजनीति के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर दिए हैं। इन परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या पारंपरिक वोट बैंक के गणित में उलझने वाला नहीं है, बल्कि वह शासन की जवाबदेही, नेतृत्व की विश्वसनीयता और विकास के ठोस धरातल पर अपना निर्णय सुना रहा है।

पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर दक्षिण के तटीय मैदानों तक फैली इस राजनीतिक हलचल का यदि सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए तो यह साफ दिखाई देता है कि 'भगवा' राजनीति का पूर्वी विस्तार अब अपने चरम पर है, जबकि दक्षिण में क्षेत्रीय अस्मिता और नए राजनीतिक विजन के बीच एक दिलचस्प संघर्ष छिड़ गया है। ये चुनाव परिणाम उन तमाम राजनीतिक पंडितों के लिए एक सबक हैं, जो केवल पुराने आंकड़ों के आधार पर भविष्यवाणियां करते थे, क्योंकि इस बार मतदाताओं ने एक ऐसी 'परिवर्तन की आंधी' का सूत्रपात किया है, जिसने कई दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आए 'महाभूकंप' को देखे बिना 2026 के इस जनादेश की व्याख्या अधूरी है। लगभग डेढ़ दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस का ढहना और भाजपा का 150 सीटों के पार जाना यह दर्शाता है कि बंगाल की जनता 'सिंडिकेट राज' और 'कट मनी' की संस्कृति से ऊब चुकी थी। बंगाल का यह परिणाम केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है, जहां मतदाताओं ने 'बंगाली अस्मिता' के साथ 'राष्ट्रीय विकास' के समन्वय को स्वीकार किया है।

संदेशखाली जैसी घटनाओं ने शासन के प्रति जो आक्रोश पैदा किया था, वह ईवीएम के माध्यम से ज्वालामुखी की तरह फटा। भाजपा ने यहां जिस प्रकार से हिंदू मतों का ध्रुवीकरण किया और साथ ही मतुआ एवं राजवंशी समुदायों को अपने पक्ष में संगठित किया, उसने टीएमसी के अभेद्य दुर्ग की ईंट से ईंट बजा दी। ग्रामीण बंगाल में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'जल जीवन मिशन' जैसी केंद्रीय योजनाओं ने एक नया 'लाभार्थी वर्ग' तैयार किया, जिसने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की पारदर्शिता को राज्य सरकार की भ्रष्टाचार युक्त मशीनरी से बेहतर पाया। यह चुनाव परिणाम ममता बनर्जी के उस करिश्मे के अंत का भी संकेत है, जो कभी अपराजेय माना जाता था और अब बंगाल की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां सुशासन और कानून-व्यवस्था ही सत्ता की एकमात्र कसौटी रह गई है।

असम की ओर रुख करें तो यहां की स्थिति बंगाल से बिल्कुल भिन्न, लेकिन उतनी ही प्रभावशाली है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा की 'हैट्रिक' ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब विकास को सांस्कृतिक अस्मिता के साथ जोड़ दिया जाता है, तो वह एक अजेय फॉर्मूला बन जाता है। असम में भाजपा की जीत केवल सत्ता की निरंतरता नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास की पुष्टि है, जो जनता ने सरमा के प्रभावी और साहसी नेतृत्व में दिखाया है। असम का जनादेश संदेश देता है कि यदि नेतृत्व के पास विजन हो और वह जमीनी मुद्दों पर आक्रामक तरीके से कार्य करे तो जनता उसे फिर सेवा का अवसर प्रदान करती है। यहां विपक्ष की बिखरी हुई ताकत और कांग्रेस की वैचारिक शून्यता ने भाजपा की राह को और भी आसान बना दिया।

दक्षिण भारत के राजनीतिक परिदृश्य में तमिलनाडु ने इस बार पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। थलपति विजय के रूप में एक नए राजनीतिक सूर्य का उदय यह बताता है कि तमिलनाडु की जनता अब डीएमके और एआईएडीएमके के दशकों पुराने द्वंद्व से मुक्ति चाहती थी। विजय की पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' द्वारा 100 सीटों का आंकड़ा पार करना एक राजनीतिक चमत्कार है, जिसने एमजीआर के उस दौर की याद ताजा कर दी, जब सिनेमा और राजनीति का संगम सत्ता की चाबी बन गया था। विजय ने खुद को केवल एक फिल्मी सितारे के रूप में नहीं, एक 'संकटमोचक' और 'युवा आइकन' के रूप में पेश किया। उन्होंने गठबंधन की राजनीति को ठेंगा दिखाते हुए 'अकेले शेर' की तरह चुनावी मैदान में उतरने का जो साहस दिखाया, उसने तमिल युवाओं के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया।

केरल का चुनाव परिणाम भी कम दिलचस्प नहीं रहा, जहां 'एक बार इधर, एक बार उधर' की पारंपरिक रीत ने पिनाराई विजयन की तमाम कोशिशों के बावजूद एलडीएफ को सत्ता से बाहर कर दिया। यूडीएफ की प्रचंड वापसी दर्शाती है कि केरल का शिक्षित मतदाता भ्रष्टाचार और राजकोषीय कुप्रबंधन को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं था। विभिन्न घोटालों ने एलडीएफ की साख को जो चोट पहुंचाई, उसकी भरपाई उसकी जनहितैषी योजनाओं से भी नहीं हो सकी। राहुल गांधी की वायनाड में सक्रियता और 'न्याय' जैसी योजनाओं के वादे ने कांग्रेस नीत यूडीएफ के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाइयों और मुस्लिमों के बीच उपजे असंतोष ने सत्ता के संतुलन को पूरी तरह बिगाड़ दिया।

पुडुचेरी जैसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश ने भी यह दिखाया कि राजनीति में स्थिरता और केंद्र के साथ तालमेल का कितना महत्व है। एन रंगासामी की सहज छवि और भाजपा के साथ उनके गठबंधन ने मतदाताओं को यह भरोसा दिलाया कि विकास के लिए केंद्र और स्थानीय सरकार का एक पटरी पर होना जरूरी है। नतीजों ने साबित किया कि छोटे क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपर्क और सामाजिक समीकरण ही हार-जीत की रेखा खींचते हैं। यहां का मतदाता प्रशासनिक गतिरोध के बजाय स्थिरता को अधिक महत्व देता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

आमने सामने

बंगाल और असम में जनादेश को प्रभावित किया गया है। ED, CBI, चुनाव आयोग, पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर चुनाव को प्रभावित किया गया। भारी संख्या में केंद्रीय बल तैनात कर पहली बार इस तरह जनादेश 'चुराया' गया है। चुनाव प्रक्रिया को बीजेपी के पक्ष में मोड़ा गया है।

-दीपक बैज
छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष

देश की नजर इन चुनाव परिणामों पर है। पश्चिम बंगाल की जनता ने बदलाव का संकेत दिया है। बंगाल में टीएमसी को जनता ने नकार दिया है। असम में कांग्रेस के तमाम प्रयासों के बावजूद बीजेपी सरकार बना रही है। साथ ही पुडुचेरी और तमिलनाडु में भी बीजेपी की स्थिति मजबूत हुई है।

-अरुण साव
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

मौसम का दोष जलवायु परिवर्तन पर मत मढ़ो!

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

गर्मी का घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं।

भारत में मौसम का बदलता मिजाज और बैसाख के महीने में जेठ जैसी तपिश का अहसास होना, अब केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि एक गहरे पारिस्थितिक संकट की चेतावनी है। अक्सर भीषण गर्मी और लू के लिए अल नीनो या वैश्विक जलवायु परिवर्तन को दोष देकर हम अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह संकट काफी हद तक मानव-निर्मित है। आज हम जिस भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं, वह वैश्विक वायुमंडलीय बदलावों और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति बरती गई नीतिगत लापरवाही का एक मिला-जुला परिणाम है।

जब हम अपनी विकास योजनाओं के नाम पर हज़ारों हेक्टेयर प्राथमिक जंगलों, पहाड़ियों और जल निकायों को नष्ट करते हैं, तो हम अनजाने में उन प्राकृतिक 'कूलिंग एजेंटों' को खत्म कर देते हैं, जो इस तपिश के खिलाफ हमारी एकमात्र सुरक्षा थे। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां तापमान अब नियमित रूप से 48C के स्तर को छूने लगा है, यह स्पष्ट है कि हमारी विकास की भूख ने धरती के प्राकृतिक थर्मोस्टेट को बिगाड़ दिया है।

इस मानव-निर्मित गर्मी की सबसे प्रत्यक्ष और क्रूर मार उन मजदूरों और सड़क किनारे काम करने वाले श्रमिकों पर पड़ती है, जो इस ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। भारत के करोड़ों निर्माण श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले और गिग-इकोनॉमी के कर्मचारी इस गर्मी को केवल एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि एक शारीरिक हमले के रूप में महसूस करते हैं। आंकड़ों के अनुसार, गर्मी के कारण भारत को 2030 तक अपने कुल कामकाजी घंटों का 5.8% हिस्सा खोना पड़ सकता है, जो लगभग 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर है।

बांदा जैसे शहरों में, कंक्रीट और कोलतार की सड़कें गर्मी को सोखकर रात में भी उसे वापस छोड़ती हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव पैदा होता है और स्थानीय तापमान ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 5C से 7C तक अधिक बना रहता है। नीतिगत स्तर पर मजदूरों के लिए 'छाया का अधिकार' या लू के दौरान काम के घंटों में बदलाव जैसे नियम केवल कागजों तक सीमित हैं, जो हमारे विकास के उस अंधेपन को दर्शाते हैं, जहां श्रम को एक जैविक इकाई के बजाय केवल एक मशीन समझा जाता है।

गर्मी का यह घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं, जिससे पैदावार में 15% से 25% तक की गिरावट दर्ज की जा रही है। मिट्टी की नमी खत्म होने से उपजाऊ जमीन अब मरुस्थल में बदल रही है, फिर भी हमारी नीतियां सूखे क्षेत्रों में अधिक पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा दे रही हैं। इसी तरह, जंगलों के विखंडन और अवैध खनन ने वन्यजीवों के लिए भोजन का संकट पैदा कर दिया है।

छतरपुर और पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास के इलाकों में, खनन के कारण प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप जंगली जानवरों का बस्तियों की ओर आना 40% तक बढ़ गया है। यह केवल मानव-पशु संघर्ष नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिक सुरक्षा चक्र का टूटना है, जो इंसानों और जानवरों को एक साथ सुरक्षित रखता था।

वर्तमान 'हीट एक्शन प्लान' (एचएपी) की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वे केवल शहरों में मौतों को रोकने पर केंद्रित हैं, जबकि जमीन, जल और मिट्टी के गिरते स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं। अब समय आ गया है कि नीतिगत स्तर पर 'वन हेल्थ' के दृष्टिकोण को अपनाया जाए, जहां मिट्टी की नमी, पशुधन का स्वास्थ्य और वन्यजीवों का संरक्षण एक ही इकाई के रूप में देखा जाए। हमें केवल वृक्षारोपण की रस्म अदायगी से ऊपर उठकर बुंदेलखंड के चंदेलकालीन तालाबों जैसे पारंपरिक जल-प्रबंधन तंत्र को पुनर्जीवित करना होगा। ये तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं थे, बल्कि वे स्थानीय पारिस्थितिकी को ठंडा रखने के विकेंद्रीकृत साधन थे। नीति निर्माताओं को यह समझना होगा कि राजमार्गों के लिए काटे गए पेड़ केवल लकड़ी नहीं थे, बल्कि वे उस सूक्ष्म-जलवायु का हिस्सा थे, जो फसलों को झुलसने से बचाती थी।

हमें विकास की अपनी परिभाषा को बदलना होगा। बुंदेलखंड में पत्थर खनन के लिए काटी गई हर पहाड़ी और उत्तराखंड में कंक्रीट के विस्तार के लिए नष्ट की गई हरियाली हमारे भविष्य की ठंडी हवाओं को रोक रही है। आर्थिक लाभ की तुलना में गर्मी के कारण होने वाला स्वास्थ्य और कृषि का नुकसान कहीं अधिक है। भविष्य की नीतियों की सफलता अब इस जवाबदेही पर टिकी है कि हम बुनियादी ढांचे के निर्माण में 'ग्रीन इंजीनियरिंग' को कितनी प्राथमिकता देते हैं और पर्यावरण नियमों की अनदेखी को कब बंद करते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

सोशल फोरम

'गोल्डन फ्यूचर' की ओर

जब कोई राष्ट्र भविष्य की तकनीक और विज्ञान के बजाय 'मिथकों' और 'विभाजन' की राजनीति में अपनी ऊर्जा झोंक देता है, तो वह आत्मघाती रास्ते पर होता है। क्या हम केवल अतीत के गौरव में ही जिंदा रहेंगे? टीके अरुण का हाल में छपा लेख 'Enough With Mythologies' हमारे गाल पर एक तमाचा है। वे सही कहते हैं कि भारत की युवा ऊर्जा आज 'सांप्रदायिक नफरत' और 'प्रतिगमन की विचारधारा' (Ideology of Regression) में बर्बाद की जा रही है। हम एक ऐसे 'स्वर्ण युग' की कल्पना में पीछे की ओर भाग रहे हैं, जिसका अस्तित्व ही संदिग्ध है, जबकि दुनिया 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और 'क्वांटम कंप्यूटिंग' के युद्ध जीत रही है।

ज्ञानेंद्र अवस्थी
डाटा एनालिस्ट

भारत के पास 24.5 करोड़ युवाओं (20-30 वर्ष) की वह शक्ति है, जो दुनिया में किसी के पास नहीं है, लेकिन हकीकत क्या है? हमारे बेहतरीन दिमाग या तो विदेशों में बस रहे हैं या फिर 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स' (GCCs) में विदेशी कंपनियों के लिए 'मजदूरी' कर रहे हैं। जो युवा हाथ तकनीक और नवाचार (Innovation) के लिए होने चाहिए थे, वे आज सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने और डिजिटल पहरों का हिस्सा बनने में खर्च हो रहे हैं।

एक लीटर एथेनॉल के लिए 10,000 लीटर पानी फूंकना विकास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के खिलाफ युद्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चा तेल तीन वर्षों के औसत 45/लीटर उपलब्ध रहा है, लेकिन 'सेठों' के मुनाफे के लिए हम रुपये -65/लीटर का एथेनॉल बना रहे हैं और वह भी अपने मुख्य भोजन (चावल) को जलाकर।

जहां हम 'मिथकों' की राजनीति में उलझे रहे, चीन ने अपनी नींव पत्थर की कर ली। चीन का रणनीतिक तेल भंडार 1,397 मिलियन बैरल पहुंच गया, जबकि भारत मात्र 21 मिलियन बैरल (0% वृद्धि) पर खड़ा है। हमारा चीन के साथ व्यापार घाटा 155% बढ़कर $112.1 बिलियन हो गया है। दुखद यह है कि हम चीन से खिलौने नहीं, बल्कि अपनी इंडस्ट्री के लिए 'ऑर्गेनिक केमिकल्स' और 'मशीनरी' मांग रहे हैं। हम उत्पादन के लिए पूरी तरह चीन के 'तकनीकी गुलाम' बन चुके हैं।

हमें तकनीक चाहिए, हमें पानी चाहिए और हमें वह 'विजन' चाहिए, जो हमें 21वीं सदी का नेतृत्व दिला सके, न कि वह विचारधारा जो हमें 11वीं सदी में वापस ले जाए।

-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

ग्रामीण स्वास्थ्य की चुनौतियां व जरूरत

उत्तराखंड के दूर-दराज़ पहाड़ी गांव दिखने में जितने सुंदर होते हैं, वहां का जीवन उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण होती है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और घुमावदार रास्तों के बीच सीमित संसाधनों के साथ यहां के लोगों का जीवन अपनी रफ्तार से चलता है। वैसे तो यहां के दूर-दराज गांवों में लगभग सभी बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिख जाता है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य सुविधाओं की आती है, तो यह मुश्किल पहाड़ जैसी बड़ी नजर आती है। खासकर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आज भी यहां के कई ग्रामीण क्षेत्रों में एक संघर्ष की तरह है, हालांकि बीते कुछ वर्षों में इस दिशा में काफी सुधार भी हुए हैं, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और किशोरियों पर पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच और प्रसव के लिए दूर जाना पड़ता है, जिससे उनका स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है।

कविता बिष्ट
एक्टिविस्ट

अगर पिछले पांच वर्षों पर नज़र डालें, तो उत्तराखंड के ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र में कुछ सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में लगभग 250 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 60 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। इसके अलावा उप-केंद्रों की संख्या भी हजारों में है, जो गांव-स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों में संस्थागत प्रसव दर में वृद्धि हुई है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेवाओं ने गांव-गांव तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाई है। टीकाकरण अभियान और पोषण कार्यक्रमों ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष 2026-27 के बजट में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 90,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है, जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं उत्तराखंड सरकार ने भी अपने बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करीब 4,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इसमें ग्रामीण अस्पतालों के उन्नयन, नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया है।

नई योजनाओं के तहत 'आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे गांव स्तर पर ही प्राथमिक उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स और डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी है। जब एक महिला को अपने स्वास्थ्य के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, तो यह केवल उसकी शारीरिक परेशानी नहीं होती, बल्कि यह उसके अधिकारों की भी अनदेखी होती है। एक सशक्त समाज वही होता है, जहां हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं समान रूप से उपलब्ध हों, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में क्यों न रहता हो।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

अंतस्

साधना का सार है समाधि। सर्वस्व है, उपसंहार है। निष्कर्ष है। फल है। प्रतिफल है। परिणाम है। समाधि दो शब्दों से मिलकर बना है- सम और धी। सम यानी सम्यक या एक जैसा होना। धी यानी बुद्धि या प्रज्ञा। इस प्रकार समाधि का अर्थ हुआ बुद्धि का एक समान स्तर पर होना। समत्व की स्थिति में होना। समदर्शी होना। समदृष्टि होना। स्थिर बुद्धि होना। इसका एक अर्थ है समय आधि अर्थात समय के पार जाना। योग-साधना की चरम अवस्था है समाधि, लेकिन ध्यान रहे समाधि मंजिल नहीं है, यह केवल एक पड़ाव है। आध्यात्म की असली यात्रा इसके बाद ही शुरू होती है।

आचार्य प्रदीप द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक

योग-साधना की चरम अवस्था है समाधि

त्रिगुणात्मक प्रकृति के प्रभाव से परे

यदि कोई साधक समाधि की अवस्था को उपलब्ध है, तो इसका अर्थ यह हुआ कि साधक सम अवस्था में है। वह सुख-दुख, हानि-लाभ, मान-अपमान आदि द्वंदों से मुक्त है, परे है। उस स्थिति में साधक का कोई पृथक अस्तित्व नहीं रहता। साधक का ब्रह्म में अवस्थान हो जाता है। भगवान की सत्ता, चैतन्य और आनंद अपने आप साधक की वाणी, भाव और कार्य के द्वारा पूर्ण रूप से प्रस्फुटित होने लगते हैं। समाधि की अवस्था में प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति आदि चित्तवृत्तियां मिट जाती हैं। समाधि की अवस्था को पा लेने पर साधक जीवमात्र को जीवन-मरण और संसारचक्र में घुमाने वाले दुःखदायक अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश आदि पंचक्लेशों से मुक्त हो जाता है, पर यह अवस्था पाना आसान नहीं है। कई पड़ाव पार करने होते हैं। एक लंबी अवधी की प्रक्रिया है। आत्मा के ऊपर से अविद्या, अज्ञान का आवरण हट जाता है। जिस प्रकार बादलों के आवरण से मुक्त होते ही सूर्य का तेज प्रकट हो जाता है, वैसे ही अविद्या, अज्ञान का आवरण हटते ही, मिटते ही आत्मा अपने यर्थास्वरूप को पहचानकर परमात्मा में स्थित हो जाती है। साधक सत, रज, तम आदि त्रिगुणात्मक प्रकृति के प्रभाव से परे हो जाता है। वह शब्द, रूप, रस, गंध आदि तन्मात्राओं के प्रभाव से भी परे हो जाता है।

समाधि के चरण

- समाधि के दो चरण या स्तर बताए गए हैं- संप्रज्ञता व असंप्रज्ञता। संप्रज्ञता समाधि के 4 प्रकार हैं- पहला है सवितर्क समाधि। यह समाधि का वह रूप है, जिसमें स्थूल विषय पर ध्यान लगाया जाता है। उदाहरणस्वरूप मूर्ति पर ध्यान जमाने को सवितर्क समाधि कहा जाता है। दूसरी है सविचार समाधि। यह समाधि का वह रूप है, जिसमें सूक्ष्म विषय पर ध्यान लगाया जाता है। इस समाधि में कभी-कभी तन्मात्रा भी ध्यान का विषय होती है। तीसरी है सानंद समाधि। इस समाधि में ध्यान का विषय इंद्रियां रहती हैं। हमारी इंद्रियां 11 हैं- 5 ज्ञानेन्द्रियां, 5 कर्मेन्द्रियां और मन। इन्हीं पर ध्यान लगाया जाता है। चौथी है सस्मित समाधि। इस अवस्था में ध्यान का विषय अहंकार है। अहंकार को अस्मिता कहा जाता है। कुछ विद्वानों का कहना है कि संप्रज्ञता समाधि वैराग्य से धुले हुए निर्मल चित्त की परिणीति है। इस समाधि में चित्त शुद्ध तो होता है, पर चित्त में कर्मों के संस्कारों के बीज अभी भी शेष रहते हैं। इसलिए इसे सबीज समाधि भी कहते हैं। इसलिए इस सबीज को निर्बीज करने के लिए समाधि के अगले चरण में प्रवेश करना होता है, जिसे असंप्रज्ञता या निर्बीज समाधि कहते हैं। असंप्रज्ञता समाधि में सारी मानसिक क्रिया की समाप्ति हो जाती है। मन केवल अप्रकट संस्कारों को धारण किए रहता है।



- इस प्रकार समाधि का पहला चरण अर्थात संप्रज्ञता समाधि-शुचिता का है। समाधि का दूसरा चरण अर्थात असंप्रज्ञता समाधि-विलीनता का है। समाधि के प्रथम चरण अर्थात संप्रज्ञता समाधि में साधक के मन की सारी अशुद्धि तिरोहित हो जाती है। सभी विकार व बुराइयां मिट जाती हैं। पर चित्त में कर्म संस्कारों के बीज बने रहते हैं। समाधि के दूसरे चरण अर्थात असंप्रज्ञता समाधि में कर्म संस्कारों के बीज भी नष्ट हो जाते हैं और चित्तवृत्तियों का पूर्णतः निरोध हो जाता है। असंप्रज्ञता समाधि की अवस्था में बुराई भी गिर जाती है और अच्छाई भी। यहां तक कि अच्छाई या शुद्ध अवस्था को धारण करने वाला मन भी समाप्त हो जाता है। यह अ-मन की अवस्था है। मन की यह समाप्ति प्रकारांतर से देहबोध की समाप्ति है। इस अवस्था में देह के पृथक होने का एहसास होता है। इस अवस्था में आत्मा अपने यथार्थस्वरूप को पहचान लेती है और आत्मा का संपर्क विभिन्न विषयों से छूट जाता है। यही मोक्ष की अवस्था है। नियत समय, नियम स्थान, नियमित साधना व सात्विक आहार-विहार व संयम का पालन करते हुए कोई भी साधक इस परम आनंद, परम सुख की अवस्था को पा सकता है। बशर्ते उसे पूर्णगुरू का सानिध्य मिले तब। अन्यथा भटकाव निश्चित है।

पौराणिक कथा

गांधारी को 100 पुत्रों का वरदान

हस्तिनापुर समय के साथ आगे बढ़ रहा था। माता सत्यवती और पितामह भीष्म अब अतीत की स्मृतियों को पीछे छोड़ वर्तमान में स्थिर हो चुके थे। भीष्म ने अपनी महान प्रतिज्ञा के अनुसार स्वयं को पूरी तरह हस्तिनापुर और उसके सिंहासन की रक्षा में समर्पित कर दिया था, वहीं सत्यवती भी इस गौरवशाली कुरुवंश की मर्यादा और सुरक्षा में तल्लीन थीं। धृतराष्ट्र और पांडु दोनों का विवाह संपन्न हो चुका था और अब राजवंश में नई पीढ़ी के आगमन की आशा जाग उठी थी।

वैशंपायन ने वर्णन किया कि महाराज पांडु ने अपनी पत्नियों कुंती और माद्री के साथ कुछ समय सुखपूर्वक व्यतीत किया, किंतु शीघ्र ही उन्होंने राज्य की बागडोर भीष्म के संरक्षण में सौंपकर दिग्विजय के लिए प्रस्थान किया। वे जिस दिशा में गए, वहां के अनेक राज्यों को अपने पराक्रम से जीत लिया। कहीं उन्होंने मैत्री संधियां स्थापित कीं, तो कहीं अन्यायी राजाओं को हटाकर न्यायपूर्ण शासन की स्थापना की। कई महीनों तक चले इस अभियान के बाद वे अपार धन-संपदा, स्वर्ण और रत्न लेकर हस्तिनापुर लौटे।

उनके लौटने पर नगर में उत्सव का वातावरण था। भीष्म ने उन्हें स्नेहपूर्वक आलिंगन किया, विदुर ने आशीर्वाद दिया और धृतराष्ट्र ने उनके पराक्रम की सराहना की। माताओं ने स्नेह बरसाया और कुंती-माद्री ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया। पांडु द्वारा लाया गया धन राजकोष को समृद्ध कर गया। उन्होंने बड़ों को आभूषण भेंट किए और प्रजा में भी उदारता से दान वितरित किया। इसके बाद पांडु अपनी पत्नियों के साथ वन की ओर चले गए, जहां वे सरल और शांत जीवन व्यतीत करने लगे। उन्हें शिकार का विशेष शौक था और जब वे धनुष-बाण तथा शस्त्रों से सुसज्जित होकर वन में निकलते, तो उनका तेज किसी देवता के समान प्रतीत होता। नगरवासी और वनवासी दोनों ही उनसे अत्यंत प्रेम और सम्मान करते थे। धृतराष्ट्र की अनुमति से उन्हें वन में सभी आवश्यक सुख-सुविधाएं भी भेजी जाती थीं।

इधर हस्तिनापुर में भी घटनाएं चलती रहीं। भीष्म ने एक सुशील कन्या से विदुर का विवाह कराया, जिनसे आगे चलकर बुद्धिमान संतानों का जन्म हुआ। उसी समय गांधारी भी गर्भवती हुईं। उनके विषय में कहा जाता है कि उन्हें शिव से सौ पुत्रों का वरदान प्राप्त था। एक दिन जब वे इस वरदान के विषय में चिंतन कर रही थीं, तभी महर्षि वेदव्यास महल में पधारे। थकान और कष्ट के बावजूद गांधारी ने उनकी अत्यंत श्रद्धा से सेवा की। प्रसन्न होकर व्यास ने उन्हें वर मांगने को कहा। तब गांधारी ने अपने पति के समान सौ पुत्रों की कामना व्यक्त की। व्यास के आशीर्वाद से उन्होंने गर्भ धारण किया और अपने सौ पुत्रों के जन्म की प्रतीक्षा करने लगीं।

पीपल के नीचे दीपक जलाने से जीवन में आती है समृद्धि

पीपल के पेड़ के नीचे पांच मुखी (पंचमुखी) दीपक जलाना ज्योतिषीय और धार्मिक रूप से अत्यंत शुभ माना जाता है, जो मुख्य रूप से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैया के अशुभ प्रभावों को कम करता है। यह शनिवार को धन-समृद्धि, सुख-शांति और पितृ दोष से मुक्ति पाने का एक उपाय है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

शनि दोष और साढ़ेसाती में राहत - पीपल को शनिदेव का प्रतीक माना जाता है, इसलिए शनिवार को सरसों के तेल का दीपक जलाने से शनि के अशुभ प्रभाव कम होते हैं और मानसिक शांति मिलती है।

धन और सुख-समृद्धि- मान्यता है कि पीपल के पेड़ के नीचे नियमित या शनिवार को दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती। पितृ दोष से मुक्ति, पीपल के नीचे शाम के समय दीपक जलाने से पितर शांत होते हैं और पितृ दोष दूर हो सकता है।

पंच तत्वों का संतुलन- पंचमुखी दीपक (5 मुखी) पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) का प्रतीक माना जाता है, जो जीवन में संतुलन लाता है।

दीपक जलाने के नियम

समय- शाम के समय (गोधूलि बेला) दीपक जलाना सबसे उत्तम है।
तेल- सरसों के तेल या घी का उपयोग करें।
परिक्रमा- दीपक जलाने के बाद पीपल के पेड़ की 7 बार परिक्रमा करना शुभ माना जाता है।

पीपल के पेड़ के नीचे पंचमुखी दीपक जलाना एक बेहद असरदार उपाय माना गया है, दीपक की लौ सिर्फ रौशनी नहीं देती, ये सूर्य तत्व का प्रतीक है। यही लौ जब पीपल के नीचे जलती है, तो ये सूर्य, शनि, राहु-केतु जैसे ग्रहों के बीच संतुलन बनाती है। इससे जीवन में स्थिरता और शांति आती है। हिंदू धर्म में पंचमुखी दीपक (पांच मुख वाला दीपक) का विशेष आध्यात्मिक और वास्तु महत्व है। यह पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) और दिशाओं का प्रतीक है। इसे जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, वास्तु दोष का निवारण, सुख-समृद्धि की वृद्धि और शत्रु-बाधा से मुक्ति मिलती है।

पंचमुखी दीपक का महत्व और लाभ

- **लक्ष्मी और बरकत**: यह दीपक अष्ट लक्ष्मी (धन, समृद्धि आदि) को आकर्षित करता है, जिससे घर में धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहती।
- **वास्तु दोष दूर करना**: घर के मुख्य द्वार पर या पूजा घर में इस दीपक को जलाने से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।
- **हनुमान जी की कृपा**: विशेष रूप से मंगलवार या शनिवार को हनुमान जी के सामने पंचमुखी दीपक जलाने से हनुमान जी के पंचमुखी अवतार की कृपा प्राप्त होती है, जिससे कष्ट दूर होते हैं और साहस व सुरक्षा मिलती है।
- **पांच दिशाओं की सुरक्षा**: यह दीपक पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और ईशान कोण, इन पांचों दिशाओं से आने वाली बाधाओं को दूर करता है।
- **प्रयोग विधि**: इसे आमतौर पर शाम के समय (प्रदोष काल) में गाय के शुद्ध घी या सरसों के तेल में जलाना सबसे उत्तम माना जाता है।
- **सावधानी**: पंचमुखी दीपक को जलाते समय ध्यान रखें कि सभी पांचों मुख अलग-अलग दिशाओं में हों।
- **सरसों का तेल**: पीपल की जड़ में या उसके नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना सबसे महत्वपूर्ण है, इसमें कुछ काले तिल भी डालें।
- **काला कपड़ा**: पीपल के पेड़ में काला कपड़ा या मौली (कलावा) बांधने से पितृ दोष, शनि और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव कम होते हैं।
  काले तिल और उड़द की दाल : जल में काले तिल मिलाकर अर्पित करें।
- **गुड़**: गुड़ मिला जल या गुड़ का भोग अर्पित करने से सूर्य-शनि का दोष कम होता है।

कच्चा सूत: पीपल के पेड़ के चारों ओर 5 या 7 बार कच्चा सूत लपेटें।
धूप/अगरबत्ती : सुगंधित धूप से नकारात्मकता दूर होती है।

बोध कथा

पत्थर और बांसुरी



एक बहुत ही कुशल मूर्तिकार था, जो पहाड़ों से पत्थर चुनकर सुंदर मूर्तियां बनाया करता था। एक दिन वह जंगल में गया और उसे दो बड़े पत्थर मिले। उसने सोचा, इनसे मैं दो महान कलाकृतियां बनाऊंगा। उसने पहले पत्थर पर अपनी छेनी से वार करना शुरू किया। जैसे ही पहली चोट पड़ी, पत्थर के भीतर से एक दर्द भरी कराह निकली- "रुको! मुझे बहुत दर्द हो रहा है। कृपया मुझ पर वार मत करो, मुझे वैसे ही रहने दो जैसा मैं हूं।" मूर्तिकार दयालु था, उसने उस पत्थर को छोड़ दिया। वह दूसरे पत्थर के पास गया। जब उसने उस पर काम शुरू किया, तो वह पत्थर भी कांप रहा था, लेकिन उसने एक शब्द नहीं कहा। मूर्तिकार ने उसे तराशना जारी रखा। हफ्तों की कड़ी मेहनत, चोट और घर्षण के बाद, उस साधारण पत्थर ने एक अत्यंत सुंदर बांसुरी बजाते हुए बालक की मूर्ति का रूप ले लिया।

कुछ समय बाद, उस जंगल के पास एक भव्य मंदिर बना। मूर्तिकार ने वह 'बांसुरी बजाते बालक' की मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में स्थापित कर दी। लोग दूर-दूर से उस मूर्ति की सुंदरता देखने और दर्शन करने आने लगे। तभी मंदिर के कर्मचारियों को अहसास हुआ कि मंदिर के द्वार पर एक ऐसे पत्थर की जरूरत है, जिस पर लोग अपने जूते-चप्पल उतार सकें। मूर्तिकार को याद आया कि जंगल में एक पत्थर उसने बीच में ही छोड़ दिया था। वह उसे उठा लाया और मंदिर की सीढ़ियों के पास रख दिया।

एक रात, जब मंदिर के पट बंद हो गए, तो नीचे रखे उस पत्थर ने ऊपर विराजमान मूर्ति से पूछा-"यह कैसा अन्याय है? हम दोनों एक ही पहाड़ के टुकड़े थे, एक ही दिन यहां लाए गए, लेकिन आज लोग तुम्हारी पूजा कर रहे हैं, तुम्हें फूलों का हार पहना रहे हैं और मुझ पर धूल-मिट्टी झाड़कर निकल जाते हैं। ऐसा क्यों?"

मूर्ति ने बड़ी शालीनता से उत्तर दिया- "मित्र, याद करो वह दिन जब कलाकार ने पहली चोट तुम पर की थी। तुमने दर्द से बचने के लिए संघर्ष को ठुकरा दिया और उसी अवस्था में रहना चुना, जिसमें तुम थे। मैंने उस हर चोट को सहा, हर घाव को अपनी प्रगति माना और खुद को तराशने दिया। आज मैं इसलिए पूजा जा रहा हूं, क्योंकि मैंने 'चोट' सहने का साहस दिखाया और तुम इसलिए पैर रखने के काम आ रहे हो, क्योंकि तुमने आराम को विकास से ऊपर रखा।"

कथा से सीख मिलती है कि जीवन में आने वाली कठिनाइयां और संघर्ष वास्तव में ईश्वर की 'छेनी और हथौड़ी' हैं, जो हमें एक बेहतर इंसान के रूप में तराश रही होती हैं। यदि हम आज के संघर्ष से भागेंगे, तो हम कल की ऊंचाई कभी नहीं छू पाएंगे।

-प्रमोद श्रीवास्तव

बाजार	संसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	77,269.40	24,119.30
बढ़त	355.90	121.75
प्रतिशत में	0.46	0.51

सोना 1,52,800
प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,49,000
प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 5 मई 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

एचएफसीएल को निजी कंपनी से मिला 84 करोड़ रुपये का ठेका

नई दिल्ली। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को एक प्रमुख घरेलू निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी से 84.23 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह ठेका 'ऑप्टिकल फाइबर केबल' की आपूर्ति के लिए है और इसे कंपनी की अनुषंगी एचटीएल लिमिटेड के साथ मिलकर प्राप्त किया गया है। हालांकि, कंपनी ने संबंधित दूरसंचार संचालक का नाम उजागर नहीं किया है। कंपनी के अनुसार इस घरेलू अनुबंध को अगस्त 2026 तक पूरा किए जाने की योजना है।

बजाज ऑटो ने अप्रैल में बेचे 5,13,792 वाहन

नई दिल्ली। बजाज ऑटो लिमिटेड की अप्रैल में कुल बिक्री 40 प्रतिशत बढ़कर 5,13,792 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के इसी महीने में 3,65,810 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 2,48,210 इकाई हो गई जबकि अप्रैल 2025 में यह 2,20,615 इकाई थी। निर्यात में 83 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज हुई और यह 2,65,582 इकाई रहा। अप्रैल 2025 में यह 1,45,195 इकाई रहा था। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 2,10,063 इकाई हो गई जबकि अप्रैल 2025 में यह 1,88,615 इकाई थी।

बीएचईएल का शुद्ध लाभ ढाई गुना हुआ

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ ढाई गुना से अधिक होकर 1,290.47 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 504.45 करोड़ रुपये रहा था। बीएचईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 12,553.50 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की इसी तिमाही में 9,142.64 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बिजली क्षेत्र से राजस्व 9,509.85 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी-मार्च 2025 में 6,192.41 करोड़ रुपये था।

एक्साइड का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बैटरी विनिर्माता कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15% बढ़कर 216.73 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 187.91 करोड़ रुपये रहा था। एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 4,735.13 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 4,335.42 करोड़ रुपये थी।

अशोक लेलैंड की बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। अशोक लेलैंड की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 14,646 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष इसी महीने 13,421 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 14,242 इकाई रही जबकि अप्रैल 2025 में यह 12,509 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 7,977 इकाई रही जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 7,406 इकाई थी।

चुनावी नतीजों से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा

उम्मीदों के अनुरूप चुनाव परिणाम और कंपनियों के बेहतर नतीजों ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा

मुंबई, एजेंसी

प्रमुख कंपनियों में लिवाली आने और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 997.25 अंक उछलकर 77,910.75 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,119.30 अंक पर बंद हुआ।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े जोखिमों को नजरअंदाज करते हुए पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों के अनुकूल रुझान और चौथी तिमाही के बेहतर नतीजों से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए जबकि जापान में अवकाश के कारण कारोबार बंद रहा। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

घरेलू शेयर बाजार महाराष्ट्र दिवस पर शुक्रवार को बंद थे। गुरुवार को सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 और निफ्टी 180.10 घटकर 23,997.55 अंक पर बंद हुए थे।

निफ्टी भी 122 अंक चढ़कर 24100 के पार

बढ़त के साथ बंद हुए शेयर : सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और मारुति सुजुकी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

नुकसान में रहे शेयर : भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे।

स्मॉलकैप में 0.79, मिडकैप में 0.75 प्रतिशत की तेजी

बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.79 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.75 प्रतिशत की तेजी रही। रियल्टी खंड, सेवा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक खंड एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, आईटी और बैंक खंड में गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 2,607 शेयर बढ़कर बंद हुए जबकि 1,735 शेयरों में गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 % बढ़कर 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 8,047.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,487.10 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

आगे भी बढ़त का रुख रहने की उम्मीद

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में आगे भी बढ़त का रुख बने रहने की उम्मीद है। यह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, मजबूत घरेलू आंकड़े और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक स्पष्टता पर आधारित रहेगा।

चांदी 6,800 रुपये उछली, सोना 2,000 रुपये टूटा

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। विदेशी बाजारों में कीमतों पर दबाव के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की तरफ से मजबूत खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में भाव में तेजी रही। हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। गुरुवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच सोमवार को कम कारोबार वाले सत्र में सोने की कीमत में गिरावट आई। तेल की बढ़ती कीमतों ने इस आशंका को और मजबूत किया है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं।

सावधान! आपका ATM कार्ड भी हो सकता है कॉपी

निवेश की पाठशाला

कारोबार डेस्क

डिजिटल दौर में बैंकिंग आसान है, लेकिन इसके खतरे भी उतने ही अधिक हैं। एटीएम से कैश निकालना हो, पेट्रोल पंप पर पेमेंट करनी हो या रेस्टोरेंट में बिल चुकाना हो, हम इस सबके लिए डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं। लेकिन इसी कार्ड को कॉपी करके अपराधी आपका बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। इसे कार्ड क्लोनिंग कहते हैं। जरा सी लापरवाही बड़ी चोट पहुंचा सकती है। ऐसे में जानते हैं बचाव के तरीके और जरूरी सावधानियां ...

क्यों बढ़ रहे मामले

ज्यादा ट्रांजैक्शन का अर्थ है अपराधियों के लिए ज्यादा मौके। साइबर ठग फ्रॉड के लिए नित नए तरीके ढूंढ रहे हैं। इसमें कार्ड क्लोनिंग से लेकर डार्क वेब पर आपका डेटा बेचा जाना तक शामिल है। वहां से इस डेटा का गलत इस्तेमाल करके ये अपराधी आपके अकाउंट में सेंधमारी करते हैं। आपकी सावधानी ही मुख्य बचाव है।

क्या है कार्ड क्लोनिंग?

- अंतरराष्ट्रीय असल में आप किसी भी स्वाइप मशीन या एटीएम मशीन में कार्ड यूज करते हैं तो कार्ड कापी हो जाता है। कार्ड क्लोनिंग में ठग एटीएम या स्वाइप मशीन पर छोटा डिवाइस लगा देते हैं। इसको ही डिवाइस को 'स्किमर' कहा जाता है।
- जब आप मशीन में कार्ड डालते या स्वाइप करते हैं, तो यह डेटा कॉपी कर लेता है। यह आपकी मैग्नेटिक स्ट्रिप की जानकारी चुरा लेता है। साथ में छिपा कैमरा या नकली कीपैड लगाया जाता है। इससे आपका एटीएम पिन भी रिकॉर्ड कर लिया जाता है।

कहां-कहां है जोखिम

- एटीएम मशीन
- पेट्रोल पंप
- रेस्टोरेंट
- पीओएस या स्वैप मशीन
- अनजान भीड़भाड़ वाले स्थान

इन संकेतों से पहचानें खतरा

- बिना ट्रांजेक्शन किए पैसे कटने का मैसेज
- खाते से अचानक बड़ी रकम निकलना
- एटीएम के कार्ड स्लॉट में ढीलापन
- मशीन के आसपास अजीब-सा छोटा डिवाइस या वायर
- कीपैड पर एक्स्ट्रा परत या चिपका हुआ हिस्सा
- मशीन देखकर जरा भी शक हो, तो इस्तेमाल न करें

कैसे बचें कार्ड क्लोनिंग से

- पिन डालते समय कीपैड हाथ से ढकें।
- अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर कार्ड डिटेल शेयर न करें।

3. बैंक की SMS और ईमेल अलर्ट सर्विस हमेशा एक्टिव रखें।
4. जरूरत न हो तो इंटरनेशनल और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद रखें।
5. अपना एटीएम पिन बदलते रहें।
6. मैग्नेटिक स्ट्रिप कार्ड हो तो बदलकर चिप कार्ड जारी करवा लें।

काम की बात

- अगर आपके खाते से बिना अनुमति पैसे निकल जाएं, तो घबराएं नहीं, तुरंत बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराएं।
- तत्काल नजदीकी ब्रांच में लिखित शिकायत दें।
- राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज करें।
- ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट और मैसेज सुरक्षित रखें। रिपोर्ट जल्दी करने से पैसे वापस मिलने के चांस रहते हैं।

कमोडिटी डेरिवेटिव्स में बैंकों, बीमा कंपनियों की एंट्री के पक्ष में नहीं सेबी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के नियामक अपने विनियमित संस्थानों को जिंस डेरिवेटिव खंड में निवेश की अनुमति देने के पक्ष में नहीं हैं।

श्री पांडेय ने यहां 'आईएमसी कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस 2026' में एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि संबंधित नियामक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) बैंकों और बीमा कंपनियों को जिंस डेरिवेटिव में निवेश की अनुमति देने को लेकर बहुत सकारात्मक नहीं हैं और इसके पीछे उनके पास ठोस कारण हैं।

सेबी प्रमुख ने कहा कि भारत में पेंशन कोष विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने भी पेंशन कोष को जिंस डेरिवेटिव में निवेश की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार किया है, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय का खुलासा नहीं किया है। जिंस डेरिवेटिव खंड वित्तीय बाजार का वह हिस्सा है जहां सोना, चांदी, कच्चा तेल या कृषि उत्पादों जैसी वस्तुओं की भविष्य की कीमतों पर आधारित वायदा एवं विकल्प अनुबंधों में कारोबार होता है। सेबी इस खंड का नियमन करता है।

उन्होंने कहा कि सेबी जल्द ही बाजार मध्यस्थों के लिए एंथ्रोपिक माइथोस जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) टूल की वजह से उभर रहे जोखिमों को लेकर परामर्श जारी करेगा।

पांडेय ने कहा कि हमने इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों के साथ बातचीत की है और जल्द ही हम यह सलाह जारी करेंगे कि संभावित कमजोरियों के प्रति सतर्क रहने और सक्रिय रूप से जोखिम प्रबंधन करने की आवश्यकता है।

पूंजी बाजार विनियामक के मुखिया ने कहा कि भारत को दीर्घकालिक पूंजी की जरूरत है और बाजार-आधारित वित्त को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को बेहतर विकल्प देने के लिए बाजार के विकास और निवेशक संरक्षण को साथ-साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) उद्योग के लिए समयबद्ध तरीके से कोष जारी करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए हाल में बदलाव किए गए हैं, जिसमें पर्याप्त निगरानी भी सुनिश्चित की गई है।

सेबी चेयरमैन बोले- जल्दी ही एंथ्रोपिक माइथोस जैसे एआई टूल की वजह से उभर रहे जोखिमों को लेकर परामर्श जारी करेंगे

एनसीएलएटी ने जेपी मामले में खारिज की अदाणी के खिलाफ वेदांता की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने उद्योगपति अनिल अग्रवाल नीत वेदांता लिमिटेड की दो याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं।

कंपनी ने इनमें कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए गौतम अदाणी नीत अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बोली के चयन को चुनौती दी थी। एनसीएलएटी ने वेदांता द्वारा उठाए गए मुद्दों में कोई आधार नहीं पाया और उसकी दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। एनसीएलएटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने पाया कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने जेएएल के लिए वेदांता की समाधान योजना के मुकाबले अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को प्राथमिकता देकर सही फैसला किया था। इस फैसले को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंजूरी दे दी थी, जिसके खिलाफ वेदांता ने एनसीएलएटी में अपील दायर की थी।

एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता (वेदांता) द्वारा ऐसा कोई आधार नहीं बनाया गया है जिससे एनसीएलटी के निर्णय में हस्तक्षेप किया जा सके। अपील में कोई दम नहीं है। दोनों अपीलें खारिज की जाती हैं। कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है।

टाटा समूह की कंपनियों के निदेशक करें टाटा संस की सूचीबद्धता की पहल

- **संस्थागत निवेशकों को परामर्श देने वाली कंपनी इनगवर्न रिसर्च ने किया आग्रह**
- **कंपनी के निजी बने रहने पर जोखिम पैदा कर सकते हैं आरबीआई के नियामकीय बदलाव**

नई दिल्ली, एजेंसी। संस्थागत निवेशकों को परामर्श देने वाली इनगवर्न रिसर्च सर्विसेज ने टाटा समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों से टाटा संस को सूचीबद्ध कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया है, ताकि शेयरधारकों के हितों की रक्षा हो सके।

इनगवर्न रिसर्च के प्रबंध निदेशक एवं संस्थापक श्रीराम सुब्रमण्यन ने टाटा समूह की सात कंपनियों के स्वतंत्र निदेशकों एवं बोर्ड सदस्यों को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के 2026 के नियामकीय बदलाव टाटा संस के निजी बने रहने पर प्रणालीगत जोखिम पैदा कर सकते हैं। यह पत्र टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा केमिकल्स, टाटा पावर, इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन को संबोधित है, जिनकी टाटा संस में संयुक्त हिस्सेदारी करीब 12 प्रतिशत है। पत्र में कहा गया है कि बोर्ड (निदेशक मंडल) का यह दायित्व है कि वह टाटा संस की सूचीबद्धता के लिए प्रयास करे और इस पर स्पष्ट रुख सार्वजनिक रूप से रखे। इनगवर्न ने तीन-स्तरीय रणनीति सुझाते हुए कहा कि कंपनियां सूचीबद्धता के लिए स्पष्ट रूपरेखा की मांग करें, टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का बाजार आधारित पुनर्मूल्यांकन कराएं और कंपनी संचालन सुधारों को आगे बढ़ाएं। टाटा संस को सूचीबद्ध करना न केवल नियामकीय जरूरत है, बल्कि समूह के विस्तार में निवेश करने वाले शेयरधारकों के प्रति जिम्मेदारी भी है।

इनगवर्न रिसर्च ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में रिजर्व बैंक से आग्रह किया था कि वह टाटा संस को उच्चस्तरीय एनबीएफसी के रूप में मार्च 2027 तक सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करे।

भारत कमजोरियां पहचान कर जोखिम प्रबंधन करे: ईएसी-पीएम चेयरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आपूर्ति बाधाओं और कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपनानी जरूरी**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने सोमवार को कहा कि देश को भविष्य में पश्चिम एशिया जैसे संकट का असर कम करने के लिए ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक, धातु एवं महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में अपनी आर्थिक कमजोरियों को चिह्नित कर उन पर निगाह रखनी चाहिए। देव ने बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने जोखिम प्रबंधन के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति बाधाओं और कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपनानी जरूरी है।

देव ने कहा कि इसके लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के विस्तार और आवश्यक वस्तुओं के भंडारण जैसी भौतिक सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करना होगा। केवल विदेशी मुद्रा भंडार और खाद्यान्न भंडार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत को ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक, धातु और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रमुख आर्थिक कमजोरियों की पहचान कर उनकी निगरानी करनी चाहिए और आपूर्ति में बाधाओं एवं कीमतों में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए सक्रियता दिखाते हुए कदम उठाने चाहिए।

ईएसी-पीएम के प्रमुख ने आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने पर जोर देते हुए कहा कि आपूर्ति स्रोतों और व्यापार मार्गों में विविधता लाने के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का प्रभावी उपयोग करना जरूरी है। दीर्घावधि में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना स्थायी समाधान होगा।

यूपीआई के जरिए अप्रैल में हुए 22.35 अरब लेनदेन: डीएफएस

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये लेनदेन इस साल अप्रैल सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 22.35 अरब रहा। वित्तीय सेवा विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्तीय सेवा विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अप्रैल 2026 में यूपीआई के जरिये 22.35 अरब लेनदेन हुए। यूपीआई के उपयोग में आसानी के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी है। इसके तहत आरबीआई के दो-स्तरीय प्रमाणीकरण नियम है। इसमें पहला स्तर उपयोगकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर और दूसरा यूपीआई पिन होता है, जिससे लेनदेन तेज और सुरक्षित बनते हैं। वर्तमान में भारत में कुल डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। इसका प्रभाव देश की सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय पर डिजिटल भुगतान में करीब 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यूपीआई संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ देशों में सक्रिय है, जिससे वहां रहने या यात्रा करने वाले भारतीयों को बिना किसी अतिरिक्त जटिलता के भुगतान करने की सुविधा मिलती है।

भारत-कनाडा ने फिर शुरू की एफटीए पर दूसरे दौर की वार्ता, यात्रा पर जाएंगे गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मार्च में हुई थी पहले दौर की बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य**

भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता का दूसरा दौर सोमवार को शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते को आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस वार्ता में वस्तुओं, सेवाओं तथा अन्य पारस्परिक रूप से सहमत नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि पांच दिवसीय वार्ता चार मई से यहां शुरू हुई। वार्ता का पहला दौर मार्च में आयोजित किया गया था। यह दौर महत्वपूर्ण है क्योंकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस माह के अंत तक वार्ता को गति देने के लिए कनाडा की यात्रा करेंगे। यह वार्ता प्रक्रिया फिर से शुरू होने का संकेत भी है क्योंकि कनाडा ने 2023 में वार्ता को रोक दिया था। हालांकि अब दोनों ने बातचीत को नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया है। यह वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

भारत से कनाडा को प्रमुख निर्यात में दवाइयां, लोहा एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं प्रमुख आयात में दालें, मोती एवं अर्ध-कीमती पत्थर, कोयला, उर्वरक, कागज तथा कच्चा पेट्रोलियम शामिल हैं।

पश्चिम एशिया संकट

उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव ने अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में कहा

बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण आयातित यूरिया और अन्य उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार का उर्वरक सब्सिडी खर्च 1.71 लाख करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन से अधिक होने का अनुमान है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही।

उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर एक अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि कीमतें बढ़ी हैं। यूरिया और अन्य उर्वरकों दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान दिख रहा है...। निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। श्री शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों के बावजूद, खरीफ 2026 सत्र में उर्वरकों की उपलब्धता 'अच्छी' और स्थिर बनी हुई है।

मार्च-अप्रैल के लिए घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा। इसमें यूरिया (40.72 लाख टन), डाई अमोनियम फॉस्फेट (5.39 लाख टन), एनपीके (13.65 लाख टन) और एसएसपी (8 लाख टन) शामिल हैं। इसके अलावा 17 लाख टन का आयात भी किया गया। यह आयात बंदरगाह और विदेश मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से संभव हो पाया। विभाग ने मई महीने के लिए 22 लाख टन यूरिया, 4 लाख टन डीएपी और 8 लाख टन एनपीके के घरेलू उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि यूरिया के कुछ ऐसे संयंत्र जो अस्थायी रूप से बंद हो गए थे, वे अब फिर से चालू होने वाले हैं। उनके लिए गैस की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। यूरिया के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और मई-जून तक इसकी आपूर्ति होने की उम्मीद है। उर्वरकों की बढ़ती मांग पूरा करने के लिए 19 लाख टन एनपीके उर्वरकों के आयात हेतु एक अलग वैश्विक निविदा भी जारी किया गया है।

खरीफ सत्र में 390 लाख टन उर्वरकों की जरूरत

कृषि विभाग ने खरीफ 2026 सत्र के लिए उर्वरकों की आवश्यकता 390.54 लाख टन रहने का अनुमान जताया है। इसके मुकाबले, राज्यों ने पहले ही 195.71 लाख टन उर्वरक का स्टॉक जमा कर लिया है। यह कुल आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत है। अधिकारियों के अनुसार यह 'बेहतर योजना और समय से पहले स्टॉक जमा करने' की रणनीति है। कृषि मंत्रालय के आकलन के आधार पर राज्यों के हिसाब से मांग का खाका तैयार कर लिया गया है और इसके लिए स्टॉक जमा करने तथा अग्रिम योजना बनाने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है।

वर्ल्ड ब्रीफ

केन्या में बाढ़ से 18 लोगों की मौत

नैरोबी। केन्या में लगातार जारी भारी बारिश के कारण हाल में आई बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत डूबने से हुई है। देश के गृह मंत्रालय के अनुसार, देशभर में बाढ़ से पिछले एक सप्ताह में 18 लोगों की मौत हुई है और 54,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं जिनमें से 6,000 परिवार देश की राजधानी नैरोबी के हैं। देशभर में कई विद्यालयों और अस्पतालों में पानी भर गया है तथा 17 सड़कों पर आवागमन बाधित हो गया है। भूस्खलन के कारण पश्चिमी रिफ्ट वैली क्षेत्र में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। देश के जलविद्युत बांधों में जलस्तर बढ़ने के कारण ताना और अथी नदियों के किनारे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

हंता वायरस से दंपति समेत तीन की मौत

केपटाउन। अटलांटिक महासागर में एक क्रूज जहाज पर संदिग्ध हंता वायरस के प्रकोप के कारण एक बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम तीन अन्य के बीमार होने की सूचना है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने दी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मामले की जांच जारी है और कम से कम एक मामले में हंता वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने बताया कि एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है, जबकि जहाज पर इसके लक्षण वाले दो अन्य मरीजों को वहां से निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऑर्बिटल डेटा सेंटर उपग्रह को साझेदारी

नई दिल्ली। अमेरिकी-भारतीय अंतरिक्ष कंपनी पिक्सल ने बेंगलुरु स्थित कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी सर्वम के साथ मिलकर एक ऑर्बिटल डेटा सेंटर सैटेलाइट बनाने के लिए साझेदारी की है। पिक्सल उपग्रह को डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालित करेगा, जबकि सर्वम कक्षा में सीधे प्रशिक्षण और इन्फरेंस दोनों संभालेगा। सोमवार को पिक्सल के सीईओ अवैस अहमद ने कहा कि जमीन पर आधारित डेटा सेंटर ऊर्जा, भूमि, विनियमन और पैमाने के संबंध में बढ़ती बाधाओं का सामना कर रहे हैं और वर्तमान मॉडल को पर्यावरण की दृष्टि से बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑर्बिटल डेटा सेंटर एक नया आयाम खोलते हैं।

नेपाल ने लिपुलेख दर्रे पर अपना क्षेत्रीय दावा दोहराया

काठमांडू, एजेंसी

- **नेपाल की सरकार ने की भारत से बातचीत करने की मांग**

नेपाल ने लिपुलेख पर अपने क्षेत्रीय दावे को सोमवार को दोहराया और इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारत के साथ बातचीत की वकालत की। एक दिन पहले भारत ने इस क्षेत्र पर नेपाल के रुख को दृढ़ता से खारिज कर दिया था।

भारत ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से दशकों से आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को रविवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा एकतरफा कृत्रिम विस्तार अस्वीकार्य है। भारत की इस प्रतिक्रिया के पहले नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारत और चीन द्वारा लिपुलेख दर्रे के रास्ते आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा आयोजित करने की योजना पर आपत्ति जताई और दावा किया कि यह उसका क्षेत्र है। नेपाल सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने कहा कि नेपाल का अपनी सीमा बढ़ाने का इरादा नहीं है, यह क्षेत्र नेपाल का है।

भारत-जमैका संबंधों में निरंतरता और परिवर्तन जैसी विशेषता

किंग्सटन, एजेंसी

- **कैरिबियाई देश की पहली यात्रा पर बोले विदेशमंत्री जयशंकर**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और जमैका के बीच संबंध 'निरंतरता और बदलाव' से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यह संबंध साझा इतिहास पर आधारित हैं जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है।

जमैकन ग्लीनर अखबार में रविवार को प्रकाशित एक लेख में जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों को एक गहरी और अधिक लचीली साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए जो दोनों देशों के लोगों के लिए काम करे और एक अधिक न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे। भारत और जमैका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयशंकर शनिवार को कैरेबियाई देश की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का जमैका के साथ 180 वर्षों से संबंध है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का यही रिश्ता हमारे संबंधों को एक विशेष रंग प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कई भारतीयों के लिए जमैका का नाम सुनते ही माइकल होल्डिंग और क्रिस गेल का क्रिकेट, बॉब मार्ले और जिमी क्लिफ का संगीत, उसेन बोल्ट और एलेन थॉम्पसन-हेराह का एथलेटिक्स तथा सांस्कृतिक हस्ती मिस लू के लेखन की याद आ जाती है।

जयशंकर ने कहा कि ये संबंध दोनों देशों के बीच गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिसमें ग्लोबल साउथ और राष्ट्रमंडल की सदस्यता शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत और जमैका दोनों बहुलवादी समाज, राजनीतिक लोकतंत्र और बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता अंततः निरंतरता और परिवर्तन की एक कहानी है, जो एक साझा अतीत में निहित है, वर्तमान सहयोग से प्रगाढ़ हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर उन्मुख है। भारत और जमैका के संबंधों की कहानी 19वीं और 20वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों की इस भूमि की यात्रा से शुरू हुई। उन्होंने कहा कि 1845 में 'ब्लंडेल हंटर' जहाज पर सवार होकर भारतीयों का पहली बार 'ओल्ड हार्बर बे' में उतरना इस यात्रा की शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि आज, लगभग 70,000 भारतीय मूल के लोगों का एक समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय-जमैका समुदाय एक सक्रिय और गतिशील शक्ति है जो दोनों देशों के संबंधों को आधार प्रदान करती है और आगे बढ़ाती है। जब दोनों देशों के बीच 1962 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए तो हमने उस चीज को औपचारिक रूप दिया जिसकी नींव दोनों देशों के लोग पहले ही डाल चुके थे।

जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिका ने होर्मुज में बनाया अलग मार्ग

ईरान द्वारा समुद्र में बिछाए गए बारूदी सुरंगों के चलते जहाजों से मार्ग बदलने को कहा

दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने सोमवार को ईरान के प्रभाव वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से फंसे हुए जहाजों को सुरक्षित रूप से मार्गदर्शन देने के प्रयास की शुरुआत की, ताकि क्षेत्र में जारी आर्थिक व्यवधान को कम किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक दिन पहले घोषित प्रोजेक्ट फ्रीडम के बाद ज्वाइंट मैरीटाइम इंफॉर्मेशन सेंटर ने बताया कि अमेरिका ने मुख्य शिपिंग मार्गों के दक्षिण में एक उन्नत सुरक्षा क्षेत्र स्थापित किया है और समुद्री यात्रियों से ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय करने को कहा है।

सेंटर ने चेतावनी दी कि सामान्य यातायात मार्ग के पास से गुजरना अत्यंत खतरनाक हो सकता है, क्योंकि वहां बारूदी सुरंगों की मौजूदगी की आशंका है। अमेरिका के नेतृत्व वाले समुद्री कार्य बल की यह घोषणा जलमार्ग पर वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही बहाल करने और विश्वास बहाल करने के प्रयास की शुरुआत मानी जा रही है। इस जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 फीसदी तेल का परिवहन होता है, लेकिन यह युद्ध के बाद गंभीर रूप से बाधित हुआ है। इस युद्ध की शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा की गई थी, जिसके बाद वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस अभियान को प्रोजेक्ट फ्रीडम बताते हुए कहा कि अमेरिका तटस्थ और बेकसूर देशों के जहाजों को सुरक्षित मार्ग देगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार इस अभियान में गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, 100 से अधिक विमान और लगभग 15,000 सैनिक शामिल होंगे। हालांकि पेंटागन ने तैनाती को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी। खबरों के अनुसार कई जहाज, विशेषकर तेल और गैस टैंकर, युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। चालक दल ने मिसाइलों और ड्रोन हमलों के बीच पानी, भोजन और अन्य आवश्यकताओं की कमी की स्थिति का सामना करने की बात कही है। ट्रंप ने इसे मानवीय पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ईरान सहित पश्चिम एशिया के देशों की मदद करना है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ईरान के सरकारी मीडिया ने ट्रंप की घोषणा को भ्रमपूर्ण बताया है। ईरान के संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने भी चेतावनी दी है कि जलडमरूमध्य में किसी भी हस्तक्षेप को संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा। वहीं, ईरान ने यह भी कहा है कि वह युद्ध समाप्त करने के उसके प्रस्ताव पर अमेरिका के जवाब की समीक्षा कर रहा है।

होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर मिसाइल से हमला

दुबई। ब्रिटेन की सेना ने सोमवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया। ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव के बीच कुछ ही घंटों में इस तरह का यह दूसरा हमला है। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि रविवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर जलडमरूमध्य में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा के पास एक टैंकर को निशाना बनाया गया था। सेना ने कहा कि टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ है। सेना के केंद्र ने कहा कि चालक दल सुरक्षित हैं। पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ा है। रविवार को जलडमरूमध्य में एक अन्य जहाज पर भी हमला हुआ था।

अमेरिकी पोत पर ईरानी हमले के दावे खारिज

दुबई। अमेरिकी सेना ने सोमवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि ईरान ने उसके नौसैन्य पोत पर हमला किया है। अमेरिका फारस की खाड़ी के निकटवर्ती क्षेत्र में सक्रिय है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को रास्ता देने तथा ईरान द्वारा उन जहाजों पर नाकेबंदी को हटाने की पेशकश कर रहा है जिन्हें नौवहन की अनुमति प्राप्त नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण-पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एक पोत पर हमला किया, और उस पर समुद्री सुरक्षा और नौवहन मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी झंडे वाले दो जहाज होर्मुज से गुजरे

दुबई। अमेरिकी सेना ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के झंडे वाले दो वाणिज्यिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सफलतापूर्वक गुजरे हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई, जब होर्मुज से वाणिज्यिक जहाजों के सुरक्षित आवागमन को लेकर तनाव बढ़ गया है।

जब्त ईरानी जहाज के चालक दल को पाकिस्तान पहुंचाया

इस्लामाबाद। अमेरिका ने अपने सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी जहाज पर हिरासत में रखे गए चालक दल के 22 सदस्यों को विश्वास-बहाली उपाय के तहत पाकिस्तान भेज दिया है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स समूह के जहाज एमवी टौस्का को 19 अप्रैल को ओमान की खाड़ी में ईरान के चाबहार बंदरगाह के तट पर अमेरिकी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इस जहाज पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा, अमेरिका द्वारा विश्वास बढ़ाने के उपाय के रूप में, जब्त किए गए ईरानी कंटेनर जहाज एमवी टौस्का पर बंधक बनाए गए चालक दल के 22 सदस्यों को पाकिस्तान लाया गया है।

एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कई छात्रों के परिवारों से लिए थे 20 से 30 लाख रुपये**

दिल्ली पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर कथित रूप से ठगी करता था। इस बाबत संदिग्ध सरगना और एक डॉक्टर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि तीन मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2026 परीक्षा से पहले कुछ नाबालिग समेत 18 विद्यार्थियों को इन ठगों के चंगुल से बचाया। आरोपी उन्हें प्रश्न उपलब्ध कराने के बहाने अज्ञात स्थानों पर ले जा गए थे।

आरोप है कि फर्जी प्रश्न पत्र पिछले वर्षों की सामग्री और कोचिंग संस्थानों की सामग्री का उपयोग करके बनाए गए थे। आरोपियों ने छात्रों के परिवारों से कथित रूप से 20 से 30 लाख रुपये की मांग की और मेडिकल कॉलेजों में सीट दिलाने की गारंटी देते हुए कुछ पैसा ले भी लिया। अधिकारी ने बताया कि सूरत पुलिस से दो मई को सूचना मिली कि दिल्ली में एक संदिग्ध गिरोह नीट के माध्यम से मेडकिल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का दावा कर रहा है जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई और तकनीकी निगरानी के आधार पर जांचकर्ता महिपालपुर एक्सटेंशन के कई होटलों की तलाशी ली। होटल में ठहरे चार आरोपियों को पकड़ा।

तेजाब हमले चिंता का विषय, सजा बढ़ाने पर विचार करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब पीड़िता की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार को दिए निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने बर्बर तेजाब हमलों के मामलों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए सोमवार को केंद्र से ऐसे अपराधों के लिए सजा बढ़ाने पर विचार करने और बेगुनाही साबित करने का भार आरोपी पर डालने का सुझाव दिया। आपराधिक न्यायशास्त्र के तहत, जब तक कानून में अन्य प्रावधान नहीं हों, आरोपी के खिलाफ दोष साबित करने का भार अभियोजन पक्ष पर होता है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि उपयुक्त संशोधन होने तक, जिन लोगों को जबरन तेजाब पिलाया गया हो या जिन्हें बाहरी विकृति के बिना आंतरिक चोटें आई हों, वे दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत तेजाब हमलों के पीड़ितों के दायरे में आएंगे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह स्पष्टीकरण 2016 के अधिनियम के लागू होने के समय से ही शामिल माना जाएगा। पीठ ने कहा कि यदि संबंधित मंत्रालय औपचारिक रूप से इस संशोधन को अधिसूचित करता है तो इसका स्वागत किया जाएगा।

अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे भारत-बांग्लादेश

- **बांग्लादेश के विदेशमंत्री से मिले भारतीय उच्चायुक्त**

ढाका। बांग्लादेश में भारत के निवर्तमान उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को यहां विदेश मंत्री कहलिलुर रहमान से भेंट की जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भविष्य में दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर बनाने की उम्मीद जतायी। भारतीय उच्चायोग के बयान का हवाला देते हुए सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने कहा है कि भारतीय उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से ढाका में विदेश मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भविष्य में दोनों देशों के बेहतर संबंधों को लेकर उम्मीद जतायी। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत करने और आगे बढ़ाने पर भरोसा जताया। वर्मा ने भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया कि वह बांग्लादेश की जनता और सरकार के साथ मिलकर काम करेगा ताकि दोनों देशों के विकास की प्राथमिकताओं और आपसी हित तथा लाभ के आधार पर सभी क्षेत्रों में जन केंद्रित सहयोग को और मजबूत किया जा सके। एजेंसी की खबरों में कहा गया है कि रहमान ने 21 सितंबर, 2022 को बांग्लादेश में उच्चायुक्त का पद संभालने वाले वर्मा का धन्यवाद किया और उनके कार्यकाल के दौरान दोनों पड़ोसी देशों के संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उनकी सराहना की।

पक्षियों का जीपीएस

क्रिप्टोक्रोम के सहारे करते मीलों का सटीक सफर

न्यूज डिकोडर

हर साल, करोड़ों पक्षी बिना नक्शे या स्मार्टफोन के हजारों मील का सफर तय करते हैं और ठीक उसी जगह पहुंचते हैं जहां उनके पूर्वज गए थे। वर्षों तक वैज्ञानिकों के लिए यह एक पहेली थी कि ये नन्हे जीव समुद्रों, पहाड़ों और घने जंगलों के ऊपर से उड़ते हुए अपना रास्ता कैसे खोज लेते हैं। हालिया शोधों ने एक क्रांतिकारी सच्चाई को उजागर किया है। पक्षी केवल दिशा का अनुमान नहीं लगाते, बल्कि वे पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को अपनी आंखों से देख सकते हैं। इस अद्भुत क्षमता के पीछे क्रिप्टोक्रोम नामक विशेष प्रोटीन है। यह प्रोटीन पक्षियों की रेटिना में पाया जाता है और नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होता है।

यह कोई साधारण दृष्टि नहीं

यह क्वांटम भौतिकी के सिद्धांतों पर आधारित एक जटिल प्रक्रिया है। जब प्रकाश की किरणें पक्षी की आंख में प्रवेश करती हैं, तो क्रिप्टोक्रोम सक्रिय हो जाता है, जिससे उनके मस्तिष्क में एक दृश्य मानचित्र उभरता है। यह मानचित्र उन्हें उत्तर और दक्षिण दिशा के बीच के सूक्ष्म चुंबकीय अंतर को पहचानने में मदद करता है। कल्पना कीजिए कि आपके चश्मे पर एक ऐसी परत चढ़ी हो जो आपको हवा में तैरती अदृश्य रेखाएं दिखा दे, पक्षियों के लिए पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र ठीक वैसा ही है। यह क्षमता उन्हें घने कोहरे या अंधेरी रातों में भी रास्ता भटकने नहीं देती। पक्षियों का यह 'जैविक जीपीएस' न केवल जीव विज्ञान, बल्कि भविष्य की नेविगेशन तकनीक के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

नेविगेशन के अन्य सहयोगी कारक

- सौर और नक्षत्र नेविगेशन : दिन में सूरज और रात में तारों की स्थिति
- घ्राण शक्ति : कुछ पक्षी गंध के जरिए अपने घोंसले पहचानते हैं।
- चोंच में आयरन : कई पक्षियों की चोंच में मैग्नेटाइट के कण पाए जाते हैं, जो चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता मापने में मैग्नेटोमीटर की तरह काम करते हैं।

क्रिप्टोक्रोम क्या है

- क्रिप्टोक्रोम प्रोटीन का एक परिवार है जो पौधों से लेकर मनुष्यों तक लगभग सभी जीवित जीवों में पाया जाता है। पौधों में यह प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देता है, जबकि मनुष्यों में यह हमारी सर्केडियन रिदम (सोने-जागने का चक्र) को नियंत्रित करता है। हालांकि पक्षियों (विशेषकर प्रवासी पक्षियों जैसे 'यूरोपीय रॉबिन') में क्रिप्टोक्रोम 4 नामक एक विशेष संस्करण विकसित हुआ है जो चुंबकीय संवेदनशीलता के लिए जिम्मेदार माना जाता है।

यह कैसे काम करता है

- क्वांटम एंटैंगलमेंट का खेल पक्षियों की दृष्टि साधारण कैमरों जैसी नहीं होती। क्रिप्टोक्रोम के भीतर होने वाली प्रक्रिया को रैडिकल पेयर मैकेनिज्म कहा जाता है।
- प्रकाश का प्रभाव : जब नीली रोशनी पक्षी की आंख पर पड़ती है, तो वह क्रिप्टोक्रोम के एक इलेक्ट्रॉन को उत्तेजित कर देती है।
- रैडिकल पेयर का निर्माण : यह उत्तेजना दो अलग-अलग अणुओं के बीच एक क्वांटम संबंध बनाती है।
- चुंबकीय प्रतिक्रिया : ये अणु पृथ्वी के अत्यंत कमजोर चुंबकीय क्षेत्र के प्रति भी बहुत संवेदनशील होते हैं। चुंबकीय क्षेत्र के कोण के आधार पर, इन अणुओं के रासायनिक गुणों में बदलाव आता है।
- दृश्य संकेत : मस्तिष्क इन रासायनिक परिवर्तनों को 'प्रकाश और छाया' के पैटर्न के रूप में पढ़ता है, जिससे पक्षी को दिशा का आभास होता है। है।

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र

- पृथ्वी के ध्रुवों से निकलने वाली चुंबकीय रेखाएं पूरे ग्रह को घेरे रहती हैं। पक्षी इन रेखाओं की 'तीव्रता' और 'झुकाव' दोनों को महसूस कर सकते हैं।
- इन्क्लिनेशन कंपास : पक्षी यह पहचान लेते हैं कि चुंबकीय रेखाएं सतह के सापेक्ष किस कोण पर हैं।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। धन-संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे। रात के समय सड़क यात्रा करने से बचें।

वृष आज कार्यक्षेत्र के विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

मिथुन आज व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा। पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है।

कर्क आज व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिए। शेयर और जोखिम भरे निवेशों से थोड़ी परेशानी होगी। यात्रा के कारण थकान रहेगी।

सिंह आज व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

कन्या आज मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

तुला आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ाएंगे।

वृश्चिक आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। संपत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है।

धनु आज स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना बन रही है। नए दोस्तों पर अधिक विश्वास न करें। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

मकर आज नकदी की समस्या दूर होने की संभावना है। व्यवसाय में धन-लाभ प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण वस्तुओं को संभालकर रखें।

कुंभ आज आपकी सलाह दूसरों के लिए हितकारी रहेगी। आपकी कलात्मक क्षमताओं का विकास होगा। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं।

मीन आज नए कार्यों को आरंभ करने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा।

प्रतिरक्षा तैयारी

प्रयागराज के न्यू कैंट क्षेत्र में नॉर्थ टेक सिंपोजियम के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखाई भारत की सैन्य क्षमताएं

नई दिल्ली/प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोजियम के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तरी कमान के जेओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और अन्य।

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ से कुछ दिन पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अभियान को भारतीय सेना द्वारा उन्नत तकनीक का उपयोग करके आतंकी समूहों और उनके आकाओं पर निर्णायक प्रहार करने का एक अद्वितीय उदाहरण बताया।

प्रयागराज में न्यू कैंट क्षेत्र में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोजियम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने धैर्य दिखाते हुए आतंकी ढांचे को नष्ट करने में दक्षता दिखाई। इस अभियान ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की क्षमताओं का एहसास कराया। भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। इन हमलों के कारण चार दिन तक भीषण सैन्य संघर्ष हुआ और इसे 10 मई को रोकने पर सहमति बनी। सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को जो निर्णायक जवाब दिया, उससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ। अच्छी बात थी कि हमने धैर्य दिखाया और केवल आतंकवादियों को तबाह किया, अन्यथा, पूरी दुनिया जानती है कि हमारे सशस्त्र बल क्या करने में सक्षम हैं। रक्षा मंत्री ने इस अभियान को तकनीक के उपयोग का एक अनूठा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आकाश और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों के साथ-साथ कई नवीनतम उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। सिंह ने कहा कि इससे साबित होता है कि हमारी सेनाएं बदलावों को समझती हैं और आत्मविश्वास के साथ उनका उपयोग करती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में प्रद्योगिकी जबरदस्त ढंग से बदल रही है और मानव इतिहास में शायद ही कभी इतनी अधिक तेजी से प्रौद्योगिकी बदली है।

अमेरिका में पार्टी में हुई गोलीबारी 12 लोग घायल

एडमंड। अमेरिका के ओक्लाहोमा सिटी के पास एक झील पर आयोजित पार्टी में रविवार रात हुई गोलीबारी में कम से कम 12 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडमंड पुलिस की प्रवक्ता एमिली वार्ड ने बताया कि रात करीब नौ बजे आर्केडिया झील के पास युवाओं के एक जमावड़े में गोली चलने की सूचना मिली। उन्होंने रविवार देर रात बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह बेहद भयावह स्थिति है और हम जनता तथा प्रभावित लोगों की चिंता को समझते हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 5 मई, मंगलवार 2026 संवत- 2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी पूर्ण रात्रि।

दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-ज्येष्ठा 12 .55 तक तत्पश्चात मूल।

सुडोकू - 139 का हल

8	7	9	2	4	6	1	3	5
6	5	3	7	9	1	4	8	2
1	2	4	3	8	5	6	9	7
4	8	2	5	7	9	3	6	1
5	3	1	6	2	8	7	4	9
7	9	6	1	3	4	2	5	8
9	1	7	4	5	3	8	2	6
3	6	5	8	1	2	9	7	4
2	4	8	9	6	7	5	1	3

सुडोकू -140

	4	6						
		7	5					4
		9		2		8		
4						7		8
			3		7			
5		8						2
		4		6		3		
8		3			9	4		6
	1					9	8	

गुजरात टाइटंस ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।
–जेसन होल्डर

स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 5 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
चेन्नई सुपर किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

मार्श और पूरन की तूफानी पारियों से लखनऊ ने दिया 229 रनों का लक्ष्य

आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

मुंबई, एजेंसी

निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 228 रन बनाए। पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाइंट्स को ठोस मंच प्रदान किया।

हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे।

मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के मिचेल मार्श। एजेंसी

उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे। मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे। बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को दोहरा झटका दिया। कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए। अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाने के बाद रघु सिंह की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 160 रन हो गया। हिम्मत सिंह ने धीमी शुरुआत के बाद गजनफर की गेंद पर लगातार गेंद पर छक्का और चौका जड़ा और फिर रघु पर चौके के साथ 17वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। सुपर जाइंट्स की टीम अंतिम तीन ओवर में 22 रन ही जुटा सकी।

लखनऊ सुपर जाएंट्स

228/5 (20 ओवर)

मिचेल मार्श का नमन बो बॉश	44
जोश इंग्लिस का सूर्यकुमार बो गजनफर	13
निकोलस पूरन का रिकेल्टन बो बॉश	63
ऋषभ पंत का रिकेल्टन बो जैक्स	15
एडेन मार्करम नाबाद	31
अक्षत रघुवंशी का एवं बो रघु	11
हिम्मत सिंह नाबाद	40

अतिरिक्त : 11, **विकेट पतन :** 1-29, 1-123, 3-125, 4-148, 5-160, **गेंदबाजी :** चाहर 4-0-43-0, बुमराह 4-0-45-0, गजनफर 4-0-50-1, जैक्स 2-0-34-1, बॉश 2-0-20-2, रघु 4-0-36-1

मुंबई इंडियंस ने बीच में बदला कप्तान रोहित की वापसी

मुंबई। खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या सोमवार को पीठ में जकड़न के कारण लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम से बाहर हो गए जबकि रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है। भारत के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए आए और बताया कि वह बीमार पंड्या की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। टीम के बयान में कहा गया हार्दिक पंड्या पीठ में खिंचाव के कारण अस्वस्थ हैं इसलिए आज के मैच के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर पंड्या के लिए आईपीएल 2026 भुला देने वाला रहा है।

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	9	6	2	1	13	0.855
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	9	6	3	0	12	1.420
3.	सनराइजर्स हैदराबाद	9	6	4	0	12	0.644
4.	राजस्थान रॉयल्स	10	6	4	0	12	0.510
5.	गुजरात टाइटंस	10	6	4	0	12	-0.147
6.	चेन्नई सुपर किंग्स	9	4	5	0	8	0.005
7.	दिल्ली कैपिटल्स	9	4	5	0	8	-0.895
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	9	3	5	1	7	-0.539
9.	मुंबई इंडियंस	9	2	7	0	4	-0.803
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	8	2	6	0	4	-1.106

ऑरेंज कैप

- **अभिषेक शर्मा** हैदराबाद -440 रन
- केएल राहुल दिल्ली-433 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-425 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट

धोनी के बारे में जानकारी देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर, वह लगातार कर रहे सुधार : सिमंस

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार को कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच के लिए टीम के साथ नहीं आए हैं, लेकिन उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। इस सत्र का आधे से अधिक हिस्सा बीत चुका है और सीएसके अपना 10वां मैच खेलने जा रही है। टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से हर सत्र में 44 वर्षीय इस महान भारतीय खिलाड़ी के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। सिमंस मंगलवार को यहां खेले जाने वाले मैच से एक दिन पहले मीडिया से बातचीत के लिए पहुंचे, तो पहला सवाल धोनी के बारे में ही पूछा गया। धोनी पिछले कुछ दिनों से नेट सत्र में बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। सिमंस ने कहा धोनी को लेकर अपडेट (जानकारी) देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह इस समय हमारे साथ दिल्ली में नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह कब खेलने के लिए तैयार होंगे, यह उन्हें खुद बेहतर पता है। गेंदबाजों के प्रदर्शन पर बात करते हुए सिमंस ने अंशुल कंबोज की जमकर सराहना की। कंबोज ने खेल के हर चरण में प्रभावित किया है और 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। सिमंस ने कहा अंशुल ने शानदार प्रदर्शन किया है। आज आप जिस अंशुल को देख रहे हैं, वह केवल इस सत्र का परिणाम नहीं है। उसने पिछले साल से ही इसकी शुरुआत कर दी थी। हमने कुछ चीजों पर काम किया था। उसने घरेलू सत्र में अपनी गेंदबाजी के कोण और यॉर्कर की सटीकता पर खास काम किया।

हाईलाइट

मियामी फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स ऑटो रेस के बाद विनर्स पोडियम पर दूसरे स्थान पर रहने वाले ब्रिटेन के मैकलारेन ड्राइवर लैंडो नोरिस (बाएं); पहले स्थान पर रहने वाले इटली के मर्सिडीज ड्राइवर किमी एंटोनेली (दाएं से दूसरे) और तीसरे स्थान पर रहने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैकलारेन ड्राइवर ऑस्कर पियास्त्री (दाएं)। एजेंसी

पेशावर ने पीएसएल का खिताब जीता

लाहौर। आरोन हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पेशावर जाल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को फाइनल में पांच विकेट से हराकर 2017 के बाद पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। हार्डी ने 27 रन देकर चार विकेट लिए जिससे पेशावर ने हैदराबाद को 18 ओवर में केवल 129 रन पर आउट कर दिया। पेशावर की तरफ से साइम अयूब (54) ने जुझारू अर्धशतक बनाया। इसके बाद हार्डी ने 39 गेंदों पर 56 रन की नाबाद पारी खेली जिससे पेशावर ने गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 15.2 ओवर में पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। पेशावर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने चार विकेट 40 रन पर खो दिए। इनमें कप्तान बाबर आजम का विकेट भी शामिल था जो खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद हार्डी ने अब्दुल समद (46) के साथ पांचवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिलाई।

चोटिल फिल साल्ट स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।

भारतीय तीरंदाजों के सामने शंघाई विश्व कप में कड़ी चुनौती

- **खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से जूझ रही टीम**

शंघाई, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले विश्व कप के दूसरे चरण में खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से घिरे माहौल में उतर रही है। इस विश्व कप में मजबूत टीमों की मौजूदगी और इस साल होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल तेजी से नजदीक आ रहे हैं, लेकिन भारत की तैयारी बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं दिख रही है।

सत्र की शुरुआत मेक्सिको में हुए विश्व कप के पहले चरण से हुई, जहां भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू महिलाओं की कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक था। दक्षिण कोरिया जैसी दिग्गज टीम की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय रिकर्व तीरंदाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। यह प्रदर्शन हकीकत का आईना साबित हुआ, जहां तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत जैसे बड़े नाम भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। पुरुष रिकर्व टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई। महिला टीम ने शुरुआती मुकाबला जीता, लेकिन क्वार्टर फाइनल में तुर्की से हार गई। व्यक्तिगत स्पर्धा में देश की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी दूसरे दौर में ही बाहर हो गईं, जबकि अंकिता, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़ तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद भारतीय तीरंदाजी महासंघ ने शुरुआती विश्व कप के इस चरण के लिए भी वही टीम बरकरार रखी है। एशियाई खेलों और आगामी विश्व कप चरणों के लिए चयन ट्रायल 15 मई से सोनीपत में प्रस्तावित हैं। शंघाई में एक बार फिर भारत को अनुभवी लेकिन फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों पर निर्भर रहना होगा।

भारतीय टीम

रिकर्व पुरुष : तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे। **रिकर्व महिला :** दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़। **कंपाउंड पुरुष :** अभिषेक वर्मा, कुशल दलाल, ओजस देवताले और साहिल जाधव। **कंपाउंड महिला :** ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी, प्रगति और मधुरा धमांगांवकर।

घरेलू मैदान का लाभ लेना चाहेगा दिल्ली

- **चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबला आज**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उसने इससे पहले जो तीन मैच गंवाए थे उनमें से दो हार उसे घरेलू मैदान पर मिलीं थी।

कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

अभ्यास सत्र के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल। एजेंसी

जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा। आप हमेशा परिस्थितियों को बदल सकते हैं।

टीम

दिल्ली कैपिटल्स : अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

विशेष शिविर

आयरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेविड विलियम्सन ने दिए टिप्स

महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों का निखरा कौशल

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किंडो ने आयरलैंड के डेविड विलियम्सन द्वारा आयोजित एक विशेष गोलकीपिंग शिविर में हिस्सा लिया।

यह शिविर मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित किया गया था और दो मई को यहां साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में समाप्त हुआ। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के 'आनंदना' के सहयोग से आयोजित यह 11 दिवसीय शिविर 22 अप्रैल को शुरू हुआ था जिसमें गोलकीपरों को केंद्रित और उच्च-प्रदर्शन वाला प्रशिक्षण दिया गया। विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के एक अत्यंत अनुभवी फील्ड हॉकी कोच और पूर्व खिलाड़ी हैं। वह एक जाने-माने गोलकीपिंग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है। सीनियर गोलकीपरों सविता, बिचू देवी, बंसरी और माधुरी ने इन सत्र में भाग लिया जिससे उन्हें तकनीकी बुनियादी बातों, निर्णय लेने की क्षमता, रक्षात्मक पहलुओं और मैच की स्थितियों में रणनीतिक जागरूकता पर गहनता से ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही है।

बहुत कुछ सीखने को मिला : सविता

गोलकीपरों के लिए ऐसे केंद्रित शिविरों के लाभ के बारे में बात करते हुए सविता ने कहा, एक गोलकीपर होने के नाते मैंने हमेशा यह अनुभव किया है कि इस तरह के शिविर आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं। साथ ही आपके कौशल को निखारते और बेहतर बनाते हैं। हम ट्रेनिंग के दौरान मैच जैसी स्थितियां बनाते हैं और उन पर खूब चर्चा करते हैं। इसलिए ये विशेष शिविर हमेशा महत्वपूर्ण होते हैं। शिविर में अपने अनुभव को साझा करते हुए सविता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि उन्होंने युवा गोलकीपरों का मार्गदर्शन करने की भूमिका को किस तरह अपनाया।

इंटर मिलान ने इटालवी लीग का खिताब जीता

मिलान। इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन दौर के मैच शेष रहते ही इटालवी लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया।

इंटर मिलान को ट्रॉफी हासिल करने के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। उसने परमा पर जीत से 2025 के चैंपियन और दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है। वह सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में युवेंटस (36) के बाद दूसरे स्थान पर है।

इंटर मिलान की तरफ से पहला गोल पहले हाफ में मार्कस थुरम ने किया जबकि 37 वर्षीय हेनरिक मखितार्यान ने 80वें मिनट दूसरा गोल दागा।

शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि पर जताई नाखुशी

पेरिस, एजेंसी

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरीना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर 'अपनी गहरी निराशा' व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं।

खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल विजेताओं को 600,000 यूरो और मिश्रित युगल चैंपियन को 122,000 यूरो मिलेंगे। खिलाड़ियों ने हालांकि बयान में कहा असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था। इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

ROLAND GARROS
PARIS

खिलाड़ियों की मांग

खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।